चैत्र शुक्ल पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 13 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 18, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



सैनिक के कटे हाथ को जोड़ने में मिली सफलता 16

भोजपुरी फिल्म 'डंस' की शूटिंग मुम्बई में जारी 15

कुत्तों ने बच्ची को नोचकर मार डाला

संवाददाता, गजरौला (अमरोहा)

- गांव बहलोलपुर में ईंट भट्ठे के पास हुई घटना, घायल बच्ची ने जिला अस्पताल में तोड़ा दम

अमृत विचार : गांव बहलोलपुर स्थित ईंट भट्ठे के मजदूर की चार साल की बेटी को कुत्तों ने नोचकर घायल कर दिया। बच्ची को परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उसे जिला अस्पताल ले जाया गया वहां उसकी मौत हो गई।

परिजनों ने बताया कि हसनपुर क्षेत्र के गांव गंगेश्वरी के टिंकू बहलोलपुर के ईंट भट्ठे पर काम करता है और वहीं परिवार के साथ रहता है। शुक्रवार सुबह टिंकू की पत्नी कमलेश चार वर्षीय बेटी दिव्यांशी को खेत ले गई। वह उसे खेत में बैठाकर पानी लेने के लिए भट्ठे पर आ गई। इस बीच भट्ठा ठेकेदार टीटू ईंट बनाने वाले स्थान की ओर गया तो वहां सात-आठ कुत्ते बच्ची को नोच रहे थे। कुत्तों ने उसके सारे शरीर पर जख्म कर दिए। खून से लथपथ बच्ची को परिजन सीएचसी ले गए। जहां से चिकित्सक ने उसको जिला अस्पताल भेज दिया जहां देर शाम बच्ची की मौत हो गई।

बच्ची के गाल का मांस नोच ले गया गीदड़ हालत गंभीर

चन्दौसी। बिलारी क्षेत्र के गांव जरगांव में अवधेश की तीन वर्षीय बच्ची आरूषी पर गीदड़ ने हमला कर गाल का मांस नोच लिया। हादसे के वक्त परिजन गेहूं की कटाई कर रहे थे, बच्ची पेड़ के नीचे बैठी थी। घायल बच्ची को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से डाक्टरों ने हायर सेंटर भेज दिया। बच्ची की दादी वीरवती ने बताया कि शुक्रवार सुबह घरवाले गेहूं की कटाई कर रहे थे। बच्ची पेड़ के नीचे बैठी थी। गीदड़ वहां आया और आरूषी पर हमला कर दिया।

के. कविता 15 अप्रैल तक सीबीआई की हिरासत में

नई दिल्ली, एजेंसी

आबकारी घोटाला

दिल्ली की एक अदालत ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को शुक्रवार को कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले के मामले में 15 अप्रैल तक सीबीआई की हिरासत में भेज दिया।

विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने सीबीआई और कविता के वकील की दलीलें सुनने के बाद आदेश जारी किया। सीबीआई ने कविता (46) को तिहाड़ जेल में बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया था, जहां उन्हें कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में ईडी द्वारा उनकी गिरफ्तारी के बाद रखा गया है। सीबीआई ने कविता को आईपीसी की धारा 120-बी के साथ धारा 477-ए (खातों में हेराफेरी) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 (लोक सेवक को रिश्वत देने के आरोप में) के तहत गिरफ्तार किया।

इजराइल और ईरान न जाएं भारतीय

नई दिल्ली/तेल अवीव, एजेंसी

- सीरिया में 11 दिन पहले ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हमले के बाद दोनों देशों में बढ़ते तनाव पर सरकार ने दी सलाह

सीरिया में 11 दिन पहले ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हमले के बाद दोनों देशों में बढ़ते तनाव के बीच भारत ने शुक्रवार को अपने नागरिकों से ईरान और इजराइल की यात्रा नहीं करने को कहा।

अब और भारतीयों को काम के लिए इजराइल जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इससे पहले 64 भारतीय श्रमिकों का जत्था महीने की शुरुआत में इजराइल रवाना हुआ था और भारत से 6,000 से अधिक श्रमिकों को अप्रैल और मई में इजराइल जाना था। दमिश्क में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर हमले के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ रहा है। ईरान ने हमले के लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराया है और तेल अवीव से इस तरह की खबरें हैं कि इजराइली बल किसी अप्रिय स्थिति से निपटने की तैयारी कर रहे हैं।

विदेश मंत्रालय ने एक परामर्श में ईरान और इजराइल में रहने वाले भारतीयों को सलाह दी है कि अपनी सुरक्षा के बारे में सतर्कता बरतें। उसने कहा कि मौजूदा स्थिति के मद्देनजर भारतीयों को सलाह दी जाती है कि अगले नोटिस तक ईरान या इजराइल की यात्रा नहीं करें। जो ईरान या इजराइल में रह रहे हैं, उनसे अनुरोध है कि वे भारतीय दूतावासों से संपर्क करें और पंजीकरण कराएं। कुछ देर बाद इजराइल में भारतीय दूतावास ने भारतीयों से कहा कि अनावश्यक यात्रा से बचें। साथ ही अधिकारियों द्वारा जारी सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करने की सलाह दी जाती है। उसने कहा कि दूतावास इजराइल के अधिकारियों के साथ संपर्क में है ताकि हमारे नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। दूतावास ने अभी तक पंजीकरण नहीं कराने वाले अपने नागरिकों से दिए गए लिंक पर इस प्रक्रिया को पूरी करने को कहा है।

एक नजर

नामांकन को मनमाने तरीके से रद करने पर रोक के लिए याचिका

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों को रद करने में निर्वाचन अधिकारियों (आरओ) द्वारा विवेकाधिकार के मनमाने प्रयोग पर रोक लगाने के लिए निर्वाचन आयोग को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा 36 में चुनाव के दौरान आरओ द्वारा नामांकन पत्रों की जांच किए जाने का प्रावधान है और इस अधिनियम की उपधारा चार में कहा गया है कि आरओ किसी नामांकन पत्र को किसी ऐसी त्रुटि के आधार पर रद नहीं करेगा जो गंभीर प्रकृति का नहीं हो। बिहार की बांका सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन पत्र आरओ द्वारा खारिज किये जाने के बाद जवाहर कुमार झा ने शीर्ष अदालत का रुख किया और नामांकन पत्र को खारिज किये जाने को चुनौती दी।

शिक्षक भर्ती घोटालों में 365 की संपत्ति कुर्क : ईडी

नई दिल्ली। ईडी ने कहा कि उसने पश्चिम बंगाल के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती में कथित अनियमितताओं से जुड़ी दो अलग-अलग धनशोधन जांच के तहत अब तक 365 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क कर ली है। ईडी ने कहा कि उसने राज्य में सहायक शिक्षक भर्ती 'घोटाले' के सिलसिले में पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) के एक पूर्व सलाहकार और एक कथित बिचौलिए की 230 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त करने के लिए धन शोधन रोधी कानून के तहत एक नवीनतम आदेश जारी किया है।

15 को जेल में केजरीवाल से मिलेंगे मुख्यमंत्री मान

नई दिल्ली। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान 15 अप्रैल को तिहाड़ जेल में आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल से मिलेंगे। जेल अधिकारियों ने बताया कि दोपहर बाद कड़ी सुरक्षा में 'मुलाकात जंगला' में यह मुलाकात होगी, क्योंकि मान को जेड प्लस सुरक्षा मिली है। गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल से सुनीता और उनके पूर्व निजी सचिव बिभव कुमार ने तीन बार मुलाकात की है। तिहाड़ में केजरीवाल के साथ मान की संभावित मुलाकात के दौरान सुरक्षा को लेकर जेल, दिल्ली एवं पंजाब पुलिस के अधिकारियों ने शुक्रवार को चर्चा की।

मोदी बोले-आंबेडकर खुद आ जाएं तो भी संविधान खत्म नहीं कर सकते

भाजपा पर संविधान को नष्ट करने के विपक्ष के आरोपों पर किया पलटवार

जयपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के संविधान को केंद्र सरकार के लिए गीता, रामायण, महाभारत एवं कुरान करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि बाबा साहब आंबेडकर खुद आ जाएं तो भी संविधान खत्म नहीं कर सकते। मोदी ने भाजपा पर संविधान को नष्ट करने के विपक्ष के आरोपों पर पलटवार करते हुए यह बात कही।

- बाड़मेर की चुनावी रैली में कहा- देश को कमजोर कर रही है कांग्रेस

उन्होंने कहा, सब कुछ हमारे लिए हमारा संविधान ही है। वह सीमावर्ती बाड़मेर में भाजपा की चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस देश-विरोधी ताकतों के साथ खड़ी है। उन्होंने देश को कमजोर करने की कोशिश के लिए विपक्षी ''इंडिया'' गठबंधन पर हमला बोला। रैली का आयोजन बाड़मेर लोकसभा सीट पर पार्टी के उम्मीदवार और केंद्रीय राज्य मंत्री कैलाश चौधरी के समर्थन में किया गया था। मोदी ने कहा, एससी, एसटी, ओबीसी भाइयों के साथ दशकों तक भेदभाव करने वाली कांग्रेस आजकल एक पुरानी रेकार्ड बजा रही है। जब भी चुनाव आता है संविधान के नाम पर झूठ बोलना ''इंडी एलायंस'' के सभी साथियों का फैशन बन गया है। उन्होंने कहा, जिस कांग्रेस ने बाबा साहब के जीते जी उन्हें चुनाव हरवाया, जिसने बाबासाहेब को भारत रत्न नहीं मिलने दिया... जिस कांग्रेस ने देश में आपातकाल लगाकर संविधान को खत्म करने की कोशिश की, आज वही कांग्रेस मोदी को गाली देने के लिए संविधान के नाम पर झूठ की आड़ ले रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, यह मोदी है जिसने देश में पहली बार संविधान दिवस मनाना शुरू किया है। इन कांग्रेस वालों ने संविधान दिवस मनाने का विरोध किया था। संसद में उनका भाषण है। क्या यह बाबा साहब और संविधान का अपमान है या नहीं? इतना ही नहीं यह मोदी ही है जिसने बाबा साहब से जुड़े पंच तीर्थों का विकास किया। उन्होंने कहा,'' इसलिए बाबा साहब और संविधान का अपमान करने वाले कांग्रेस एवं इंडी अलायंस के झूठों से, उनकी गप्पबाजी से सावधान रहने की जरूरत है। ...और कांग्रेस वाले सुन लें कि ये 400 सीट की बात जनता ने इसलिए की है क्योंकि आपने दस साल संसद में मुझे अच्छे काम करने से रोकने की लगातार कोशिश की। इसलिए देश आपको सजा देना चाहता है। और उसने साफ कर देने का मन बना लिया है।

राम मंदिर कभी चुनावी मुद्दा न था और न कभी होगा :मोदी

उधमपुर (जम्मू एवं कश्मीर)। अयोध्या में राम मंदिर को भाजपा के लिए चुनावी मुद्दा बताने को लेकर विपक्षी खेमे पर तीखा हमला करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि यह देश के लोगों के लिए आस्था का विषय है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगियों की मानसिकता की तुलना मुगलों से की और कहा कि उन्हें मंदिरों में तोड़फोड़ करके मजा आता था। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार अपने वोट बैंकों को मजबूत करने के लिए सावन के महीने के दौरान मांस पकाने के वीडियो दिखाकर विपक्षी नेता बहुसंख्यक समुदाय को चिढ़ाने का काम करते हैं। उनका कहना है कि राम मंदिर भाजपा के लिए चुनावी मुद्दा है। यह कभी चुनावी मुद्दा न था और न कभी चुनावी मुद्दा होगा। मोदी ने कहा कि राम मंदिर आंदोलन तब शुरू हुआ था जब भाजपा का जन्म ही नहीं हुआ था। उन्होंने कहा, ''यह उस समय का मुद्दा था जब अंग्रेज आने वाले थे। यह 500 साल पुराना मामला है जब चुनाव के बारे में कोई विचार ही नहीं था। प्रधानमंत्री ने कहा कि मंदिर सहिष्णुता की जीत है। उन्होंने कहा, ''यह 500 साल के लंबे इंतजार के बाद मिली जीत है।

अखिलेश ने किया भाजपा पर सियासी हमला

किसानों पर थार चढ़ाने वालों को दिया जा रहा सम्मान

संवाददाता, पूरनपुर (पीलीभीत)

अमृत विचारः समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि जो लोग किसानों के पक्ष में थे, नौजवानों की बात उठा रहे थे और किसान की आवाज में अपनी आवाज को जोड़ रहे थे, उन्हें तो भाजपा ने पीछे कर दिया। सुनने में आया है कि उन्हें तो मंच पर भी जगह नहीं मिल रही। जो किसानों पर थार चला रहे थे उन्हें सम्मान दे दिया गया। भाजपा को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि जो 14 में आए थे, अब 24 में चले जाएंगे। उत्तर प्रदेश के लोग अगर स्वागत अच्छा करते हैं तो विदाई भी धूमधाम से करेंगे।

- पूरनपुर की जनसभा में कहा- यूपी के लोग स्वागत अच्छा करते हैं तो विदाई भी धूमधाम से करेंगे

पूरनपुर में शुक्रवार को हुई चुनावी जनसभा में अखिलेश यादव ने स्थानीय से लेकर राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर सियासी वार किए। उन्होंने कहा कि पीलीभीत सीट पर गठबंधन प्रत्याशी भगवतसरन गंगवार से भाजपा के नेता घबराए हुए हैं। बड़े नेताओं से लेकर लखनऊ तक के नेता पीलीभीत के चक्कर काट रहे हैं। पीलीभीत का नाम सुनते ही घबराहट के चलते उनके चेहरे पीले पड़ जाते हैं। उन्होंने रोजगार, स्वास्थ्य और किसानों की समस्याओं को भी उठाया। भाजपा को अपनी हार नजर आने लगी है। भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद को लेकर कहा कि कोई नया आया है प्रत्याशी, जो कह रहा है कि हमें अगर पहले पता होता कि चुनाव लड़ना है तो हम मुंबई बना देते पीलीभीत को। ये कौन सी बात है भाई? हम उनसे कहते हैं कि इसको मुंबई मत बनाओ। मुंबई का जो काम होता है थोड़ा वही करके दिखा दो यहां पर। बोले- ये कई दल घूम आए हैं। इन्हें सड़क मंत्री बना दिया गया है। पीलीभीत की सब सड़कें गड्ढा मुक्त हो गईं क्या? चुनाव बाद पता नहीं कहां चले जाएंगे ये। जो मंत्री होता है उसका सांसद बनकर दिल नहीं लगता है। अखिलश ने कहा कि इन्होंने कोरोना में थाली और ताली बजवाई थी। इसी तरह से बीजेपी की गारंटी नहीं ये घंटी है।

थाने में दरोगा ने गोली मारकर की आत्महत्या

संवाददाता, सीतापुर

- सुसाइड नोट में थानाध्यक्ष पर विवेचनाओं पर रुपये मांगने के लगाए आरोप

अमृत विचार : मछरेहटा थाने में तैनात दरोगा ने सर्विस रिवाल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। दरोगा ने आत्महत्या से पहले सुसाइड नोट लिखकर थानाध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

मछरेहटा थाने पर छह महीनों से तैनात दरोगा मनोज कुमार (54) निवासी ग्राम जलाला थाना कल्याणपुर जनपद फतेहपुर ने शुक्रवार सुबह 10:30 बजे सरकारी आवास से निकलकर थाना परिसर में सर्विस रिवाल्वर से गोली मार ली। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने दरोगा को मृत घोषित कर दिया। दरोगा की मौत के कुछ घंटे बाद सोशल मीडिया पर एक सुसाइड नोट वायरल हो रहा है, जिसमें दरोगा ने आरोप लगाया था कि सभी विवेचनाओं में थानाध्यक्ष रुपये की मांग करते हैं। मांग पूरी नहीं होने पर अभद्र टिप्पणी और अपमानित करते हैं। सीओ मिश्रिख राजेश यादव ने बताया की सुसाइड नोट की जांच कराई जा रही है। सुसाइड नोट में वर्कलोड सहित अन्य चीजों का जिक्र किया गया है।

एनआईए ने कोलकाता से दो आरोपियों को दबोचा

नई दिल्ली, एजेंसी

रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामला

एनआईए की गिरफ्त में आरोपी।

- पहचान बदल कर कोलकाता में रह रहे थे दोनों आरोपी

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट मामले में मुख्य साजिशकर्ता समेत दो आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि मुसव्विर हुसैन शाजिब और ए मथीन अहमद ताहा के कोलकाता स्थित एक ठिकाने पर होने की जानकारी के बाद टीम ने उन्हें दबोचा। शाजिब ने कैफे में विस्फोटक रखा था और ताहा विस्फोट की योजना बनाने और उसे अंजाम देने का मुख्य साजिशकर्ता है।

कोलकाता की अदालत ने बेंगलुरू कैफे विस्फोट मामले के दोनों आरोपियों को तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड पर भेज दिया और एनआईए को उन्हें पूछताछ के लिए कर्नाटक ले जाने की अनुमति दे दी।

अधिकारी ने बताया कि 12 अप्रैल की सुबह एनआईए ने कोलकाता के पास आरोपियों के होने का पता लगाने में सफलता हासिल की। आरोपी वहां पहचान बदल कर रह रहे थे। एनआईए, केंद्रीय खुफिया एजेंसियों और पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, कर्नाटक तथा केरल की राज्य पुलिस एजेंसियों के बीच समन्वित कार्रवाई और सहयोग से इस काम को अंजाम दिया गया। एनआईए ने पिछले महीने इन दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी में मददगार साबित होने वाली सूचना देने वाले को 10 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की थी। बेंगलुरु में ब्रुकफील्ड के आईटीपीएल रोड पर स्थित कैफे में एक मार्च को विस्फोट हुआ था और तीन मार्च को एनआईए ने इस मामले की जांच का जिम्मा संभाल लिया था।

खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स का संचालक दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार

नई दिल्ली। पंजाब पुलिस के राज्य विशेष ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) ने जर्मनी स्थित खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स (केजेडएफ) के संचालक प्रभप्रीत सिंह जर्मनी को दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार कर आतंकवादी भर्ती, धन उपलब्ध कराने और सहायता मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पंजाब के डीजीपी ने कहा कि केजेडएफ आतंकवादी जगदीश सिंह भूरा पंजाब में हाई-प्रोफाइल लक्ष्यों को निशाना बनाने की योजना बना रहा है और अपने सहयोगियों को हथियार और वित्तीय सहायता प्रदान की है। प्रभप्रीत सिंह जर्मनी में रहता था इसलिए उसके खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी करवाया। बुधवार को, दिल्ली आईजीआई हवाई अड्डे पर आव्रजन अधिकारियों ने प्रभप्रीत सिंह को हिरासत में लेने की सूचना दी, जिसके बाद उसकी गिरफ्तारी हुई। अतिरिक्त महानिरीक्षक एसएसओसी, अमृतसर सुखमिंदर सिंह मान ने बताया कि आरोपी प्रभप्रीत 2017 में वैध वीजा पर पोलैंड गया था, और 2020 में सड़क मार्ग से जर्मनी चला गया। जर्मनी में स्थायी निवास प्राप्त करने के लिये, उसने राजनीतिक शरण के लिये आवेदन किया था।

- आतंकवादियों ने अपने सहयोगियों को हथियार और वित्तीय सहायता कराई थी मुहैया

खुदरा महंगाई घटकर पांच महीनों के निचले स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट आने से मार्च के महीने में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.85 प्रतिशत पर आ गई। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति फरवरी में 5.09 प्रतिशत और मार्च 2023 में 5.66 प्रतिशत रही थी। मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति पांच महीनों के निचले स्तर पर रही है। इसके पहले अक्टूबर, 2023 में यह 4.87 प्रतिशत रही थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक, मार्च में खाद्य उत्पादों की महंगाई दर 8.52 प्रतिशत रही जबकि एक महीने पहले फरवरी में यह 8.66 प्रतिशत थी। आंकड़ों के मुताबिक, अंडे, मसालों और दालों समेत अन्य खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर में फरवरी की तुलना में गिरावट आई है। हालांकि फलों और सब्जियों की कीमतें मार्च में एक महीना पहले की तुलना में बढ़ गईं। वहीं, ईंधन और प्रकाश खंड में भी खुदरा मुद्रास्फीति फरवरी की तुलना में घटी है। सरकार ने रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत (दो प्रतिशत कम या अधिक) पर सीमित रखने का दायित्व सौंपा हुआ है। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति नीतिगत दरों पर फैसला करते हुए खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों को ही ध्यान में रखती है। केंद्रीय बैंक ने इस साल सामान्य मानसून की उम्मीद जताते हुए चालू वित्त वर्ष के लिए खुदरा मुद्रास्फीति 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। आरबीआई ने अप्रैल-जून तिमाही में खुदरा मुद्रास्फीति 4.9 प्रतिशत और सितंबर तिमाही में 3.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है।

- अंडे, मसालों और दालों समेत अन्य खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर में फरवरी की तुलना में कमी

सोना पहली बार 73 हजार के पार

नई दिल्ली। सोने की कीमत पहली बार 73 हजार रुपये प्रति दस ग्राम से ज्यादा हो गई है। शुक्रवार (12 अप्रैल) को इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, शुक्रवार को 10 ग्राम सोना 1,351 रुपये महंगा होकर 73,174 रुपये का हो गया है। चांदी भी अपने नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। एक किलो चांदी का भाव 1,476 रुपये बढ़कर 83,819 रुपए हो गया है। एक्सपर्ट्स के अनुसार आने वाले दिनों में इनके दामों में और तेजी देखने को मिल सकती है। साल 2024 में अब तक सोने के दाम 9,872 रुपये बढ़ चुके हैं। 1 जनवरी को सोना 63,302 रुपये पर था। वहीं, चांदी भी 73,395 रुपये प्रति किलोग्राम थी।

मार्केट एक्सपर्ट्स के अनुसार, आने वाले दिनों में सोने में तेजी देखने को मिल सकती है। इसके चलते इस साल के आखिर तक सोना 75 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। साल 2023 की शुरुआत में सोना 54,867 रुपए प्रति ग्राम पर था जो 31 दिसंबर को 63,246 रुपए प्रति ग्राम पर पहुंच गया था। यानी साल 2023 में इसकी कीमत में 8,379 रुपए (16%) की तेजी आई। वहीं चांदी भी 68,092 रुपए से बढ़कर 73,395 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना रिकॉर्ड ऊंचाई पर है, कॉमेक्स पर सोना 2,412 डॉलर प्रति आउंस के नए लाइफटाइम हाई पर पहुंच गया है।

सपा ने दो तो बसपा ने नौ और प्रत्याशी उतारे

लखनऊ। सपा प्रमुख ने शुक्रवार को उप्र. की दो जबकि बसपा ने 9 और सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है। कौशांबी से पुष्पेंद्र सरोज को और कुशीनगर से अजय प्रताप सिंह उर्फ पिंटू सैंथवार को प्रत्याशी बनाया गया है। पुष्पेंद्र इंद्रजीत सरोज के पुत्र हैं। वहीं, बसपा ने आजमगढ़ से भीम राजभर, घोसी से बालकृष्ण चौहान, एटा से मो. इरफान, धौरहरा से श्याम किशोर अवस्थी, फैजाबाद (अयोध्या) से सच्चिदानंद पांडे, बस्ती से दयाशंकर मिश्र, गोरखपुर से जावेद सिमनानी, चंदौली से सत्येंद्र मौर्य, रॉबर्ट्सगंज से धनेश्वर गौतम को उतारा है।

सुबह पांच से रात 12 बजे तक होंगे रामलला के दर्शन

अयोध्या कार्यालय

- रामनवमी पर रामलला धारण करेंगे पीले वस्त्र, धनिया की पंजीरी व मीठे पान का लगेगा भोग

अमृत विचार : रामनवमी पर श्रद्धालुओं को रामलला के दर्शन कराने के लिए सुबह पांच से रात्रि 12 तक का समय तय किया गया है। साथ ही रामनवमी के दिन रामलला को पीले वस्त्र पहनाए जाएंगे।

सिंघाड़े का आटा, धनिया की पंजीरी, मौसमी फल, मिठाई, मीठा पान का विशेष भोग अर्पित होगा। पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का कहना है कि इस बार के जन्मोत्सव में त्रेता युग की झलक दिखाई देगी। उन्होंने बताया कि जन्मोत्सव के दौरान रामलला को सुबह 3.30 मिनट मंगला आरती से जगाया जाएगा। उनके अभिषेक के बाद सुबह 4:45 पर श्रृंगार आरती होगी। सुबह पांच बजे श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए मंदिर को खोल दिया जाएगा। दोपहर 12 बजे रामलला का जन्मोत्सव मनाया जाना है, लेकिन श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए 11:45 से 12:05 के बीच भगवान के भोग और आरती को संपन्न कराया जाएगा। ट्रस्ट के द्वारा मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई है।

एक नजर

चुनाव के चलते रोडवेज बस सेवाएं होंगी बाधित

मुरादाबाद, अमृत विचार : 16 अप्रैल तक 90 बसें प्रथम चरण के मतदान के लिए रोडवेज से ऑफ ट्रेक हो जाएंगी। हालांकि यह बसें अभी तीन डिपो से हटाई गई हैं। प्रबंधक रोडवेज मुरादाबाद परिक्षेत्र के मुताबिक अभी अन्य डिपो पर बसों की डिमांड आने पर भेजी जाएंगी। लोकसभा चुनाव के लिए मार्च में 62 नियमित बसों को नजीबाबाद डिपो को छोड़कर अन्य डिपो से चुनाव कार्य के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देश पर पहले ही भेजा चुका है। प्रबंधक रोडवेज परिक्षेत्र ममता सिंह ने बताया कि निर्वाचन आयोग की ओर से प्रबंधक मुरादाबाद रोडवेज परिक्षेत्र के कार्यालय में 28 बसों को प्रथम चरण के चुनाव के लिए भेजने के निर्देश दिए हैं। जिसमें 16 अप्रैल को पीतलनगरी डिपो से 07, अमरोहा से 11 और मुरादाबाद से 10 बसों को लोकसभा चुनाव में लगाया गया है।

चुनावी जनसभा में सरकारी कर्मचारियों ने जुटाई भीड़

मुरादाबाद, अमृत विचार : भाजपा की चुनावी जनसभा में भीड़ जुटाने के लिए कई नेताओं को काफी मशक्कत करनी पड़ी। जहां सरकारी कर्मचारियों को भी अपने मूल कार्य को छोड़कर दर्शकदीर्घा में बैठना पड़ा। इतना ही नहीं व अध्यापकों व सहायक अध्यापकों भी दर्शकों में बैठा देखा गया। वहीं आशा, एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को हाथों में मोदी, योगी और अमित शाह आदि के फोटो और कटआउट दिखाई दिए।

प्रेक्षकों ने किया एमसीएमसी सेंटर का निरीक्षण

मुरादाबाद, अमृत विचार : निर्वाचन आयोग के सामान्य प्रेक्षक कुमार राहुल, पुलिस प्रेक्षक रंजन कुमार शर्मा, व्यय प्रेक्षक मुरादाबाद शहर व ग्रामीण विधानसभा सतीश शितोले, व्यय प्रेक्षक विधानसभा क्षेत्र ठाकुरद्वारा व बढ़ापुर संदीप गुहा कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे। यहां सभागार के ऊपर संचालित एमसीएमसी (मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति) सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने सेंटर में सोशल मीडिया सेल, सी-विजिल में निर्वाचन की गतिविधियों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने सहायक प्रभारी अधिकारी एमसीएमसी/सूचना अधिकारी असित सिंह को निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुसार जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर चल रही गतिविधियों के बारे में भी पूछा। इस दौरान प्रेक्षक के लाइजन अधिकारी राजेश्वर प्रताप सिंह, प्रद्युम्न सिंह, आरडी सरोज भी मौजूद रहे।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपराधीकरण के लिए सपा की सरकार को ठहराया जिम्मेदार, शाह बोले- इस बार न जीते सपा वरना बहू-बेटियां नहीं रहेंगी सुरक्षित

भाजपा के चाणक्य ने योजनाओं की उपलब्धियां गिनाने के साथ दिखाया सपा का डर

विनोद श्रीवास्तव, मुरादाबाद

अमृत विचार: पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जीत के लिए भाजपा के चाणक्य केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाने के साथ ही समाजवादी पार्टी का डर भी जनता को दिखाया। बोले, इस बार यदि सपा के प्रत्याशी जीत कर आए तो आपके घर की बहू-बेटियों की इज्जत सुरक्षित नहीं रहेगी। नारी सशक्तिकरण केवल भाजपा सरकार में संभव है।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एक सप्ताह में दूसरी बार शुक्रवार को मुरादाबाद पहुंचे। इससे पहले उन्होंने रामपुर रोड स्थित एक होटल में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में तीन चरणों में होने वाले मतदान के लिए 18 सीटों पर जीत के लिए भाजपा की कोर कमेटी की बैठक में मार्गदर्शन किया था। अब बुद्धि विहार के मैदान में मुरादाबाद और संभल लोकसभा सीट के लिए आयोजित जनसभा में केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां तो गिनाईं लेकिन, इतने से ही शायद जीत तय न मान उन्होंने सपा की सरकार में अपराधीकरण का मुद्दा जनता के बीच उछाल दिया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सपा-बसपा के प्रभाव वाले क्षेत्र में अपराधीकरण का पासा फेंका। यह कहकर जनता का भरोसा जीतने की कोशिश की कि यदि सपा व अन्य विरोधी जीते तो आपके घरों की बहू-बेटियां सुरक्षित नहीं रहेंगी। भाजपा की जीत से ही नारी सशक्तिकरण संभव है।

जनसभा में भाजपा प्रत्याशी सर्वेश सिंह व परमेश्वर लाल सैनी के लिए कार्यकर्ताओं से वोट की अपील करते गृहमंत्री अमित शाह।

विपक्ष के नेता मौसमी, भाजपा समर्पित कार्यकर्ताओं का समूह

मुरादाबाद, अमृत विचार : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि विपक्ष के पास न मुद्दा है न नीतियां, इसलिए जनता के बीच आने से बच रहे हैं। जबकि भाजपा समर्पित कार्यकर्ताओं का समूह है। हम हर दिन जनता के बीच रहकर कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा के साथ है, हमारे सामने विपक्ष की कोई चुनौती नहीं है। राष्ट्रीय लोकदल के साथ आने से पश्चिम उत्तर प्रदेश में जाटलैंड में एनडीए गठबंधन और मजबूती से चुनाव लड़कर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीतेगी। पार्टी के बुद्धि विहार स्थित कार्यालय पर उनसे हुई बात में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा अपने संकल्प पत्र के आधार पर हमेशा चुनाव लड़ती है और इस बार भी यही आधार है। भाजपा की सरकार ने प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाया है। चीनी मिलें चलवाई हैं और नई मिलें भी खोली हैं। विकास योजनाओं के दम पर आज बदलता हुआ उत्तर प्रदेश और बदलता हुआ भारत है। 2047 तक भारत अपनी आजादी के सौंवे साल में विकसित देश बन जाएगा। यह सब मोदी-योगी की गारंटी से ही संभव हो रहा है।

बड़ी जीत का दिया मंत्र

भाजपा के चाणक्य अमित शाह ने जनसभा में 40 हजार की भीड़ जुटने की बात की। लेकिन, इस पर भी जीत का भरोसा न करने की सीख दी। कहा कि दो लाख की बड़ी जीत के लिए इतने लोगों से संभव कैसे होगा। इसका समाधान भी उन्होंने दिया बोले यहां से जाने के बाद हर आदमी कमल निशान वाले प्रत्याशियों को वोट देकर जिताने के लिए 50 लोगों को फोन कर अपील करे। साथ ही इसे सुनिश्चित करे, तभी केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी।

गृहमंत्री के संबोधन में दिखी 2019 में हार की टीस

गृहमंत्री अमित शाह के संबोधन में भले ही केंद्र व प्रदेश की डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों का पिटारा दिखा, लेकिन 2019 में हार की टीस भी दिखी। क्योंकि 2019 के लोकसभा चुनाव में मुरादाबाद मंडल की छह में से एक सीट पर भी भाजपा का कमल नहीं खिला था। तीन सीटें मुरादाबाद, रामपुर व संभल सपा के खाते में गईं तो अमरोहा, बिजनौर और नगीना (सुरक्षित) सीट बसपा के खाते में चली गईं। इसकी टीस उनके संबोधन में साफ दिखी। तभी तो उन्होंने जनसभा में उपस्थित भीड़ के दम पर भाजपा प्रत्याशी की दो लाख से जीत कैसे संभव होगी पर सवाल उठाया। सपा का डर भी दिखाया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश से भाजपा की जीत का सिलसिला शुरू कर अन्य हिस्सों को भी प्रेरणा देने के लिए जनता का आह्वान किया।

भाजपा ने किया आतंकवाद, अपराधीकरण का सफाया

अमित शाह बोले- राम मंदिर बनवाने से डरने वाले विपक्षी नेता रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में नहीं आए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भाजपा के शासन काल में आतंकवाद व अपराधीकरण का सफाया हो गया है। आतंकवादी देश की सीमाओं में घुसने से अब डरते हैं तो प्रदेश के अपराधी सरकार से खुद की जान की दुहाई मांग रहे हैं। उन्होंने अबकी बार 400 पार के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रदेश की सभी 80 सीटें जिताने का आह्वान किया। राम मंदिर बनवाने से डरने वाले विपक्षी नेताओं पर हमला करते हुए कहा कि इन दलों के नेता रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में भी नहीं आए।

केंद्रीय गृह मंत्री ने शुक्रवार को मुरादाबाद के बुद्धि विहार के मैदान में जनसभा को संबोधित किया। जय श्री राम, जय जय श्री बोलकर संबोधन को आगे बढ़ाते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने मुरादाबाद से भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह व संभल के प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी की जीत के लिए जनता से आशीर्वाद मांगा। उन्होंने लालबाग स्थित काली माता को नमन कर कहा कि 2014, 2019 में केंद्र में मोदी सरकार बनने का सबसे बड़ा कारण उत्तर प्रदेश है। इस बार न 73 चलेगी, न 65 चलेगी, यूपी की सभी 80 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल कराना होगा। इसमें सबसे पहली जिम्मेदारी पश्चिम उत्तर प्रदेश वालों पर है। कहा कि आप कमल के निशान पर बटन दबाकर वोट देंगे वह सीधा नरेंद्र मोदी को मिलेगा।

गृहमंत्री ने केंद्र सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनकी सरकार ने भारत की अर्थव्यवस्था को दस साल में 11वें नंबर से पांचवें नंबर पर ला दिया। अबकी बार सरकार बनी तो विश्व में तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था भारत बनेगा।उन्होंने विपक्ष पर राममंदिर निर्माण को लेकर निशाना साधा। कहा कि वह कहते थे मंदिर बनाएंगे लेकिन, तारीख नहीं बताएंगे। मोदी सरकार ने मंदिर बना भी दिया और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भी करा दी। लेकिन, विपक्ष के नेताओं में इतना नैतिक बल भी नहीं की प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण पत्र देने के बाद भी नहीं आए। हमने हर मंदिरों को गरिमा प्रदान कराई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर हमला बोलते हुए कहा कि मोदी सरकार ने 5 अगस्त को कश्मीर से धारा 370 हटाकर दिखा दिया। फिर भी कांग्रेस बेचैन है। भाजपा ने देश से आतंकवाद खत्म कर दिया। आज आतंकवादी भारत की सीमा में घुसने से पहले सौ बार सोचते हैं। सर्जिकल स्ट्राइक कर पाकिस्तान को खामोश कर दिया है। 12 करोड़ लोगों को शौचालय दिया है। दस करोड़ महिलाओं को उज्ज्वला योजना के तहत निशुल्क गैस कनेक्शन दिया है। आगे भी योजनाओं का लाभ ऐसे ही मिलता रहे तो तीसरी बार मोदी सरकार को लाना होगा। उन्होंने उत्तर प्रदेश में सपा सरकार में अपराधीकरण पर तंज कसा। कहा अब अपराधी अपने जान की दुहाई मांग रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि इस चुनावी समर में भाजपा की जीत तय है। पिछड़े दस वर्षों में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने योजनाओं के माध्यम से विकास की गंगा बहाई है। अब बड़े काम होने हैं। जनसभा को प्रदेश उपाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य सतपाल सिंह सैनी, प्रदेश सरकार में मंत्री बलदेव सिंह औलख ने भी संबोधित किया।

कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार करते केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, साथ में कुंवर सर्वेश सिंह, भूपेंद्र सिंह चौधरी, परमेश्वर लाल सैनी व अन्य। ● अमृत विचार

काले कपड़े पहने महिलाओं-पुरुषों को जनसभा स्थल पर जाने से रोका

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: केंद्रीय गृह मंत्री की जनसभा में पुलिसकर्मियों और कार्यकर्ताओं ने काले कपड़े पहनकर आईं महिलाओं और पुरुषों को जनसभा स्थल पर जाने से रोक दिया। बता दें कि 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा मंडल की सारी सीटें हार गई थी। अब लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों के लिए जनसमर्थन जुटाने के लिए शुक्रवार को गृह मंत्री अमित शाह दिल्ली रोड पर आयोजित जनसभा में पहुंचे। लेकिन, भाजपा के गृह मंत्री को कोई विरोध स्वरूप काला कपड़ा न दिखा दे इसलिए कार्यकताओं और पुलिसकर्मियों को काले कपड़े पहनकर आने वाले महिलाओं और पुरुषों को जनसभा स्थल पर प्रवेश न करने देने के निर्देश दिए गए। जनसभा में पुलिस कर्मचारियों ने सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरतते हुए सम्राट अशोक नगर से काले कपड़े पहनकर आईं महिला मतदाताओं को सभा में जाने से रोक दिया गया। काफी देर खड़े होने के बाद अपने बच्चों के साथ आईं महिलाओं को वापस जाना पड़ा। सुरक्षा में खड़े पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को बताया कि सभा में काले कपड़े दिखाकर विरोध करने का अंदेशा होने के कारण काले कपड़े पहने महिला और पुरुष को जनसभा स्थल पर नहीं जाने दिया जाएगा।

काले कपड़ों में पहुंची महिला को जनसभा स्थल पर जाने से रोकते पुलिसकर्मी।

योजनाओं के दम पर भारत 2047 तक बनेगा विकसित राष्ट्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को बुद्धि विहार मैदान में जनसभा को संबोधित कर भाजपा के प्रत्याशियों व जनता में जोश भरा। उन्होंने सबका साथ सबका विकास को मोदी की गारंटी बताते हुए कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के दम पर 2047 में भारत विकसित राष्ट्र बनेगा।

केंद्रीय गृहमंत्री ने भारत माता की जय, जय श्रीराम, लालबाग स्थित काली माता को नमन कर अपने भाषण की शुरुआत की। कहा कि नरेंद्र मोदी ने भारत की अर्थव्यवस्था को दस साल में 11वें नंबर से पांचवें नंबर पर लाकर विपक्ष की बोलती बंद कर दी।

विपक्षी नेताओं पर अपराधीकरण, भ्रष्टाचार को संरक्षण देने के साथ ही राममंदिर निर्माण को लेकर निशाना साधा। बोले यह भाजपा का ही दम था कि 5 अगस्त को कश्मीर से धारा 370 हटाकर दिखा दिया। अब आतंकवाद और भ्रष्टाचार, अपराध खत्म हो गया है। अपराधी, भ्रष्टाचारी जेल में हैं। किसानों की बात कर गृहमंत्री ने कहा कि गन्ना मूल्य बढ़ाकर प्रदेश सरकार ने दिया। 20 से अधिक चीनी मिलें चलवाई और पांच नई चीनी मिलें शुरू कीं, क्या यह कम है। किसी और सरकार में क्या यह सुविधाएं मिली थीं इसका सवाल जनता के बीच उछाला, जवाब मिला नहीं।

पार्टी के क्षेत्रीय प्रभारी व प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से भारत का वैश्विक महत्व बढ़ा है ऐसे में हर भारतीय का सीना 56 इंच का हो जाता है।

आज विपक्ष के हर झूठ का जवाब जनता भाजपा को जिताकर दे रही है। एक बार यह प्रेम केंद्र में 400 पार सीटें देकर तीसरी बार मोदी सरकार बनाएगा। प्रदेश उपाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य सतपाल सैनी ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सुनने आई इस भीड़ को देखकर जनादेश स्पष्ट हो गया है। तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प जनता ले चुकी है। उन्होंने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को समाप्त कर विपक्षी दलों की बोलती बंद कर दी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए भाजपा प्रत्याशियों को जिताने का आह्वान किया।

क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसौदिया ने कहा कि अमित शाह के नेतृत्व में भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बनी। सभा को विधान परिषद सदस्य गोपाल अंजान, डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने भी संबोधित किया। इस दौरान नगर विधायक रितेश गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल, लोकसभा क्षेत्र प्रभारी अशोक पाल के अलावा महापौर विनोद अग्रवाल, पार्टी के महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।



गृहमंत्री अमित शाह की सभा में मौजूद महिला कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कटआउट लेकर पहुंचीं। ● अमृत विचार

भीड़ देखकर गदगद हुए भाजपाई

जनसभा में जुटी भीड़ को देखकर मंचासीन भाजपा नेता गदगद हो गए। विधान परिषद सदस्य जयपाल सिंह व्यस्त ने कहा सभी कुर्सियां भर गई हैं और कुर्सियां आ रही हैं वह भी भरेंगी तो और कुर्सियां मिलेंगी। संचालन कर रहे डॉ. व्यस्त ने युवाओं में भी खूब जोश भरा।

मायावती मुरादाबाद में 15 को करेंगी जनसभा

मुरादाबाद, अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण का प्रचार का शोर थमने में अब सिर्फ पांच दिन रह गए हैं। ऐसे में पार्टियों के स्टार प्रचारकों के कार्यक्रम से माहौल को गरमाया जा रहा है। शुक्रवार को केंद्रीय गृहमंत्री की भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा के बाद अब 15 अप्रैल को लाइनपार के मैदान में बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती की जनसभा होगी।

जिलाध्यक्ष सुनील कुमार आजाद ने बताया कि बसपा प्रमुख की जनसभा रामलीला मैदान लाइनपार में सोमवार 15 अप्रैल को होगी। इसके लिए पार्टी के पदाधिकारियों को विधानसभावार जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रभारी एकल विंडो नगर मजिस्ट्रेट के कार्यालय से पूर्व मुख्यमंत्री बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती निजी हेलीकाप्टर से जनसभा स्थल के मैदान में ही उतरेंगी। उनकी जनसभा दिन में 11 बजे से होगी।

रोडवेज की बसों से पहुंचे कार्यकर्ता

मुरादाबाद, अमृत विचार: जिला प्रशासन की रहमदिली से भाजपा कार्यकर्ताओं व मतदाताओं को चुनावी जन सभा में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की अनुबंधित बसों में भेजा गया।

हालांकि आदर्श आचार संहिता के चलते रोडवेज बसों को किसी राजनीतिक कार्यक्रम में सहयोग करना आचार संहिता का उल्लंघन है। शुक्रवार को दिल्ली रोड स्थित नया मुरादाबाद में गृहमंत्री अमित शाह की चुनावी जनसभा में रोडवेज परिवहन निगम से 50 अनुबंधित बसों को लगाया गया। सभी बसों पर भाजपा का झंडा लगा था। रोडवेज प्रबंधक ममता सिंह ने बताया कि डीएम के आदेश से बसों भेजा गया है। अनुबंधित बस स्वामियों को निर्देश दिए गए थे। हालांकि उन्होंने बताया की अनुबंधित बस स्वामी रोडवेज से छुट्टी लेकर बसों कहीं भी ले जा सकता है।

गृहमंत्री अमित शाह की बुद्धि विहार में आयोजित जनसभा में सरकारी बसों से आते भाजपाई।

छात्रों ने दिया मतदान का संदेश : 19 अप्रैल को पहले चरण में मुरादाबाद लोकसभा सीट पर वोट डाले जाएंगे। जिसको लेकर प्रशासन द्वारा भी मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम जिलेभर में आयोजित किए जा रहे हैं। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान कर सकें। वहीं चित्रगुप्त इंटर कालेज के छात्रों ने फेस पेंटिंग के माध्यम से लोगों को मतदान करने का संदेश दिया। ● अमृत विचार

सतर्कता लोक सभा चुनाव में बढ़ी हैं अवैध शस्त्रों की मांग और मादक पदार्थों की सप्लाई

अवैध शस्त्र और मादक पदार्थों की तस्करी रोकने में जुटी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : उत्तराखंड से सटे मुरादाबाद जिले में मादक पदार्थों और अवैध शस्त्रों की तस्करी कानून व्यवस्था में हमेशा चुनौती ही बनी रही है। चुनावी सीजन में तस्करी का बाजार और अधिक चढ़ जाता है। इस कार्य में लगे लोग बताते भी हैं कि चुनाव में मादक पदार्थों और अवैध शस्त्रों की मांग बढ़ जाती है। ऐसे में चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस के लिए आसान नहीं रह जाता।

लेकिन, फिर भी पुलिस ने इस तरह की तस्करी को रोकने के लिए काफी कार्रवाईयां की हैं। जनवरी से 11 अप्रैल तक मूंढापांडे, भोजपुर, सिविल लाइन समेत चार स्थलों पर अवैध शस्त्र निर्माण-बिक्री की फैक्ट्रियां पकड़ी हैं। इन दिनों प्रत्येक थाने की पुलिस गश्त के दौरान भी काफी सावधानी बरत रही है। क्राइम को रोकने में पुलिस हर तरीके अपना रही है।

42.61 लाख रुपये की शराब बरामद

चुनाव के दरम्यान में पुलिस ने अब तक कुल 42,61,520 रुपये (अनुमानित) की शराब बरामद की है। तीन महीने 10 दिन में की कार्रवाई में आबकारी अधिनियम में कुल 807 एफआईआर दर्ज की हैं। इनमें आरोपियों में से कुल 845 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों के पास से पुलिस ने 13,745 लीटर देशी, 100 लीटर अंग्रेजी और 1,056 लीटर जहरीली/अपमिश्रित शराब बरामद की है। शराब बनाने वाली 51 भट्ठियों को ध्वस्त करने की कार्रवाई की है। इसी तरह से अवैध तरीके से गैर राज्य से आने वाली शराब की सप्लाई की रोकथाम के क्रम में भी पुलिस ने कार्रवाई की है। गैर राज्य में निर्मित 38 लीटर देशी, 56 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है।

330 शस्त्र व 367 कारतूस बरामद

अवैध शस्त्र, कारतूस, शस्त्र फैक्ट्री के मामले में करीब तीन महीने में 282 मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें आरोपी अभियुक्तों में 298 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने कुल 330 शस्त्र और 376 कारतूस बरामद किए हैं। अवैध शस्त्रों के निर्माण एवं बिक्री की चार फैक्ट्रियां पकड़ी गई हैं। इसी तरह अवैध तरीके चाकू-छूरी रखने वालों के विरुद्ध भी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। ऐसे लोगों के विरुद्ध कुल 145 एफआईआर दर्ज हुई हैं। इनमें 161 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इन लोगों के पास से पुलिस ने कुल 162 चाकू-छूरी बरामद की है।

> सभी थानाध्यक्षों को अपने क्षेत्र में चुनाव के समय शांति व्यवस्था बनाए रखने को निर्देश हैं। अवैध शस्त्र निर्माण और उसकी खरीद-बिक्री को रोकने के लिए अभियान चल रहा है। इस अभियान में कामयाबी भी मिल रही है। मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई हो रही है।
>
> – **सुभाष चंद्र गंगवार**, एसपी क्राइम

26 दिनों में मादक पदार्थों की बरामदगी

मादक पदार्थ	मात्रा (किग्रा)	कीमत (रुपये में)
गांजा	14.345	3,58,625
स्मैक	0.222	44,40,000
चरस	10.773	10,77,300
डोडा	2.40	8,640
अन्य मादक पदार्थ	6.657	59,470
योग	**34.397**	**59,71,057**

नोट : उक्त कार्रवाई 16 मार्च से 11 अप्रैल तक है।

मादक पदार्थों के तस्करों पर कार्रवाई

जनवरी से 10 मार्च तक पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों पर सख्ती बरती है। तस्करों के विरुद्ध कुल 117 एफआईआर दर्ज की गई हैं और 124 अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन लोगों से कुल 27.349 किग्रा गांजा, 15.413 किग्रा चरस, 28.23 किग्रा डोडा और 10.3407 किग्रा अन्य मादक पदार्थ बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में से पुलिस ने नौ लोगों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई कर उनकी संपत्ति भी जब्त की है।

पंचम स्कंदमाता



पहाड़ों पर रहकर सांसारिक जीवों में नवचेतना का निर्माण करने वाली स्कंदमाता। नवरात्र में पांचवें दिन इस देवी की पूजा-अर्चना की जाती है। कहते हैं कि इनकी कृपा से मूढ़ भी ज्ञानी हो जाता है। स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता के कारण इन्हें स्कंदमाता नाम से अभिहित किया गया है। इनके विग्रह में भगवान स्कंद बालरूप में इनकी गोद में विराजित हैं। देवी स्कंदमाता की पूजा से बुध ग्रह का दोष कम होता है।

बीज मंत्र-ह्रीं क्लीं स्वमिन्यै नमः।

शहर में आज

- मतदाता जागरुकता अभियान के अन्तर्गत पंचायत भवन सभागार में गैस एजेंसियों, पेट्रोल पंप एसोसिएशन, कोटेदारों के साथ संगोष्ठी 11:00 बजे।
- नवरात्र के पांचवें दिन मंदिरों में पूजा-अर्चना सुबह 6:00 बजे से।
- भगवान परशुराम सेवा समिति की ओर से महाव्रत परायण मनोरंजन सदन कंपनी बाग में शाम 4:30 बजे।

एक नजर

अधिवक्ताओं की बैठक 15 को

मुरादाबाद, अमृत विचार : दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के अधिवक्ताओं की बैठक 15 अप्रैल को दोपहर 12 बजे होगी। अधिवक्ताओं की मांग पर जनरल हाउस की बैठक में न्यायपालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार व अधिवक्ताओं के साथ हो रहे दुर्व्यवहार पर चर्चा होगी। यह जानकारी एसोसिएशन के महासचिव अभिषेक भटनागर ने दी। उन्होंने बताया कि इस दिन अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे।

भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव को शहीद का दर्जा देने की मांग को लेकर कुछ इस तरह कलेक्ट्रेट पहुंचा विजय हिंदुस्तानी। ● अमृत विचार

क्रांतिकारियों को मिले शहीद का दर्जा

मुरादाबाद, अमृत विचार: अमर शहीदों भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को शहीद का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर शामली का विजय हिंदुस्तानी हाथ और पैरों में बेड़िया डालकर जिला मुख्यालय पहुंचा और मांगों से संबंधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया है कि आजादी के समय हमारे देश के लाखों नौजवानों ने देश को आजाद कराने के लिए कुर्बानी दी। इसमें युवा भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव भी देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते फांसी पर चढ़ गए। उनके देश प्रेम को कोई कभी नहीं भूल सकता। देश उनका हमेशा ऋणी रहेगा। लेकिन, बड़े अफसोस की बात है कि उन्हें आज तक शहीद का दर्जा नहीं दिया गया है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को शहीद का दर्जा दिए जाने की मांग की।

अधिकतम तापमान 37 व न्यूनतम 21 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, लोग गर्मी से रहे परेशान

धूप निकाल रही पसीना, छांव की तलाश में भटक रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: अप्रैल की गर्मी पसीना निकाल रही है। दिन में कड़ी धूप ने लोगों को बेहाल कर दिया। छांव की तलाश में लोग भटकते रहे। शीतल पेय पदार्थों की दुकान पर भीड़ रही। लोग गला तर करने में जुटे रहे। अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस रहा। आने वाले दिनों में और गर्मी बढ़ने का अनुमान है।

अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में कड़ी धूप और गर्मी से लोग बेहाल हो रहे हैं। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 37 और न्यूनतम 21 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। दोपहर में चिलचिलाती धूप से लोग परेशान रहे। सूरज की तपिश व लू के थपेड़ों से बचने के लिए लोग छांव की तलाश में रहे। कचहरी व कांठ रोड पर कई जगह शीतल पेय पदार्थों की दुकानों पर लोगों की भीड़ रही। बुद्धि विहार में केंद्रीय गृहमंत्री के जनसभा स्थल के बाहर भी लोग गर्मी में राहत पाने के लिए गन्ने का जूस और जलजीरा के ठेले पर जुटे रहे। आर्द्रता 26 प्रतिशत और हवा सिर्फ 3 किलोमीटर की गति से चली। इससे धूप कड़ी लग रही थी। शाम को धूप समाप्त होने के बाद भी हवा न होने से उमस से लोग परेशान हुए। स्वास्थ्य विभाग की ओर से गर्मी व लू के थपेड़ों से बचने के लिए सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि गर्मी व लू लगने पर बेहोशी आना, मांसपेशियों में अकड़न, दौरा पड़ना, सिरदर्द, मतली व उल्टी आना, अधिक पसीना निकलने से निर्जलीकरण, कमजोरी लगने व चक्कर आने की दिक्कत हो सकती है। गर्मी व लू से बचने के लिए अपने काम सुबह या फिर शाम को ही निपटाएं। बहुत जरूरी होने पर ही धूप में घर से बाहर निकलें।

यदि जाना हो तो छाता, गमछा, टोपी और आंखों पर चश्मा लगाकर निकलें। अपने साथ पानी की बोतल भी रखें। लू व गर्मी से होने वाली बीमारी के लक्षण दिखने पर घरेलू उपचार से बचें और चिकित्सीय सुविधा के लिए पास के राजकीय चिकित्सालय या जिला अस्पताल में संपर्क कर विशेषज्ञ चिकित्सक से इलाज कराएं।

धूप से बचने के लिए अपने चेहरे को कपड़े से ढक कर जातीं स्कूटी सवार युवतियां।

- धीमी हवा चलने से शाम को भी राहत नहीं, उमस से परेशान रहे लोग
- गर्मी से बचने के लिए लोगों को पानी पीने व धूप में छाता लगाने की सलाह दे रहे चिकित्सक

यह भी बरतें सावधानी

- धूप में नंगे पांव घर से बाहर न जाएं।
- बहुत जरूरी होने पर ही धूप में निकलें।
- अपने बच्चों व पालतू जानवर को सड़क पर खड़ी गाड़ी में बंद कर न छोड़ें।
- दोपहर में घर के बाहर के काम करने से यथासंभव बचें।

घरों-मंदिरों में मां कूष्मांडा की आराधना कर मांगी सुख-समृद्धि

मंदिरों में महिलाओं ने किया भजन-कीर्तन, विश्व में शांति की कामना की, आज होगी मां स्कंदमाता की पूजा-अर्चना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: चैत्र नवरात्र के चौथे दिन भक्तों ने मां कूष्मांडा की आराधना कर सुख-समृद्धि का वरदान मांगा। मान्यता है कि भव्य और सुंदर छवि वाली देवी कूष्मांडा की पूजा करने से मनुष्य के सारे दुखों का नाश होता है। भक्तों ने माता की आराधना कर विश्व में शांति की कामना की। शाम को महिलाओं ने मंदिरों में भजन-कीर्तन कर माहौल भक्तिमय कर दिया।

हिंदू धर्म में नवरात्र के नौ दिन का विशेष महत्व होता है। नौ दिनों में हर एक दिन माता के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा, आराधना और मंत्रों के जाप से माता को प्रसन्न किया जाता है। नवरात्र के चौथे दिन मां दुर्गा के कूष्मांडा स्वरूप की पूजा का विधान है, जिनकी साधना करने पर साधक के जीवन से जुड़े सभी कष्ट दूर और कामनाएं पूरी होती हैं। शुक्रवार को काली माता मंदिर, माता मंदिर समेत अन्य मंदिरों में भक्तों ने मां की पूजा-अर्चना की। साथ ही शाम को मंदिरों में भजन-कीर्तन कर माहौल भक्तिमय कर दिया।

काली माता मंदिर में दर्शन के लिए लाइन में लगे श्रद्धालु। ● अमृत विचार

इस प्रकार करें स्कंदमाता की पूजा

पंडित विष्णु दत्त ने बताया कि नवरात्र के पांचवे दिन साधक का मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित रहता है। इस दिन मां दुर्गा की पांचवी शक्ति स्कंदमाता का पूजन किया जाता है। ये सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी हैं। इनके पूजन से साधक को अलौकिक तेज की प्राप्ति होती है। इनका स्वरूप मोक्ष के द्वार खोलने वाला व परम सुखदायी है। इनकी पूजा से भक्त की समस्त इच्छाओं की पूर्ति होती हैं और उसे परम शांति का अनुभव होता है। इनके पूजन के साथ कुमार कार्तिकेय के बाल स्वरूप का पूजन भी हो जाता है। इसलिए साधक को इनकी पूजा का फल भी प्राप्त होता है। संतान प्राप्ति के लिए भी स्कंदमाता की पूजा बहुत शुभ फलदायी मानी गई है।

मां कूष्मांडा की पूजा का महत्व

देवी कूष्माण्डा अपने भक्तों को रोग, शोक और विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। पंडित सज्जन गिरि ने बताया कि जिस व्यक्ति को संसार में प्रसिद्धि की चाह रहती है, उसे मां कूष्मांडा की पूजा करनी चाहिए। देवी की कृपा से उसे संसार में यश की प्राप्ति होती है।

नवरात्र में साधकों को लेना चाहिए सात्विक आहार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- नवरात्र के नौ दिन हिंदुओं के लिए महत्वपूर्ण, पूजा-अर्चना पर दें खास ध्यान

अमृत विचार: हिंदू धर्म में नवरात्र के नौ दिन बेहद पवित्र माने गए हैं। इन दिनों में माता के अलग- अलग नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। भागवत पुराण के अनुसार ऋतु संधियों पर वर्ष में चार नवरात्र होते हैं, जिनमें से दो गुप्त नवरात्र होते हैं। चैत्र और आश्विन मास के नवरात्रों में भक्त देवी मां के स्वरूपों की पूजा-अर्चना कर माता का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। नवरात्रि के दिनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु व्रत, उपवास रखकर माता की उपासना करते हैं। इन दिनों में आहार और विचार पर भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। भोजन में केवल सात्विक आहार लेना बताया गया है।

हरथला प्राचीन शिव मंदिर के पंडित मनोज पाठक ने बताया कि आयुर्वेद के अनुसार भोजन को यौगिक गुणों के आधार पर सात्विक, तामसिक और राजसिक तीन भागों में परिभाषित किया गया है। सेवानिवृत प्रधानाचार्य एवं साधक सत्य प्रकाश मिश्र ने बताया कि भागवत गीता में लिखा है जो भोजन खाने के तीन घंटे बाद तक अपाच्य स्थिति में रहता है उसे तामसिक माना जाता है। इसके अतिरिक्त शराब, मादक पेय पदार्थ, मांस, मछली, अंडा, प्याज, लहसुन, व बासी भोजन आदि तामसिक प्रवृत्ति की श्रेणी में रखे गए हैं।

आज होगी मां स्कंदमाता की उपासना

नवरात्र के पांचवें दिन मां दुर्गा के पंचम स्वरूप मां स्कंदमाता की उपासना की जाती है। स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता के कारण इन्हें स्कंदमाता नाम दिया गया है। भगवान स्कंद बालरूप में इनकी गोद में विराजित हैं।

स्कूल की वेबसाइट पर देख सकेंगे रिजल्ट

मुरादाबाद, अमृत विचार: यूपी बोर्ड का हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का रिजल्ट 25 अप्रैल को जारी होने की संभावना जताई जा रही है। इस बार रिजल्ट माध्यमिक विद्यालयों की वेबसाइट पर देखने को मिलेगा। डीआईओएस डॉ. अरुण कुमार दुबे ने बताया कि इस बार हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम स्कूलों की वेबसाइट पर देखने को मिलेगा। सभी प्रधानाचार्यों को पत्र भेजकर वेबसाइट तैयार करने के आदेश दिए गए हैं। वेबसाइट पर विद्यालय की सुविधाओं का ब्योरा व अन्य जानकारियां उपलब्ध रहेगी।

पॉलिश कारखाना मालिक ने युवक को पीटा, रिपोर्ट

मुरादाबाद, अमृत विचार : घर के सामने गंदगी का विरोध करने पर युवक से मारपीट मामले में पॉलिश कारखाने के मालिक पर एफआईआर दर्ज हुई है। पीतलबस्ती में नासिर तुर्की ने पुलिस को बताया है कि गली में घर के सामने पॉलिश का कूड़ा डालने का विरोध करने पर आरोपियों ने उसे मारापीटा है। पॉलिश का कारखाने के मालिक हाफिज वसीम और उसके कारीगरों ने उसके हाथ की अंगुली तोड़ दी है।

जिला स्तरीय कलर बेल्ट प्रमोशन परीक्षा के प्रतिभागी खिलाड़ी व अन्य। ● अमृत विचार

कलर बेल्ट परीक्षा में दिखाया दम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से थापा ताइक्वांडो एकेडमी में शुक्रवार को जिला स्तरीय कलर बेल्ट प्रमोशन परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें क्लब के लगभग 30 खिलाड़ियों ने परीक्षा दी।

परीक्षा में येलो बेल्ट, ग्रीन बेल्ट, ब्लू बेल्ट व रेड बेल्ट के खिलाड़ी मौजूद रहे। जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव शाहवेज अली ने परीक्षण किया। इसमें खिलाड़ियों का खेलो इंडिया फिजिकल फिटनेस टेस्ट, सेल्फ डिफेंस, किक्स, पंच व फाइट आदि का टेस्ट लिया गया। एकेडमी के कोच केशव थापा की देखरेख में खिलाड़ियों का प्रशिक्षण हुआ। इस अवसर पर जिला ताइक्वांडो संघ के पदाधिकारी समेत अर्जुन थापा, सुमित शर्मा, संदीप कुमार, रोहित कुमार, केशव थापा, शिप्रा सिंह, शैलवी सिंह आदि मौजूद रहे।

चंदे को लेकर हुई मारपीट का वीडियो वायरल

मुरादाबाद, अमृत विचार : सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें दो पक्ष एक-दूसरे से मारपीट करते दिख रहे हैं। वीडियो कुंदरकी थाना क्षेत्र के गांव हरियाना का बताया जा रहा है। कहा जा रहा है कि ईद की नमाज से पहले गुरुवार को मदरसे के चंदे की मांग को लेकर कहासुनी हुई थी। इसके बाद दो पक्षों में गाली-गलौज शुरू हुआ और मारपीट होने लगी थी। फिलहाल, पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामले को शांत करा दिया था। लेकिन, उसी मारपीट के संबंध में शुक्रवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होता दिखा है। वीडियो में देखा जा रहा है कि ईदगाह के पास दोनों पक्षों में मारपीट हो रही है।

इंजीनियर ने गंवा दिए 1.75 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- सऊदी अरब में नौकरी के लिए शिवम का ऑनलाइन साक्षात्कार हुआ, ऑफर लेटर भी आया

अमृत विचार : मझोला थाना क्षेत्र के प्रकाशनगर निवासी शिवम कुमार शर्मा ने सऊदी अरब की एक कंपनी में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर नौकरी पाने के चक्कर में 1.75 लाख रुपये गवां दिए हैं। शिवम गुरुग्राम में एक कंपनी में वरिष्ठ इंजीनियर भी हैं।

शिवम कुमार शर्मा ने बताया कि पिछले साल अप्रैल महीने में उन्हें ई-मेल के माध्यम से सऊदी अरब की कंपनी में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर नौकरी का प्रस्ताव आया था। इसमें 40 प्रतिशत अधिक वेतन देने की बात कही गई थी। उन्होंने बताया कि अच्छी नौकरी और पद पाने के लालच में वह साइबर ठगी का शिकार हो गए हैं। ठगों के कहने पर उन्होंने 1.75 लाख रुपये अपने बैंक खाते से उनके बताए खाते में में ट्रांसफर कर दिए थे। आरोपियों ने उनसे यह धनराशि ये कहकर जमा करा ली थी कि यदि दो साल तक नौकरी बिना किसी विवाद और अच्छे से करेंगे तो इसका अतिरिक्त लाभ मिलेगा। क्योंकि, आपकी धनराशि से कंपनी के शेयर खरीदे जाने हैं। शिवम ने बताया कि नौकरी के लिए उनका ऑनलाइन साक्षात्कार भी लिया गया था। फिर ऑफर लेटर भी ऑनलाइन आया था। इस ऑफर लेटर में शिवम कुमार शर्मा द्वारा दी गई धनराशि का जिक्र भी किया गया था। इस तरह शिवम का सऊदी अरब की कथित कंपनी पर और अधिक भरोसा बढ़ गया था। लेकिन, बाद में उन्हें पला चला कि जिस ई-मेल आइडी से मैसेज आया था, वह फर्जी है। ठगी का अहसास होने के बाद शिवम शर्मा पुलिस लाइन पहुंचे और साइबर क्राइम सेल में शिकायत की थी, जहां से प्रारंभिक जांच में पता चला कि जिस खाते में उनके रुपये ट्रांसफर हुए थे। वह बैंक खाता पश्चिम बंगाल में संचालित हो रहा है। अब इस मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। मझोला थानाध्यक्ष कमलेश कांत वर्मा ने बताया कि शिवम कुमार शर्मा की तहरीर के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है और साइबर क्राइम सेल के सहयोग से जांच कर रहे हैं। सेल की मदद से जांच की जा रही है।

मनमानी | सीबीएसई से जुड़े स्कूल सिलेबस में एनसीईआरटी की किताबें ही कर सकते हैं शामिल

निजी स्कूल हर साल बदल देते हैं किताबें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: नए सत्र में प्रवेश शुरू होते ही महानगर के निजी स्कूलों में किताब लेने के नाम पर अभिभावकों को जमकर चूना लगाया जा रहा है। स्कूल प्रबंधन हर साल सिलेबस बदल देते हैं। कमीशन के चक्कर में नियमों का खुलेआम मखौल उड़ाते हुए निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें लेने के लिए मजबूर किया जा रहा है। आलम यह है कि छात्रों के प्रयोग में आने वाली स्टेशनरी की भी उन्होंने सूची बना रखी है। इससे अलग ब्रांड का सामान लेने पर छात्रों को कक्षा में प्रताड़ित किया जाता है।

सीबीएसई से जुड़े स्कूल पाठ्यक्रम में एनसीईआरटी की ही किताबें शामिल कर सकते हैं, जबकि निजी स्कूल कमीशन के फेर में निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें ही पाठ्यक्रम में शामिल कर रहे हैं। निजी प्रकाशक अपनी किताबें लागू करवाने के लिए स्कूलों को मोटा कमीशन देते हैं। स्कूलों को भी संबंधित दुकानदारों से 30 से लेकर 50 प्रतिशत कमीशन का लाभ मिलता हैं। स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों से कहा गया है कि निजी प्रकाशकों की किताबें ही खरीदें। जिनकी कीमत पांच से लेकर सात हजार रुपये तक है। वह बाकायदा अभिभावकों को लिस्ट देकर मौखिक तौर बता देते हैं कि किस दुकान से किताबें खरीदनी हैं। रामगंगा विहार के अभिभावक राकेश शर्मा, सतीश गुप्ता, सचिन चौधरी, हिमांशी शर्मा आदि ने बताया कि पहले साल दर साल एक ही पाठ्यक्रम रहता था। परिवार के कई बच्चे उन्हीं पाठ्य पुस्तकों से पढ़कर अगली कक्षाओं में प्रवेश लेते थे। अब निजी स्कूल संचालक हर साल किताबें बदल देते हैं। मध्यम वर्ग का अभिभावक कैसे इस खर्च को वहन करेगा। स्कूलों की मनमानियों पर रोक लगाई जानी चाहिए। जबकि, जिम्मेदार अधिकारी बेपरवाह बने हुए हैं।

किताबें बेचने को शिक्षकों की लगा रखी है ड्यूटी

सीबीएसई, सीआईएससीई से मान्यता प्राप्त स्कूलों के संचालकों ने किताबें, स्टेशनरी बेचने के लिए अपने यहां शिक्षकों की ड्यूटी भी लगा रखी है। कई स्कूलों में तो परिसर के अंदर ही दुकानें लगाकर अभिभावकों को स्कूल से ही किताबें, स्टेशनरी खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है। खास बात यह है कि पिछले साल के मुकाबले इस बार किताबें महंगी होने से हर तरह से जेब अभिभावकों की ही कटनी है। प्री नर्सरी से लेकर आठवीं तक के कक्षाओं की एनसीईआरटी की किताब 50 रुपये से अधिक मूल्य की नहीं है। जबकि निजी प्रकाशकों की पांच प्रमुख विषयों की किताबों में प्रत्येक का मूल्य 150 रुपये से भी अधिक ही है। एनसीईआरटी की किताबों का जो सेट 250 रुपये में हैं, निजी प्रकाशकों के किताबों का सेट ढाई से चार हजार रुपये में पड़ रहा है।

एक नजर

दुकान से देशी शराब के 5,630 क्वार्टर चोरी

मुरादाबाद, अमृत विचार : पाकबड़ा थाना क्षेत्र में शराब की दुकान से देशी शराब के 5,630 क्वार्टर चोरी हो गए। इस मामले में पीड़ित पक्ष ने पाकबड़ा थाने में तहरीर भी दी है। कोमल सिंह थाना क्षेत्र के गांव फलैदा (ईसापुर) के रहने वाले हैं। इन्होंने पुलिस को बताया है कि वह सिकंदरपुर में देशी शराब की दुकान के सेल्समैन हैं। पांच अप्रैल को रात करीब 9 .30 बजे दुकान बंद कर वह अपने घर चले गए थे। अगले दिन जब दुकान खोली तो देखा कि उसमें रखे 5,630 क्वार्टर गायब हैं।

जाट महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को बांधी पगड़ी

मुरादाबाद, अमृत विचार : मुरादाबाद के गांव रफतपुर में स्थापित मेहंदीपुर बालाजी धाम का वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस दौरान जाट महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी को श्रीमेहंदीपुर बालाजी धाम के महंत राजू महाराज ने पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। परिवहन विभाग के संभागीय निरीक्षक प्राविधिक हरिओम विशिष्ट अतिथि रहे।

काशीपुर में तैनात है महिला कांस्टेबल, चार महिलाओं समेत आठ के खिलाफ रिपोर्ट

कांस्टेबल से भूखंड की खरीद-फरोख्त में धोखाधड़ी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/कांठ

▸▸ मुख्तियारपुर नवादा में 350 वर्ग मीटर भूखंड के नाम पर की ठगी

अमृत विचार : महिला कांस्टेबल के साथ भूखंड खरीद-फरोख्त में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। यह प्रकरण कांठ थाना क्षेत्र के मौजा मुख्तयारपुर नेवादा का है। धोखाधड़ी के आरोप में महिला कांस्टेबल ने चार महिलाओं समेत आठ के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है।

पीड़ित कांस्टेबल वंदना पत्नी स्वर्गीय अमित कुमार वर्तमान में काशीपुर में तैनात है। वह मूलरूप से संभल जिले में आवास विकास कॉलोनी चंदौसी की रहने वाली है। उसका हाल पता तहसील कांठ ग्राम महमूदपुर माफी है। नामजद अभियुक्तों में बलवंत व उसकी पत्नी किरनबाला, पुत्र दीपक कुमार और जसपाल व इसकी पत्नी जयवती, आरती पत्नी मुकेश और बलराम व इसकी पत्नी वीरवती हैं।

धोखाधड़ी का शिकार हुई कांस्टेबल वंदना ने पुलिस को बताया है कि मुख्तियारपुर नवादा में उन्होंने गाटा संख्या 236 पर 350 वर्ग मीटर भूखंड का सौदा बलवंत और इसकी पत्नी किरणबाला, बेटे दीपक कुमार एवं आरती पत्नी मुकेश से हुआ था। जिसका बलवंत के बेटे दीपक ने फर्जी तरीके से एग्रीमेंट कराया था, जबकि इसके नाम से कोई जमीन नहीं थी। ये आरोपी कांठ में मुहल्ला फकीरगंज में रहते हैं। आरोप है कि बेगमपुर के तेजपाल पुत्र छुट्टन व नवादड़ी कांठ के हेमराज पुत्र भूप सिंह से आरोपी बलवंत आदि ने फर्जी तरह से संबंधित भूखंड का बैनामा करा रखा था। सौदे के आधार पर आरोपियों ने महिला कांस्टेबल को गाटा संख्या 235 की 140 वर्ग मीटर जमीन पर गलत तरीके से कब्जा कर दिया। यही नहीं, सड़क किनारे स्थित पीड़िता के भूखंड पर षडयंत्र के तहत आरोपियों ने जयवती पत्नी जसपाल और वीरवती पत्नी बलराम निवासी डेरा उमरी कलां के नाम भूखंड का बैनामा करा दिया और इसमें जगदीश व इसका भाई बलराम गवाह बन गया। फिर पीड़िता को गाटा संख्या 235 की 140 वर्ग मीटर जमीन को गलत ढंग से कब्जा करा दिया। पीड़िता का कहना है कि उसके भूखंड के उत्तर में तेजपाल पुत्र छुट्टन की भूमि है। किरन बाला का संबंधित जगह पर कोई भूखंड नहीं है। पीड़ित कांस्टेबल के भूखंड के दक्षिण में हेमराज व आरती की जमीन है। कांस्टेबल का आरोप है कि इस तरह राशन डीलर बलवंत व उसके पांच पुत्रों के साथ ही अन्य लोगों ने धोखा देकर उसकी सड़क किनारे वाले भूखंड को अवैध तरीके से दबंगई के बल पर अवैध कब्जा कर उसके साथ धोखा किया।

आरोपी पीड़िता को दे रहे धमकी

कांस्टेबल वंदना वर्तमान में काशीपुर में तैनात हैं। उन्होंने बताया कि मौके पर देखभाल करने वाला कोई नहीं है। इसका लाभ उठाकर आरोपियों ने उनके साथ धोखाधड़ी कर दी है। आरोपी उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने जैसी तरह-तरह की धमकी दे रहे हैं। इस मामले में कांठ थानाध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह का कहना है कि महिला कांस्टेबल की तरफ से तहरीर प्राप्त हुई है। संबंधित मामले में आठ लोगों के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज की गई है। प्रकरण की जांच कर कार्रवाई कर रहे हैं।

टास्क पूरा करने में ठग लिए 2.53 लाख रुपये

मुरादाबाद, अमृत विचार : पार्ट टाइम जॉब के चक्कर में युवक ने टॉस्क खेले और साइबर ठगों को अपनी कमाई के 2.53 लाख रुपये गवां दिए हैं।

मझोला थाना क्षेत्र निवासी युवक ने पुलिस को बताया है कि पिछले साल 31 अगस्त को उसके मोबाइल पर एक कॉल आई थी। कॉलर ने उसे पार्ट टाइम जॉब का ऑफर दिया था। उसने कहा था कि गूगल मैप पर रेटिंग करने पर रुपये मिलेंगे। इसके बाद कॉल करने वाले जालसाज ने युवक को टेलीग्राम ऐप पर बने ग्रुप में जोड़ लिया था। इसमें टॉस्क आते थे ओर रुपये लगाने होते थे। पीड़ित ने पुलिस को बताया है कि उसे अलग-अलग धनराशि का टास्क खेलने के लिए विवश किया जाता था। वैसे शुरूआत में उसे कुछ लाभ जरूर मिला था। लेकिन, बाद में उसका नुकसान होने लगा था। ठग ने उससे अलग-अलग तिथियों पर कुल 2.53 लाख ट्रांसफर करा लिए थे।

17 पीठासीन अधिकारी रहे अनुपस्थित

राजकीय महिला एवं पुरुष पॉलीटेक्निक में दिया गया मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण कराने के लिए शुक्रवार को पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय और तृतीय का प्रशिक्षण राजकीय पालिटेक्निक (पुरुष) व राजकीय पालिटेक्निक (महिला) में दिया गया।

दो पालियों में चले प्रशिक्षण में 17 पीठासीन अधिकारी अनुपस्थित रहे। प्रशिक्षण में राजकीय पालिटेक्निक (पुरुष) में प्रथम पाली में कुल 143 पीठासीन अधिकारियों में से 140 पीठासीन अधिकारी उपस्थित और 3 अनुपस्थित रहे। 143 प्रथम मतदान अधिकारी में से 141 प्रथम मतदान अधिकारी उपस्थित और 2 अनुपस्थित रहे। 143 द्वितीय मतदान अधिकारियों में से 139 उपस्थित व चार अनुपस्थित रहे। 143 तृतीय मतदान अधिकारियों में से 141 उपस्थित रहे।

महिला पॉलीटेक्निक में प्रशिक्षण के दौरान जानकारी लेते सीडीओ सुमित यादव।

राजकीय पालिटेक्निक (महिला) में प्रथम पाली में 130 पीठासीन अधिकारियों में से 128 उपस्थित रहे। 130 प्रथम मतदान अधिकारी में से 128 उपस्थित और दो अनुपस्थित रहे। 130 द्वितीय मतदान अधिकारियों में से 126 उपस्थित और 4 अनुपस्थित रहे। 130 तृतीय मतदान अधिकारियों में से 129 उपस्थित रहे। इस प्रकार दोनों जगहों के प्रशिक्षण में दोनों पालियों में 546 पीठासीन अधिकारियों में से 529 पीठासीन अधिकारी उपस्थित और 17 अनुपस्थित रहे। 546 प्रथम मतदान अधिकारी में से 538 उपस्थित और 8 अनुपस्थित रहे। 546 द्वितीय मतदान अधिकारियों में से 530 उपस्थित रहे।

546 तृतीय मतदान अधिकारियों में से 539 उपस्थित और 7 तृतीय मतदान अधिकारी अनुपस्थित रहे। पीठासीन अधिकारियों को हस्त-पुस्तिका का वितरण किया गया। प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिया।

महमूदपुर माफी में जमकर चले ईंट-पत्थर, चार नामजद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : महमूदपुर माफी गांव में गुरुवार सुबह जमकर बवाल हुआ। खूब ईंट- पत्थर चले। इसमें एक व्यक्ति नासिर गंभीर रूप से घायल हो गया है। इस घटनाक्रम का घायल पक्ष के पास वीडियो भी है। परिजन शुक्रवार को उसे जिला अस्पताल लेकर आए थे। इस मारपीट में घायल हुए लोगों में नासिर व शानू हैं। घायल नासिर की तरफ से मैनाठेर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज की है। इसमें सत्तार और उसके दो बेटे आसिम व बब्बू एवं भतीजा राज मोहम्मद नामजद हुआ है।

घायल नासिर के परिवार के फिरोज ने बताया कि उनका भाई नासिर गुरुवार को सुबह 9.30 बजे कब्रिस्तान से ईद की नमाज पढ़कर घर लौट रहा था। रास्ते में मौजूद सत्तार और इनके बेटे आसिम एवं बब्बू व भतीजे राज मोहम्मद ट्रक मालिक शानू से झगड़ रहे थे। आरोपी सत्तार ने बकाया हिसाब-किताब करने के लिए अपने बेटे बब्बू के माध्यम से ट्रक मालिक शानू को अपने घर बुलाया था। जब शानू उनके घर पास पहुंचा तो आरोपी अपने घर के बाहर ही खड़े थे। जहां शानू व आरोपी पक्ष में कुछ देर बातचीत के बाद मारपीट शुरू हो गई थी। आरोपी और उसके बेटे-भतीजे शानू पर ईंट व लाठी-डंडा से हमला कर दिया था। इसी मारपीट की चपेट में नासिर आ गया। नासिर के सिर पर ईंट लगी, जिससे उसका सिर फट गया। शोरगुल सुनकर गांव के अरशद अली, मोहम्मद नवी व अन्य कई लोग आ गए थे तो बीच-बचाव होने से उनकी जान बच गई।

जनसंपर्क

बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र में रोड शो के दौरान वोट के लिए अपील करतीं सपा प्रत्याशी।

बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र में सपा प्रत्याशी ने किया जनसंपर्क

मुरादाबाद, अमृत विचार : मुरादाबाद से समाजवादी पार्टी-गठबंधन प्रत्याशी रुचि वीरा ने बढ़ापुर क्षेत्र में विशाल रोड शो के दौरान लोगों से अपने लिए मतदान करने अपील की। प्रत्याशी रुचि वीरा ने बढ़ापुर विधान सभा के अनेक गांवों में सैकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ जनसंपर्क के दौरान लोगों को क्षेत्र में विकास करने भरोसा दिया। इस दौरान प्रत्याशी रुचि वीरा का महिला व पुरुष मतदाताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। शुक्रवार सुबह 10 बजे रोड शो के दौरान सबसे पहले बढ़ापुर विधान सभा के गांव गंगोड़ा, कल्याणपुर, पुरैनी, गौरापुर, सराय, मिलक, हरियावाली, दौलताबाद, रायपुर, कोटकादर, टांडा माइदास पहुंची। इस दौरान वह मतदाताओं से मिली और उन्हें समाजवादी की नीतियों के बारे में जानकारी दी। उधर, समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव के साथ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) जिला कमेटी के जिला प्रभारी रोहिताश राजपूत, जिला सचिव, रामकिशोर रस्तोगी व जिला सचिव थान सिंह से मिली। जहां भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) का समर्थन सपा-काग्रेस गठबंधन प्रत्याशी रुचि वीरा को देने की घोषणा की। उधर सपा-काग्रेस गठबंधन प्रत्याशी रुचि वीरा मिला ने बाला जी मन्दिर एवं नवीन नगर में जनसंपर्क किया। जनसंपर्क और रोड शो में शेख सुलेमान उर्फ पप्पू, शमशाद खां, अख्तर अली, नन्हे सिंह जाटव, मोनू यादव, विकास सागर, रवि, उरमान अली, इस्लाम, शाकिर, शमशुद्दीन, विजय वीर सिंह यादव, विकास चौधरी, विनित यादव, पूर्व मंत्री जुगल किशोर वाल्मीकि आदि लोग उपस्थित रहे।

हाईवे पर कृष्णा फैमिली रेस्टोरेंट में शराब बेचते युवक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ रेस्टोरेंट एवं ढाबा के सेल काउंटर पर बरामद हुई 28 पव्वा देशी शराब

अमृत विचार : दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर स्थित कृष्णा फैमिली रेस्टोरेंट एवं ढाबा में देशी शराब बेचते एक व्यक्ति को आबकारी एवं पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक छत्रपाल पुत्र मोहन मूंढापांडे थाना क्षेत्र के मैम्दीनगर सरकड़ा खास का है।

आबकारी निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि वह क्षेत्र में गश्त पर थे। करीब सात बजे के दौरान उन्हें खबर मिली कि एक व्यक्ति हाईवे पर स्थित कृष्णा फैमिली रेस्टोरेंट-ढाबा से अवैध तरीके से शराब की बिक्री कर रहा है। सूचना पर वह मौके पर जा रहे थे तभी दलपतपुर टोल प्लाजा पर एसएसआई मदनपाल सिंह व कांस्टेबल दिग्विजय सिंह गश्त करते हुए मिले। इन लोगों से आबकारी निरीक्षक ने खबर साझा की और फिर पुलिस टीम के साथ संयुक्त रूप से रेस्टोरेंट पहुंचे थे। जहां आरोपी छत्रपाल पुलिस को देखकर रेस्टोरेंट से भागने लगा लेकिन, उसे दबोचा गया। आरोपी ने बताया कि वह रेस्टोरेंट/ढाबा में देशी शराब बेच रहा था। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि रेस्टोरेंट में जहां और आरोपी मौजूद था, उस स्थान (सेल काउंटर) पर प्लास्टिक के बोरे में रेडिको खेतना मार्का के 16 पव्वा मस्तीह देशी शराब मसाला और 14 पव्वा टेट्रा पाउच गोल्डन पंच देशी शराब के बरामद हुए हैं।

एक नजर

बैसाखी पर्व पर कार्यक्रम का आयोजन

बिलारी, अमृत विचार : मोहल्ला बाजार स्थित गुरुद्वारे में शनिवार को बैसाखी पर्व पर गुरुद्वारे में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। शुक्रवार को पंजाबी महासभा द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें 13 अप्रैल को गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में शाम 8 :00 बजे गुरु ग्रंथ साहब का पाठ होगा। उसके बाद 9 :00 बजे अरदास की जाएगी। उसके बाद गुरु का लंगर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी पंजाबी महासभा के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार चुग ने दी है।

रुपये के लेनदेन में मारपीट चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

भोजपुर, अमृत विचार : मोहल्ला झादेवाला निवासी नूर मोहम्मद ने थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गुरुवार की शाम गुलाम मोहम्मद, शेर मोहम्मद, फैसल सहित चार लोग लाठी-डंडे लेकर आ गए और उधार के रुपए मांगने लगे। रुपये देने में कुछ समय और मांगा तो लाठी डंडों से हमला कर दिया। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग इकट्ठा होते देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

मंडी समिति में सरकारी गेहूं खरीद केंद्र पर तौल हुई शुरू

एक महीने 11 दिन बाद केंद्र पर गेहूं लेकर पहुंचे किसान

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : रतुपुरा रोड स्थित मंडी समिति में विभिन्न एजेंसी की गेहूं खरीद केंद्र पर 1 महीने 12 दिन बाद क्षेत्र के दो किसान गेहूं लेकर पहुंचे। जिस पर एसएमआई नरेंद्र सिंह व जगत नारायण ने किसानों का स्वागत कर मिठाई वितरित की। सरकारी गेहूं खरीद केंद्र पर 82.5 क्विंटल गेहूं की खरीदारी हुई।

शुक्रवार को गांव रामनगर खागूवाला निवासी पिता भवंर सिह व प्रेम सिंह ने अपने गेहूं लेकर मंडी समिति पहुंचे। जिस पर वहां मौजूद नरेंद्र सिंह व जगत नरायण ने दोनों किसानों का स्वागत कर मिठाई खिलाई। बाद में गेहूं की खरीद की। एसएमआई का कहना कि अब किसानों ने अपने खेतों में पकी खड़ी गेहूं की फसल की कटाई व गहाई शुरू कर दी है। बताते चलें कि शासनादेश के तहत 1 मार्च को गेहूं क्रय केंद्र खोल दिए गए थे। लेकिन गेहूं की फसल कच्ची होने के कारण खरीद केंद्रों पर स्टाफ खाली बैठा था। अब क्षेत्र में कटाई प्रारंभ हो चुकी है। उम्मीद है कि अब लगातार किसान अपना गेहूं सरकारी खरीद केंद्रों पर लेकर पहुंचेंगे। इसको लेकर विभाग के कर्मचारी व अधिकारी गांव-गांव जाकर किसानों से अपना गेहूं बिचौलियों के माध्यम से न बेचकर सीधे सरकारी खरीद केंद्रों पर बेचने की अपील कर रहे हैं। किसान के खाते में 48 घंटे के भीतर 2295 प्रति क्विंटल के हिसाब से धनराशि पहुंचेगी।

रतुपुरा मंडी समिति में प्रथम दिन गेहूं की खरीद करते अधिकारी। ● अमृत विचार

फर्जी हस्ताक्षर करने के मामले में महिला सहित तीन पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

फर्जीवाड़ा

- न्यायालय के आदेश पर दर्ज की गई एफआईआर
- लेटरपैड पर फर्जी हस्ताक्षर करने का आरोप

अमृत विचार : राइस मिल के पार्टनर के फर्जी हस्ताक्षर करने के मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने महिला साहित तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

उत्तराखंड के उधमसिंह नगर की कोतवाली काशीपुर के गांव बरखेड़ा पांडे निवासी सुमेर कौशिक पुत्र सजंय शर्मा ने कोर्ट में याचिका दायर कर कहा कि कोतवाली ठाकुरद्वारा क्षेत्र के मुरादाबाद रोड स्थित असलेमपुर गांव के निकट मैसर्स महादेव राइस मिल में किरन कुमारी पत्नी मनोज कुमार निवासी बैजनाथपुर के साथ पार्टनर था। पीड़ित का कहना है कि शासनादेश के अनुसार मिल की भूमि प्राइवेट मिल मालिक के नाम पर होनी चाहिए। ताकि किसी प्रकार की कोई समस्या आने या सरकारी धनराशि बकाया होने पर मिल की भूमि से ये धनराशि वसूल की जाए। तब बैजनाथपुर निवासी ओमप्रकाश पुत्र किशोरी को साझीदार बनाया गया। पीड़ित का कहना था कि इसके बाद वह मिल की पार्टनरशिप से 3 दिसंबर 2023 को हट गया। उस समय तक उक्त फर्म पर कोई देनदारी नहीं थी। इसके बाद थाना डिलारी पर उसके व अन्य पार्टनरों के नाम पर एक केस दर्ज किया गया था। परन्तु उसकी नामजदगी झूठी पाई जाने पर उसका नाम निकाल दिया गया। पीड़ित का आरोप है कि उसकी साझेदारी खत्म होने के बाद बाकी बचे पार्टनर मनोज कुमार पुत्र ओमप्रकाश, किरन कुमारी पत्नी मनोज कुमार व ओमप्रकाश निवासी बैजनाथपुर ने लैटर पैड पर उसके फर्जी हस्ताक्षर कर पैड को उपयोग किया। इस मामले में न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सार-संक्षेप

अमित शाह की रैली में रवाना होते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

अमित शाह को सुनने मुरादाबाद पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता

कुंदरकी/बिलारी, अमृत विचार : शुक्रवार को ब्लॉक क्षेत्र से देश के गृहमंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह को सुनने के लिए कुंदरकी व बिलारी से भाजपा कार्यकर्ता बसों द्वारा मुरादाबाद पहुंचे। मंडल अध्यक्ष रमन भूषण एडवोकेट ने सभी कार्यकर्ताओं को रवाना किया। इनमें महेंद्र प्रजापति, कमल कुमार प्रजापति, बालेचरन वाल्मीकि, रमन भूषण एडवोकेट, ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर, संजय दिवाकर, हाजी मजलूम पाशा, संजय सैनी, नक्शे अली, संजय कश्यप आदि शामिल रहे। वहीं बिलारी से भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष गीता चौधरी के नेतृत्व में अनेकों महिलाओं ने बसों में सवार होकर अमित शाह के कार्यक्रम में पहुंची। इस दौरान मंडल अध्यक्ष गीता चौधरी, निशा त्यागी, गीता कोली, हरबंस कौर, गीता गुप्ता, प्रीति शर्मा,किरण चंद्रवंशी, मनीष कश्यप, शशि सक्सेना, मंजू गुप्ता, बबली, सुमन, कश्मीरी देवी आदि महिलाएं मौजूद रही।

सैयद सालार मसूद गाजी की दरगाह पर चादरपोशी करते हुए वाजिद हुसैन अंसारी।

सैयद सालार मसूद गाजी की दरगाह पर चादर चढ़ाई

बिलारी, अमृत विचार : पूर्व सदस्य कपड़ा मंत्रालय भारत सरकार वाजिद हुसैन अंसारी एडवोकेट ने ग्राम थावंला पहुंच कर सैयद सालार मसूद गाजी की दरगाह पर चादरपोशी की और मुल्क व कौम की तरक्की की दुआ मांगी। शुक्रवार को नगर के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पूर्व सदस्य कपड़ा मंत्रालय भारत सरकार के वाजिद हुसैन अंसारी एडवोकेट ने ग्राम थावंला में चल रहे नेजा के मेले में सैयद सालार मसूद गाजी की दरगाह पर पहुंचकर चादरपोशी कर मुल्क की और अमन चैन और कौम की खुशहाली तरक्की की दुआ मांगी। बताते चलें कि क्षेत्र की सबसे बड़ी हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल सैयद सालार मसूद गाजी की दरगाह थामला में स्थित है। जहां पर सभी धर्म के मानने वाले आते हैं और अकीकत की चादर चढ़ाते हैं। इस अवसर पर सूफी जाहिद, नासिर अंसारी, रिजवान पासा एडवोकेट, नदीम अंसारी, अब्दुल नबी, बाबू सलमानी चौधरी, रियाज़ ,अफनान वाजिद, हुदा वाजिद, अशरफ कुरैशी, मुजाहिद कुरैशी, इदरीस अंसारी, आदि सैकड़ो की तादात में लोग उपस्थित रहे।

मस्जिद के गेट का फीता काट कर किया उद्घाटन

अगवानपुर, अमृत विचार : नगर पंचायत के मोहल्ला सराय फारूक में स्थित शिया सादात मस्जिद में गेट की तामीर का कार्य चल रहा था। तामीर का कार्य पूरा होने के बाद शिया सादात मस्जिद के पेश इमाम मौलाना मो .अब्बास नकवी और शिया जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना सादिक हसन ने फीता काट कर गेट का उद्घाटन किया। मस्जिद के प्रबंधक नैय्यर अब्बास ने बताया कि शिया सादात मस्जिद की कमेटी के सहयोग से लगभग पांच लाख रुपये की लागत में मस्जिद के गेट की तामीर की गई। मस्जिद के कई कार्य पूरे होने बाकी रह गए हैं। उन्हें भी जल्द पूरा किया जाएगा। इस दौरान कैसर अब्बास, शबी अब्बास, इंतेकाब हैदर, मो . हैदर, अंजुम अली, मासूम रज़ा, मो .अब्बास, शानू अब्बास, इरफान हैदर, राहिल नक़वी, गुलज़ार रज़ा, यासीन नक़वी आदि मौजूद रहे।

चौथे दिन किया मां कूष्मांडा का पूजन

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : नगर के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं ने चैत्र नवरात्र के चौथे दिन माता कूष्मांडा की पूजा-अर्चना कर सुख, समृद्धि एवं शांति की कामना की।

शुक्रवार को नगर के श्री रामलीला मंदिर, माता का स्थान सहित नगर के विभिन्न मंदिरों में नागरिकों ने माता कुष्मांडा का विधि विधान के साथ पूजन किया। इस दौरान महिलाओं ने माता रानी के भजन गाकर जगह-जगह पर कीर्तन किए। इस दौरान श्रद्धालुओं ने बताया कि देवी भगवती के कूष्मांडा स्वरूप ने अपनी मंद मुस्कुराहट से ही सृष्टि की रचना की थी, इसलिए देवी कूष्मांडा को सृष्टि की आदि स्वरूपा और आदि शक्ति माना गया है। देवी कूष्मांडा को समर्पित इस दिन का संबंध हरे रंग से जाना जाता है। माता रानी की आठ भुजाएं हैं, जिसमें से सात में उन्होंने कमंडल, धनुष, बाण, कमल का फूल, अमृत का कलश, चक्र, और गदा लिया हुआ है। माता के आठवें हाथ में जप माला है और मां सिंह के वाहन पर सवार हैं।

मंदिर में भजन करतीं महिला श्रद्धालु। ● अमृत विचार

मां दुर्गा के चौथे स्वरूप माता कूष्मांडा की पूजा की

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : चैत्र मास के नवरात्र पर मां दुर्गा देवी के चौथे स्वरूप माता कूष्मांडा देवी की पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। शुक्रवार को नगर के जगह-जगह मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना के बाद मां दुर्गे का जयकारा लगता रहा। मां आदि शक्ति की साधना, आराधना और उपासना के महापर्व पर आस्था हर ओर दिखाई दी। नगर के प्राचीन हनुमान, कोतवाली रोड दुर्गा मंदिर, वडा वाजार स्थित खागेश्वर मन्दिर, हरिहर मन्दिर, चित्र गुप्त मन्दिर, कालरात्रि मन्दिर , मोहल्ला वजारान शिव मन्दिर, स्थित दुर्गा मंदिर, नगर रोड स्थित माता मंदिर, सिचाई कॉलोनी स्थित मंदिर में पूजा की ।

गृह क्लेश के चलते युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

संवाददाता, कुंदरकी

अमृत विचार : शुक्रवार को थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक द्वारा गृह क्लेश के चलते जहरीला पदार्थ खाने का मामला सामने आया। इलाज के दौरान जिला अस्पताल में युवक की मौत हो गई।

पता चला है कि ग्राम खनुपुरा निवासी अभिषेक शर्मा (24) जोकि चार-बहन भाइयों में बड़ा था। घर में किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। बताया गया है कि इसी से क्षुब्ध होकर शुक्रवार को दोपहर को युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसके चलते उसकी हालत बिगड़ गई। यह देख परिजनों में हड़कंप मच गया और युवक को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। बताया गया है कि जहां पर ज्यादा हालत बिगड़ने पर इलाज के दौरान युवक की रात्रि 9:00 बजे के आसपास मौत हो गई। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांचाल ने बताया कि जिला अस्पताल से युवक की मौत के संबंध में मेमो प्राप्त हुआ है युवक के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

विवाहिता ने की आत्महत्या

बाजपुर, अमृत विचार : विवाहिता ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया जिसे बाद में पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के भेज दिया है। शुक्रवार को ग्राम चकरपुर निवासी सरोज (32) पत्नी नरेश कश्यप ने अज्ञात कारणों से घर के कमरे में पंखे में रस्सी डालकर आत्महत्या कर ली।

बड़ौदा विरान के जंगलों में मिले तेंदुए के दो शावक

कांठ, अमृत विचार : बड़ौदा वीरान के जंगलों में तेंदुए के दो शावक मिलने पर ग्रामीणों में भय है।

तहसील क्षेत्र के गांव में तेंदुआ होने की सूचना प्राप्त हो रही है। आए दिन तेंदुआ व शावक ग्राम खलीलपुर कद्दीम में चामुंडा देवी मंदिर के पास गांव के कुछ व्यक्ति ने देखा था। लेकिन गुरुवार को को सांय 6:00 बजे मोहल्ला पट्टी वाला निवासी अंकुल कुमार व उसके दोस्त जंगल में पानी देने गए थे। तभी उनकी नजर खेत में बैठे दो शावक के ऊपर पड़ी। सभी ने नजदीक जाकर तेंदुए के बच्चों को हाथ में उठा लिया, लेकिन तेंदुआ आसपास भी नहीं दिखाई दिया। तभी वन विभाग को इसकी सूचना दी गई थी, लेकिन वन विभाग ने अभी तक कार्रवाई नहीं की। वन विभाग के रेंजर पुष्पेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि उच्चाधिकारियों को इसकी सूचना दे दी गई है। मंजूरी मिलने के बाद ही पिंजरा लगवाया जाएगा।

गाड़ी निकालने के विवाद में प्रधान के भाई से की मारपीट

संवाददाता, कुंदरकी

- एक नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज
- पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल परीक्षण कराया

अमृत विचार : थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में रास्ते से गाड़ी निकालने को लेकर वर्तमान प्रधान के भाई के साथ कुछ लोगों का विवाद हो गया। बात गाली-गलौज से मारपीट तक पहुंच गई।

जिसमें ग्राम प्रधान का भाई घायल हो गया। घायल की शिकायत पर पुलिस ने एक नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के ग्राम अहमदनगर जैतवारा निवासी मोहम्मद उमर पुत्र मोहम्मद हनीफ ने बताया कि वह वर्तमान प्रधान का बड़ा भाई है। उन्होंने बताया कि 10 अप्रैल शाम को गांव में ईद के त्योहार के मद्देनजर सफाई कर्मी से गांव में सफाई करा रहा था। तभी गांव के ही कादिर और उसके दो साले नाम पता अज्ञात उसी रास्ते से गाड़ी से आ रहे थे। तब उसने कहा कि गाड़ी को थोड़ी देर को रोक लो यहां पर सफाई का कार्य चल रहा है। आरोप है कि इसी बात पर तीनों लोग गाड़ी से उतरकर बाहर आ गए और आग बबूला होते हुए गालियां देने लगे। जब उसने विरोध किया तो उन लोगों ने उसके साथ लाठी-डंडों और चाकू से हमला किया। जिससे उसके नीचे के दो दांत टूट गए और उसके मुंह, नाक से खून बहने लगा। शोर शराबे सुनकर उसके छोटे भाई ग्राम प्रधान मोहम्मद उवैस मौके पर आ गए। तब आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण करते हुए आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सफाईकर्मियों का सभासद पर गाली गलौज का आरोप

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : नगर में सफाईकर्मियों ने सभासद पर गाली गलौज व जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

शुक्रवार को उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के नेतृत्व में सफाई कर्मचारियों ने नगर के एक सभासद पर आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। सफाई कर्मियों का कहना है कि ईद पर सभी सफाईकर्मी मस्जिदों के आसपास सफाई करने में लगे थे। इस दौरान सभासद द्वारा सफाई नायक राजेश कुमार को फोन कर जल्दी सफाई कराने के लिए कहा। जिसपर सफाई नायक ने बाद में अन्य जगहों पर सफाई कराने की बात कही थी। इस पर सभासद भड़क गए और सफाई नायक को धमकाने लगे। सभासद के पास गए सफाई कर्मियों को जाति सूचक शब्द कहे। जिससे सफाईकर्मियों में रोष है।

ईद मिलन समारोह में दी मुबारकबाद

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : मुंडिया राजा रोड पर स्थित एक बैंक्वेट हॉल में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक फहीम इरफान ने क्षेत्र से आए लोगों को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश की।

शुक्रवार को आयोजित ईद मिलन समारोह में विधायक मोहम्मद फहीम इरफान ने परंपरागत तरीके से विधानसभा क्षेत्र के अनेक लोगों को आमंत्रित किया। जिसमें सभी ने एक-दूसरे के गले मिलकर ईद-उल-फितर की मुबारकबाद दी। इसके बाद जलपान किया। इस मौके पर सभी धर्मों के लोग पहुंचे। विधायक मोहम्मद फहीम इरफान के अलावा चाचा हाजी मोहम्मद उस्मान, भाई इंजीनियर मोहम्मद वसीम, मोहम्मद हस्सान उर्फ फैजी, मोहम्मद अनस आदि ने लोगों का स्वागत किया। इस दौरान सपा जिला अध्यक्ष मुरादाबाद जयवीर सिंह यादव , सपा संभल जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी, लोकसभा संभल सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क, पूर्व मंत्री अकील उर्हमान खान, पूर्व मंत्री जुगल किशोर वाल्मीकि, फिरोज खान, इश्तियाक सैफी, अमित यादव, सौरभ यादव, चिराग अग्रवाल व अन्य लोग शामिल रहे।

ईद मिलन समारोह में शामिल विधायक मोहम्मद फहीम इरफान व अन्य।

कब्रिस्तान में मरहूमों की कब्र पर अदा की नमाज

बिलारी, अमृत विचार : ईद-उल-फितर पर ईदगाह में नमाज अदा करने के बाद नमाजियों ने कब्रिस्तान पहुंचकर अपने अजीज लोगों की कब्र के पास खड़े होकर दुआ की और अपने मरहूम अजीज को याद किया। इस दौरान पूर्व सभासद मोहम्मद कासिम अंसारी, मोहम्मद रफी राजू, मोहम्मद सुलेमान अंसारी, अशफाक हुसैन मुल्लाजी, मोहम्मद रिजवान, निजामुद्दीन, मोहम्मद नदीम, मोहम्मद वसीम, अहमद राजा अंसारी, अफसर हुसैन, अब्दुल गफ्फार आदि मौजूद रहे।

फर्जी दस्तावेजों से भूमि बेचने में छह पर एफआईआर दर्ज

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : दूसरे की भूमि को अपना बताकर बेचने के मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।

नगर के कदीर तिराहा निवासी राशिद पुत्र स्व अब्दुल कदीर ने न्यायालय में याचिका दायर कर कहा था कि उसकी आराज़ी गाटा संख्या 80 व 79 कुल रकवा 0 ,705 है जो मोहल्ला नई बस्ती वार्ड नं 21 में स्थित है। उक्त भूमि उसकी पैतृक भूमि है। उसमें उसके भाई गुलाम साबिर, व शाकिर अली के अलावा किसी और का कोई वास्ता नहीं है। आरोप है कि उनकी भूमि पर सरताज अली उस्मानी, मोहम्मद रिज़वान, मेहराब नबी, पुत्र मुश्ताक हुसैन, बाबू, मुश्ताक हुसैन व अशफाक हुसैन पुत्र मंजूर हुसैन ने धोखाधड़ी कर हड़पने के इरादे से अन्य लोगों के नाम पर स्टाम्प लिखवा दिए। साथ ही फर्जी विक्रय पत्रों के आधार पर कब्जा दिलाने के प्रयास करने लगे।

आरोप

- आरोपियों पर भूमि पर कब्जा करने का आरोप
- न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की

जिसपर कुछ लोगों के बीच आरोपियों ने फर्जी स्टांप पेपरों को नष्ट करने की बात स्वीकार कर ली और कब्जा न करने का आश्वासन भी दिया था। लेकिन 30 मार्च को आरोपी उक्त आराजी पर कब्जा करने आ गए जिन्हें बमुश्किल रोका गया। इस मामले में न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दिनदहाड़े नोटों से भरा बैग ले उड़े बाइक सवार

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : नगर में दो दिन पूर्व दिनदहाड़े अपाचे बाइक सवार बदमाश दुकानदार का नोटों से भरा बैग लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव काला झांडा निवासी शरीफ पुत्र अब्दुल मजीद नगर के घासमंडी स्लॉटर हाउस के निकट सुबह 10 बजे अपनी दुकान खोल रहा था। दुकानदार के पास बैग में 85 हजार की नकदी व दुकान के रोजाना के उधार आदि का रजिस्टर था। दुकानदार का कहना है कि उसने शटर उठाने के लिए नोटों से भरा बैग नीचे रखा था। जैसे ही वह शटर उठाने लगा इतने में ही बिना नंबर प्लेट की अपाचे बाइक पर दो अज्ञात बदमाशों ने बैग उठा लिया और मौके से फरार हो गए। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उसने युवकों की तलाश की, लेकिन पता नहीं चला।

परेशानी परेशान किसानों ने वन विभाग से की नील गायों को पकड़वाने की मांग

नील गाय किसानों की फसल कर रहीं बर्बाद

संवाददाता, कांठ/छजलैट

अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के कई गांव में नील गायों द्वारा कहर बरसाया जा रहा है। नीलगाय खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रही हैं। किसान इन गायों के झुंड से बहुत ही परेशान हैं। क्षेत्र के किसानों ने वन विभाग से इन गायों को पकड़वाने की मांग की है।

कांठ तहसील क्षेत्र व आसपास के गांव में नील गायों के झुंड देखने को मिले हैं जो खड़ी फसलों में बहुत ही भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं क्योंकि यह सभी एक साथ ही खेतों में दौड़ते हैं तो पूरी फसल को खराब कर देते हैं और जो भी फसल नई बोई हुई है उसको खाकर खराब कर रहे हैं। मोहल्ला पट्टी वाला निवासी सचिन कुमार ने बताया कि उसका खेत झीलों की तरफ पड़ता है। वहां पर एक साथ 25 गायों के झुंड देखे गए। जो पकी खड़ी गेहूं की फसल को बर्बाद कर रहे हैं और गन्ने की खेती को उजाड़ रहे हैं।

जिन व्यक्तियों ने बरसीम बोया है उसको भी बर्बाद किया जा रहा है। ऐसा ही प्रकरण मल्हपुर नजराना के गांव का है। मल्हपुर निवासी वीरेंद्र सिंह का कहना है कि काफी संख्या में नीलगाय खेतों में खड़ी फसलों को खराब कर रही हैं। पहले तो छुट्टा पशुओं द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाया गया। अब नील गाय नुकसान कर रहीं हैं। क्षेत्र के किसानों ने वन विभाग से इन नील गायों को पकड़वाने की मांग की है। शिकायत करने वालों में धर्मवीर सिंह, राजवीर सिंह, सचिन कुमार, कुलदीप कुमार ,अबरार हुसैन, जाहिद, छोटे सिंह, महिपाल सिंह, मणिराज सिंह, बलदेव, राधेश्याम आदि शामिल हैं।

खेतों में घूमतीं नीलगाय। ● अमृत विचार

विवादित बिल्डिंग मामले की होगी जांच

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- नौ साल पहले नीलामी में खरीदी बिल्डिंग पर क्रेता को नहीं मिला कब्जा

अमृत विचार : नरेश कुमार सैनी की विवादित बिल्डिंग के मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) ने दो दिन पहले एक आदेश पारित कर नगर कोतवाली पुलिस को जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। थानाध्यक्ष को निर्देश दिए हैं कि किसी अधीनस्थ वरिष्ठ पुलिस अधिकारी से जांच कराकर 30 अप्रैल तक न्यायालय में रिपोर्ट दाखिल करें।

न्यायालय ने ये आदेश बिल्डिंग क्रेता की अर्जी का संज्ञान लेकर जारी किए हैं। दरअसल, आज से नौ साल पहले भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा हिंदू कॉलेज प्रेम चुनरिया बुध बाजार ने लोन की अदायगी न कर पाने वाले नरेश कुमार सैनी की बिल्डिंग की नीलामी कर दी थी। इसे रेती स्ट्रीट के ट्रेडिंग कारोबारी विरेंद्र सहाय गोयल ने खरीदा था। ये नीलामी 14 मई 2015 को हुई थी। नीलामी के दौरान भवन मालिक नरेश कुमार सैनी जेल में थे। रिहा होने पर उन्होंने बिल्डिंग की गलत व मनमाने ढंग से नीलाम करने के आरोप में लखनऊ में ऋण वसूली न्यायाधिकरण (डीआरटी) में बैंक के विरुद्ध मुकदमा कर दिया था। डीआरटी ने बैंक के विरुद्ध निर्णय सुनाकर वादी पक्ष के हक में फैसला दिया था। जिस पर आज भी संबंधित बिल्डिंग पर नरेश सैनी का ही कब्जा बताया जा रहा है।

संबंधित बिल्डिंग जयंतीपुर में दस सराय भदौरा में है, जो आवासीय एवं कॉमर्शियल दोनों श्रेणी की है। इस बिल्डिंग की नीलामी मई 2015 में होने के समय बैंक भारतीय स्टेट बैंक ऑफ पटियाला था, जो वर्तमान में भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के नाम से जानी जाती है। बिल्डिंग क्रेता ने सीजेएम को बताया है कि बैंक के अधिकारी शुरू से अब तक संबंधित बिल्डिंग पर कब्जा दिला देने का दावा कर रहे हैं लेकिन, उन्हें अब तक कब्जा मिल नहीं पाया है। ऐसे में उन्हें आर्थिक नुकसान भी लगातार कई साल से झेलना पड़ रहा है। यही नहीं, बैंक उनके रुपये भी वापस नहीं कर रहा है। ऐसे में क्रेता ने बैंक पर फर्जी तरीके से धोखा देने की नीयत से और कूटरचित दस्तावेज तैयार कर ठग लेने का आरोप लगाया है। क्रेता का आरोप है कि नीलामी के दौरान बैंक ने संबंधित बिल्डिंग पर अपना कब्जा होने का भी दस्तावेज प्रस्तुत किया था, जाहिर है कि बैंक का यह दस्तावेज भी फर्जी था। क्रेता ने सीजेएम को ये भी बताया है कि पूर्व में भी उन्होंने अपने साथ एसबीआई अधिकारियों की तरफ से की गई जालसाजी के मामले में थाने में सूचना दी थी लेकिन, कोई कार्रवाई नहीं हुई।

एक नजर

युवक पर किया जानलेवा हमला, गंभीर रूप से घायल

अमरोहा, अमृत विचार : देहात थाना क्षेत्र में रंजिश को लेकर तीन लोगों ने युवक पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। इससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव बभ्जदा निवासी ब्रजपाल व राज्यपाल की रंजिश है। शुक्रवार सुबह छज्जा निकालने को लेकर दोनों के बीच मारपीट हो गई। आरोप है कि राजपाल ने अपने साथियों के साथ मिलकर ब्रजपाल पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। लेकिन अभी तक आरोपियों के खिलाफ को कार्रवाई नहीं की गई है।

परिवार परामर्श केंद्र में सात परिवारों का हुआ समझौता

अमरोहा, अमृत विचार : परिवार परामर्श केंद्र में सात परिवारों का समझौता कराया और फिर से एक साथ रहने के लिए घर भेज दिया। परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी उप निरीक्षक शालिनी शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि उनके पास पति पत्नी के बीच हुए विवाद के सात मामले आए थे। सभी परिवार के शिकायती पत्रों की काउंसलिंग करने के बाद उन्हें परामर्श केंद्र बुलाया गया। दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौता करने के बाद उनके नवजीवन को फिर से एक बना दिया। सभी जोड़ों के बीच समझौता करने के बाद उनको एक साथ रहने के लिए घर भेज दिया। प्रभारी ने बताया सभी जोड़ों के बीच समझौता करा कर फिर से परिवार बसाने के निर्देश पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए थे।

चेकिंग अभियान में 543 वाहनों के किए चालान

अमरोहा, अमृत विचार : ट्रैफिक पुलिस ने जिले में शुक्रवार को चेकिंग कर 543 वाहनों के चालान किए हैं। ट्रैफिक इंचार्ज धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि जिले में लोकसभा चुनाव को देखते हुए वाहनों की चेकिंग की जा रही है। 24 घंटे में ट्रैफिक पुलिस ने 543 वाहनों के चालान किए हैं। चारपहिया वाहनों में लगी काली फिल्म को उतारा गया और मादक पदार्थ एवं रुपये भी चेक किए गए।

पुलिस ने जिला बदर के गांव में कराई मुनादी

अमरोहा, अमृत विचार : अमरोहा देहात थाने की पुलिस ने एक जिला बदर के गांव में ढोल बजाकर मुनादी की है। शुक्रवार को अमरोहा देहात पुलिस ने गांव लालू नगला निवासी परवेज को हिस्ट्रीशीटर अपराधी मानते हुए उसे जिला बदर करने की घोषणा की। पुलिस ने गांव के लोगों को सूचित किया कि जिले की सीमा में जिला बदर अपराधी दिखाई देता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

घर में फंदे पर लटकी मिली महिला, हत्या करने का आरोप

गांव जमुना खास की घटना, मृतका के चाचा ने दी तहरीर

संवाददाता, नौगांवा सादात

घटना

- छह वर्ष पहले आसिफ व सलमा ने परिजनों की बिना अनुमित के किया था निकाह

अमृत विचार : संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का शव घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला। बच्चों के रोने चींखने की आवाज आई तो परिजनां की इसकी जानकारी हुई। सूचना मिलते ही मृतका के मायके वाले मौके पर पहुंच गए। उन्होंने ससुराल वालों पर महिला की हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गांव जमुना खास में रियाजुद्दीन अली का परिवार रहता है। इस गांव से सटे गांव खानपुर निवासी अहमद सैफी की पुत्री सलमा और रियाजुद्दीन का पुत्र आसिफ अली गांव के ही जमुना इंटर कॉलेज में पढ़ते थे। दोनों ने परिजनों की बिना मर्जी के छह वर्ष पहले निकाह कर लिया था। आसिफ व सलमा दोनों ही अपने-अपने परिजनों से अलग रह रहे थे। सलमा ने दो बेटियों को जन्म दिया। बड़ी बेटी 3 वर्ष और छोटी बेटी 7 माह की है। आसिफ गांव में ही बर्फ की सिल्लियां अमरोहा से लाकर बेचने का कार्य करता है। मायके वालों ने बताया कि चार माह पहले सलमा के पिता अहमद सैफी की मौत हो गई थी। एक सप्ताह पहले विवाद के बाद आसिफ अली ने सलमा को मारा पीटा था। इसके बाद वह नाराज होकर मायके आ गई। ईद के दिन गुरुवार को आसिफ अपनी ससुराल पहुंचा और सलमा को अपने साथ घर ले गया। ग्रामीणों ने बताया कि आसिफ अमरोहा से बर्फ की सिल्लियां लेने के लिए गया था। गांव में ही बिहार की महिला की मौत हो गई थी। ग्रामीण उसके घर उसे देखने के लिए जा रहे थे। तभी आसिफ के घर से बच्चों के रोने की आवाज आई। ग्रामीणों ने जाकर देखा तो सलमा फंदे पर लटकी हुई थी। उन्होंने फोन पर आसिफ व सलमा के मायके वालों को सूचना दी और पुलिस को भी जानकारी दे दी। इसके बाद मृतका के मायके मौके पर पहुंच गए।

मृतका के भाई इसरार व चाचा मोहम्मद अली ने बताया कि आसिफ ने रात में सलमा को मारा पीटा था। बाद में उसकी हत्या कर फंदे पर लटका दिया। दो बेटियों को जन्म देने के कारण 6 माह से दोनों के बीच संबंध ठीक नहीं थे। इसरार ने आसिफ, रियाजुद्दीन, सास फहमीदा और जेठ के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजलि कटारिया ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

नहाते समय गंगा में दो भाई डूबे, एक की मौत

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : गंगा में नहाते समय दो भाई डूब गए। गोताखोरों ने एक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जबकि डूबने से दूसरे की मौत हो गई। एक घंटा प्रयास के बाद उसे गंगा से बाहर निकाला गया। सीएचसी में भी उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन बिना कार्रवाई के ही उसके शव को अपने साथ ले गए।

जनपद हापुड़ क्षेत्र के गांव असरोदा निवासी सुहेब व उसका भाई सुहेल पुत्र शानू ईद के मौके पर गजरौला थाना क्षेत्र के गांव पपसरा में अपने रिश्तेदारी में आए थे। शुक्रवार दोपहर दोनों भाई गांव के अन्य लोगों के साथ पपसरा स्थित बांध पर गंगा में नहा रहे थे। नहाते समय उन्होंने पानी में अठखेलियां शुरू कर दीं। सुहेब व सुहेल भी अठखेलियां करने लगे। तभी दोनों भाई गहरे पानी में चले गए।

दोनों को डूबता देखकर लोगों ने शोर मचाया तो गांव से अन्य भी पहुंच गए। इस बीच गोताखोर दोनों बचाने के लिए गंगा में कूद गए। उन्होंने सुहेल को बचा लिया, जबकि सुहेब पानी में डूब गया। सुहेल को गजरौला के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

गोताखोरों ने एक घंटा प्रयास करने के बाद सुहेब को पानी से बाहर निकाला। सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। सुहेब को सीएचसी ले जाया गया। वहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बिना सूचना दिए ही परिजन उसका शव अपने घर ले गए। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

नदी में डूबने से जा चुकी है चार लोगों की जान

जिले में दो सप्ताह में गंगा और नहर में डूबने से चार लोगों की मौत हो चुकी है। हालांकि कुल 11 लोग डूब चुके हैं। लेकिन गोताखोरों की मदद से 9 लोगों को बचा लिया गया है। जिले में नदी में डूबने की घटनाएं बढ़ रही हैं। लेकिन गर्मी से राहत पाने के लिए लोग नदी में नहाने से नहीं मान रहे हैं। इसके चलते कई लोगों की जान जा चुकी है। शुक्रवार को भी गजरौला क्षेत्र स्थित गंगा में डूबने से हापुड़ के रहने वाले किशोर की मौत हो गई।

भाजपा नेता के घर में घुसकर मारपीट, रिपोर्ट

बुरावली, अमृत विचार : गांव बुरावली में गुरुवार रात भाजपा नेता के घर में घुसकर मारपीट की गई जिससे एक व्यक्ति घायल हो गया।

बुरावली निवासी भाजपा के मुस्लिम मोर्चा मंडल के अध्यक्ष रिफाकत चौधरी अपने चाचा निशात के साथ गुरुवार को ईद मिलने जा रहे थे। रास्ते में गांव के कुछ लोगों से कहासुनी हो गई। कुछ ही देर बाद कुछ लोग चुनावी रंजिश मानते हुए डंडे लेकर उनके घर पहुंचे। घर में घुसकर भाजपा नेता व उनके चाचा और परिवार के लोगों को पीटा। यह घटनाक्रम केमरे में कैद हो गया। उनके घर के बाहर खड़ी गाड़ी के शीशे भी तोड़ दिए। मारपीट कर दबंग धमकी देकर वहां से फरार हो गए। सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने जांच की। पीड़ित निशात ने थाने में तहरीर दी। थाना प्रभारी रमेश सहरावत ने बताया कि तहरीर पर नासिर, हारिश, राशिद के खिलाफ मामला पंजीकृत किया गया है।

दो पक्षों में चले चाकू, वीडियो वायरल

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : दुकान के आगे से बाइक हटाने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। इस दौरान चाकू-छुरी चली। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मारपीट में चार लोग घायल हो गए। घायल कोतवाली पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

यह घटना गुरुवार देर रात्रि मोहल्ला होली वाला की है। दअरसल, यहां के निवासी साहदत पुत्र अमीर राजा अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। दुकान के बाहर स्कूटी खड़ी थी। तभी लाल बाग की दिशा की ओर से एक कार आई और स्कूटी में टक्कर मार दी। इसके बाद कार में से अदनान, दानिश, रियाज कुरेशी सहित चार लोग उतरे और उन्होंने मारपीट करनी शुरू कर दी। मारपीट के दौरान चाकू से उन्होंने वार कर दिया। इसमें राशिद,अफजल, साहदत व अनस घायल हो गया।

अस्पताल में घायल का उपचार करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

इस बीच किसी मोहल्ले लोगों ने मारपीट की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। घायल कोतवाली पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने तहरीर लेकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। जहां रशीद व अफजल की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

मार्ग पर पशु बांधने को लेकर मारपीट, घायल

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रास्ते में पशु बांधने को लेकर दो परिवारों में नोकझोंक के बाद मारपीट हो गई। मारपीट में दो लोग घायल हो गए। घायल परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचे और एक दूसरे पर आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर लेकर दोनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया।

यह मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव मंगरौला का है। यहां दर्शन सिंह व सूबे सिंह के मकान पास पास है। दर्शन सिंह अपने पशुओं को मार्ग में बनता है। इसका पड़ोसी सूबे सिंह विरोध करता है। उसका कहना है कि पशु सड़क पर बांधने से गंदगी हो जाती है। शुक्रवार को सूबे सिंह खेत में कार्य करने गया था। घर उसकी पत्नी संतोष अकेली थी। आरोप है कि पशु बांधने को लेकर संतोष एवं दर्शन सिंह की पत्नी सरोज में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई जिससे दर्शन सिंह एवं संतोष घायल हो गए।

वकीलों ने एक-दूसरे को दी ईद और नवरात्र की बधाई

हसनपुर, अमृत विचार : तहसील बार एसोसिएशन के ईद मिलन समारोह में अधिवक्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी। बार अध्यक्ष गंगासरन ने सभी से आपसी द्वेष और नाराजगी को भुलाकर खुशी में शामिल होने का आह्वान किया।

बार के महासचिव सुरमित कुमार गुप्त एडवोकेट ने लखनऊ में संपन्न बार काउंसिल ऑफ इंडिया एवं उत्तर प्रदेश बार काउंसिल द्वारा आयोजित सेमिनार में सदन को जानकारी दी। आफताब आलम ने कहा कि ईद एवं नवसंवत्सर को सामाजिक समरसता के राष्ट्रीय एकता के त्योहार के रूप में मनाया गया। वरिष्ठ अधिवक्ता मुजाहिद चौधरी ने कहा कि यहां हर घर में खुशियां हैं, खुशी हर दिल पे छाई है। जहां मातम है वहशत है वहां भी ईद आई है। इस दौरान एल्डर कमेटी के अध्यक्ष शिवचरन सिंह, श्यौराज राणा, पूर्व अध्यक्ष गजेंद्र सिंह आदि रहे।

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, रहरा/बुरावली

अमृत विचार : रहरा थाने की पुलिस ने चोरी का खुलासा करते हुए तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सात लाख रुपये की कीमत के 43 मोबाइल बरामद किए हैं। पांच मोबाइल के डिब्बे, केबल और अन्य सामान बरामद किया है।

रहरा थाना प्रभारी रमेश सहरावत ने बताया कि गुरुवार रात पुलिस बांसका कला तिराहा पर वाहन चेकिंग कर रही थी। इस दौरान बाइक सवार तीन आरोपियों सेंकी, राजाबाद, राजकुमार निवासी मटीपुरा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 43 मोबाइल बरामद किए हैं।

साथ ही 5 मोबाइलों के डिब्ब, केबल व बैग बरामद किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों ने सभी सामान गांव गंगावार में मोबाइल की दुकान में चोरी कर चुराया था। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

एडीओ पंचायत को धमकाने पर सफाई कर्मचारी निलंबित

अमरोहा, अमृत विचार : जोया ब्लॉक के एडीओ पंचायत अधिकारी को धमकाने के आरोप में एक सफाई कर्मचारी को निलंबित कर दिया गया है। उस के खिलाफ विभागीय कार्रवाई निर्देश दिए गए हैं।

जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसोदिया ने शुक्रवार को बताया कि जोया ब्लॉक के एडीओ पंचायत नरेंद्र कुमार को सफाई कर्मचारी राजपाल ने फोन पर धमकी दी थी। इस मामले की शिकायत एडीओ पंचायत ने जिला पंचायत राज अधिकारी से की थी। शिकायत के बाद जिला पंचायत राज अधिकारी ने सफाई कर्मचारी को निलंबित कर दिया। बताया गया कि पंचायत राज अधिकारी ने सफाई कर्मचारी से गांव में काम करने के लिए कहा था। इस पर वह भड़क गया था।

पत्नी को लेने ससुराल आए दामाद को पीटा, दी तहरीर

संवाददाता, हसनपुर

विवाद

- दहेज के लिए पत्नी को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया
- गांव घंसूरपुर की घटना, पुलिस मामले की जांच में जुटी

अमृत विचार : ईद पर पत्नी को लेने ससुराल पहुंचे किसान को मारा पीटा गया। इससे वह घायल हो गया। पीड़ित ने कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। उधर, सुसराल वालों ने दहेज के लिए बेटी को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

नगर में संभल मार्ग स्थित अब्दुल्लाह कॉलोनी निवासी जाकिर की पुत्री जैनब की शादी 3 वर्ष पहले गांव घंसूरपुर के रहने वाले मुजम्मिल के साथ हुई थी। जाकिर का आरोप है कि मुजम्मिल दहेज के लिए उसकी पुत्री को प्रताड़ित करता है। 18 मार्च को उसने अपने पुत्र को भेजकर बेटी को घर बुला लिया। मुजम्मिल अपनी पत्नी को लेने के लिए अपने दो साथियों के साथ शुक्रवार को ससुराल पहुंचा, जहां कहासुनी के बाद मारपीट हो गई जिससे मुजम्मिल घायल हो गया। इसके बाद पीड़ित कोतवाली पहुंचा और ससुराल पक्ष पर आरोप लगाते हुए तहरीर दी।

पुलिस ने तहरीर लेकर घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। वरिष्ठ उप निरीक्षक शोकेंद्र सिंह ने बताया कि मारपीट की तहरीर प्राप्त हुई है। घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया गया। जांच की जा रही है।

सड़क हादसे में साले की मौत, बहनोई जख्मी

मंडी धनौरा, अमृत विचार : ननिहाल से लौट रहे युवक की धामपुर में सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि उसका बहनोई गंभीर घायल हो गया। उको अस्पताल में भर्ती कराया गया। क्षेत्र के गांव रसूलपुर भांवर निवासी संदीप सिंह (20) पुत्र जसवीर सिंह अपने बहनोई सुरजीत के साथ कालागढ़ अपनी ननिहाल गया था।

शुक्रवार को वहां से लौटते वक्त धामपुर के पास एक रोडवेज की बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में संदीप की मौत हो गई। जबकि सुरजीत गंभीर घायल हो गया। घायल का उपचार चल रहा है। हादसे में बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक के परिजन घटनास्थल की ओर रवाना हो गए।

चैत्र नवरात्र शक्तिपीठ मां चामुंडा मंदिर में जुटी भक्तों की भीड़, फल, फूल और प्रसाद भेंट किया

मां कूष्मांडा की पूजा-अर्चना कर मांगी सुख समृद्धि

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : चैत्र नवरात्र के चौथे दिन शुक्रवार को भगवती मंडल की चौथी मां कूष्मांडा की भक्तों ने पूजा अर्चना की। सुबह से ही देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ जुटी रही।

नगर स्थित शक्तिपीठ मां चामुंडा मंदिर में मां कूष्मांडा की पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों की भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। जो देर रात तक सिलसिला चलता रहा। भक्तों ने मां कूष्मांडा की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर फल, फूल एवं प्रसाद भेंट किए गए। भक्तों ने माता रानी की ज्योत की। मां चामुंडा मंदिर के पुजारी पंडित सोमदत्त शर्मा ने बताया कि मां की हंसी और ब्राह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण ही इन्हें कूष्मांडा देवी कहा जाता है। इस समय सृष्टि नहीं थी। चारों और अंधकार ही था। तब देवी ने अपनी हंसी से ही ब्राह्माण्ड की रचना की थी। इसलिए यही सृष्टि की आदि-स्वरूपा आदि शक्ति हैं। मां के सात हाथों में कमंडल, धनुष बाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र व गदा है। आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है। मां का निवास सूर्यमंडल के भीतर माना जाता है। जहां कोई भी निवास नहीं कर सकता। मां कूष्मांडा की पूजा अर्चना से सभी प्रकार के रोग और परेशानी समाप्त हो जाती है। मान्यता है मां कूष्मांडा कम सेवा और भक्ति से प्रसन्न हो जाती हैं। मां के इस स्वरूप की पूजा से आयु, यश, बल, और स्वास्थ्य में वृद्धि होती है। मंदिरों के बाहर पुलिस फोर्स तैनात रहा।

मंदिर में पूजा-अर्चना करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

श्री राम जन्मोत्सव पर निकाली जाएगी शोभायात्रा

हसनपुर, अमृत विचार : श्री राम जन्मोत्सव रामनवमी पर नगर के मुख्य मार्गों पर शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा का आरंभ विधायक व पालिकाध्यक्ष करेंगे। प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव पर शोभायात्रा का आयोजन श्री झारखंड महादेव शिव कावड़ बेड़ा की ओर से किया जाएगा। शोभायात्रा 17 अप्रैल को श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर से प्रारंभ होगी और नगर के मुख्य मार्गों पर भ्रमण करते हुए शिवाला मंदिर पर पहुंचकर संपन्न होगी। मुख्य अतिथि विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, विशिष्ट अतिथि पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी होंगे। श्री झारखंड महादेव शिव कावड़ बेड़ा के अध्यक्ष विपिन हिंदुस्तानी ने बताया कि प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव पर निकलने वाली शोभायात्रा में कलाकारों की झांकियां शामिल रहेंगी।

सार-संक्षेप

नगर में मतदान के प्रति व्यापारियों को जागरूक करतीं छात्राएं व अध्यापिकाएं।

छात्राओं ने मतदान के प्रति जागरूक किया

हसनपुर, अमृत विचार : नगर स्थित इंटर कॉलेज की छात्राओं ने अध्यापिकाओं के साथ नगर में भ्रमण कर व्यापारियों को मतदान करने के प्रति जागरूक कर दुकानों पर स्टीकर चिपकाए। शुक्रवार को नगर स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रभारी प्रधानाचार्या विनीता यादव के निर्देशन में छात्राओं ने मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया। डोर टू डोर जाकर लोगों को 26 अप्रैल को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। प्रभारी प्रीति चौधरी ने दुकानदारों, महिलाओं व युवाओं से मतदान करने की अपील की। इस दौरान अध्यापिका सुमनलता वर्मा, प्रीति चौधरी, दीप्ति कुमारी, शैली राजपूत, खालिदा नसरीन आदि रहीं।

शत-प्रतिशत मतदान का लिया संकल्प

हसनपुर, अमृत विचार : भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। गांव नगलिया मुंशी में गनपत सिंह के आवास पर मतदाताओं को जागरूक किया और शत प्रतिशत एवं निष्ठापूर्वक मतदान करने की शपथ दिलाई गई। जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि 26 अप्रैल को सभी लोग पहले मतदान और बाद में जलपान का अनुसरण करे। जो मतदान में भाग नहीं लेते हैं वे राष्ट्र हित की कभी सोच नहीं रख सकते। इस दौरान रूपचंद चौहान, डॉ. जगत सिंह, करनसिंह, बाबूराम सिंह, रामगोपाल सिंह, साहब सिंह, अमर सिंह, विक्रम सिंह, विजेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

कर्मचारियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

अमरोहा, अमृत विचार : समाज कल्याण अधिकारी आशीष कुमार के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। लोगों को चुनाव में मतदान करने के लिए जागरूक किया। विकास भवन से जिला समाज कल्याण अधिकारी के नेतृत्व में शुक्रवार को कर्मचारियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली विभिन्न मार्गो से होती हुई वापस विकास भवन पहुंची। रैली में शामिल कर्मचारियों नगर के लोगों से आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए जागरूक किया और उनको मतदान के संबंध में जानकारी दी। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि कर्मचारियों के साथ किन्नर भी शामिल थे। जिन्होंने घर-घर जाकर महिलाओं और पुरुषों को मतदान का महत्व बताते हुए जागरूक किया।

श्री श्याम मित्र मंडल की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

सातवीं बार कार्यकारिणी के अध्यक्ष चुने गए डॉ. राजीव

गजरौला, अमृत विचार : श्री श्याम मित्र मंडल की बैठक में सातवीं बार निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. राजीव शुक्ल को ही कार्यकारिणी का अध्यक्ष चुना गया। इस दौरान 11 व 12 मई को रामनवमी महोत्सव मनाने पर मंथन किया गया। नवीन कार्यकारिणी की शपथ 20 अप्रैल को प्रस्तावित की गई। संजय सैनी को प्रबंधक, अंकुर सिंघल को महासचिव, वैभव गोयल को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। एसबी त्रिपाठी, देवेश शर्मा, अंकुर मित्तल, रोहित बंसल व विशाल शर्मा को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। प्रशांक, आदित्य, विट्ठल, आकाश, शलभ को उपप्रबंधक की जिम्मेदारी मिली। अंकित अग्रवाल, अमित अग्रवाल, हर्षी सिंघल, आयुष जिंदल, लकी कौशिक को सचिव की जिम्मेदारी दी गई। शुभम सिंघल सह कोषाध्यक्ष, अनुराग शर्मा व निश्चल शर्मा चरण पादुका सेवा, पंकज शर्मा को मंच संचालक, राकेश चौहान को विधि सलाहकार के पद पर मनोनीत किया गया। संरक्षक मण्डल में कपिल गोयल, डॉ.आशुतोष भूषण शर्मा, विवेक अग्रवाल, जीपी सिंह, संजय सिंघल, अम्बरीश बंसल, नवीन सिंघल, संजीव सिंघल आदि को चुना गया। डॉ.राजीव शुक्ल ने कहा कि इस वर्ष भी धूमधाम से महोत्सव आयोजित होगा।

समस्या को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

श्मशान घाट की ओर से पानी जाने के विरोध में प्रदर्शन

बुरावली, अमृत विचार : गांव बुरावली में जलनिकासी की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। घरों का पानी सड़कों पर भरा रहता था। गांव में मच्छर पनप रहे है। इससे बिमारी फैलने का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीण जल निकासी की मांग रहे थे। ग्रामीणों की मांग पर जिला पंचायत निधि से नाला बनने की स्वीकृति मिली। धनराशि भी आवंटित हो चुकी है। गांव में नाला बनाया जा रहा है। लेकिन कुछ ग्रामीणों ने यहां जल निकासी का विरोध किया। श्मशान घाट की ओर पानी जाने का विरोध किया। प्रदर्शन करने वालों में कुंवरपाल, मोनू ठाकुर, बलेश, पूर्व प्रधान सतपाल, मनोज, मोहित, इंद्रजीत, नन्हुवा, मीना, फूलवती, सुरेश, मोमराज, शेर सिंह आदि रहे। ग्राम प्रधान के पति जफर जूरीद ने बताया कि जिला पंचायत से नाला स्वीकृत किया गया है। पैमाइश कराकर इसका निस्तारण किया जाएगा।

आज 12 मोहल्लों की बिजली रहेगी गुल

गजरौला, अमृत विचार : बिजली उपकेंद्र के टाउन-टू का एबी केबल बदलने की वजह से शनिवार सुबह शहर के 12 मोहल्लों की बिजली गुल रहेगी। सात घंटे बिजली आपूर्ति बाधित करने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करने पड़ेगा। पेयजल आपूर्ति भी चरमराएगी। गर्मी का मौसम शुरू होते ही बिजली व्यवस्था चरमराने लगी है। शहर के बिजली उपकेंद्र का टाउन टू का एबी केबल खराब हो गया है। ऐसे में बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। एबी केबल को बदलने का कार्य शनिवार सुबह सात बजे से किया जाएगा। जेई अजय कुमार ने बताया कि इस दौरान टाउन टू की बिजली पूरी तरह प्रभावित रहेगी। लक्ष्मीनगर, सुल्तानठेर, बसंत विहार, मछली मंडी, अल्लीपुर, नाईपुरा, शांतिनगर, सादुल्लापुर मार्ग, कालरा स्टेट समेत 12 मोहल्लों की बिजली आपूर्ति करीब सात घंटे बाधित रहेगी।

कार की मांग पूरी न होने पर युवक ने तोड़ा रिश्ता

अमरोहा, अमृत विचार : रजबपुर थाना क्षेत्र में शादी में कार की मांग पूरी न होने पर युवक पक्ष के लोगों ने युवती से रिश्ता तोड़ दिया। पंचायत के बाद भी वे नहीं माने। इस मामले में तहरीर पुलिस ने आरोपी युवक व उसके परिजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गांव पीपली दाऊद निवासी राजपाल सिंह ने अपनी बेटी का रिश्ता मुरादाबाद जिले में गांव छज्जूपुर निवासी सनी पुत्र प्रमोद के साथ तय किया था। गोदभराई की रस्म के बाद 23 अप्रैल को शादी होनी थी। युवती के परिजनों का आरोप है कि दहेज में स्कॉर्पियो की मांग रख दी गई। बाद में कार देने को कहा तो भी युवक तैयार नहीं हुआ और उसने रिश्ता तोड़ने की बात की। युवती पक्ष ने कई बार पंचायत की। लेकिन बात नहीं बनी। अंत में युवक ने रिश्ता तोड़ दिया। राजपाल ने पुत्री का रिश्ता तोड़ने पर पुलिस को तहरीर देकर 6 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

एक नजर

40 लीटर कच्ची शराब के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

गुन्नौर अमृत विचार : कोतवाल संजीव बालियान ने बताया कि उप निरीक्षक सत्येंद्र कुमार पुलिस टीम के साथ मेरठ बदायूं हाईवे स्थित मुंडा मुहल्ले की पुलिया पर गश्त करते हुए पहुंचे तो एक व्यक्ति हाथ में एक प्लास्टिक की कैन ले जाते हुए दिखाई दिया। पुलिस ने शक होने पर उसे रोका और दबोच लिया। बताया कि मुहल्ला जमुना निवासी राधाचरण को 40 लीटर कच्ची शराब भरी कैन के साथ गिरफ्तार कर धारा 60 आबकारी एक्ट में कार्रवाई करते हुए चालान किया गया।

एससी-एसटी एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र के गांव चमरौआ निवासी एससी एसटी एक्ट का आरोपी नसीम शुक्रवार को तमंचा लेकर किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में गांव कसेरवा जाने वाले रास्ते पर पुलिया के पास घूम रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और तमंचा बरामद कर नसीम को गिरफ्तार कर लिया।

तमंचा के साथ एक गिरफ्तार

धनारी, अमृत विचार : धनारी थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी बिचौला निवासी तमरेज शुक्रवार को गांव पाठकपुर कोठा मार्ग पर इस्लामनगर तिराहे के पास खड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और तमरेज से पूछताछ की। तलाशी लेने पर तमंचा बरामद हुआ तो पुलिस ने तमरेज को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर उसका चालान कर दिया।

मांस बेचने का आरोपी पकड़ा गया

संभल,अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र के मुहल्ला हातिम सराय निवासी गैंगस्टर पुलिस रिकार्ड में सलमान गैंग लीडर असमोली थाना क्षेत्र के गांव विलालपत निवासी इमामी उर्फ आलम के गिरोह का सदस्य है। इमामी अपने गिरोह के सदस्यों के साथ मिलकर ग्रामीण क्षेत्र से चोरी करने के बाद प्रतिबंधित पशुओं का वध कर उनका मांस बेचने का काम करता है। कोतवाली क्षेत्र के गांव चिमयावली में प्रतिबंधित पशुओं के अवशेष मिलने के बाद इस गैंग का पता चला तो पुलिस ने गैंग लीडर सहित गैंग के 21 सदस्यों के खिलाफ गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की थी।

पहले दिन कोई नामांकन नहीं, 16 प्रत्याशियों ने लिए 32 पर्चे

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संभल लोकसभा के लिए जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय में नामांकन प्रक्रिया शुरू

संवाददाता,बहजोई

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय में नामांकन प्रक्रिया आरंभ हुई। प्रथम दिन जहां किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। वहीं दूसरी ओर 16 प्रत्याशियों के लिए 32 नामांकन पत्र लिए गए। नामांकन कराने आने वाले प्रत्याशियों के लिए कार्पेट बिछाया गया था। नामांकन स्थल को सजाया गया था।

कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह 11 बजे से नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हुई। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया।

नामांकन स्थल पर आने वालों को गहन तलाशी के बीच नामांकन स्थल पर प्रवेश दिया गया। प्रथम दिन नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए दोपहर 3 बजे तक कोई भी प्रत्याशी नहीं पहुचा। जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय में अधिकारी प्रत्याशियों का इंतजार करते नजर आए। वहीं प्रत्याशियों के लिए उनके अधिवक्ता व प्रस्तावक जरूर नामांकन पत्र खरीदने के लिए नामांकन स्थल तक पहुंचे। दोपहर 3 तक विभिन्न 16 प्रत्याशियों के लिए 32 नामांकन पत्र लिए गए।

नामांकन स्थल के गेट पर पुलिसकर्मियों को निर्देश देते सीओ दीपक तिवारी।

बहजोई में नामांकन स्थल के रास्ते पर बिछाया गया कारपेट। ● अमृत विचार

सुरक्षा के सख्त प्रबंध, चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात

बहजोई, अमृत विचार : सुरक्षा नोडल अधिकारी एएसपी अनुकृति शर्मा के नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए। जहां बहजोई चंदौसी मार्ग पर पार्किंग स्थल पर बाहर तक पुलिस बल तैनात किया गया तो वहीं यहां से नामांकन स्थल तक पहुंचने तक तीन बैरियर बनाए गए। जो भी व्यक्ति नामांकन स्थल पर पहुंच रहा था उसको तलाशी के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा था। वहीं नामांकन स्थल पर सीओ बहजोई दीपक तिवारी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात रहा।

बिछाया गया कारपेट, सज गया कलेक्ट्रेट

बहजोई, अमृत विचार : अब तक मतदाताओं को लुभाने के लिए मतदान केंद्रों को सजाया जाता था। इस बार निर्वाचन आयोग ने प्रत्याशियों के लिए भी प्रत्याशियों के लिए खास व्यवस्था की है। उनके स्वागत के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से जहां बड़ा मैदान से नामांकन स्थल पर जमीन पर चलने के लिए कारपेट बिछाया गया तो वहीं दूसरी ओर बड़ा मैदान से ही नामांकन स्थल तक कलेक्ट्रेट को सजाया गया। मुख्य द्वार पर फूलों से सजे रंग-बिरंगे गेट लगाए गए। नामांकन स्थल के नजदीक पहुंचने पर भी फूलों से सजा द्वार बनाया गया।

छह निर्दलीय प्रत्याशियों के लिए भी पर्चे लिए गए

बहजोई, अमृत विचार : प्रथम दिन लोक पार्टी के लिए एक, अखिल भारतीय हिंदू महासभा के लिए एक, पीस पार्टी के लिए एक, राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के लिए एक, समाजवादी पार्टी के लिए एक, आम आदमी पार्टी के लिए एक, बहुजन समाज पार्टी के लिए तीन, किसान क्रांति दल के लिए दो, जनता शासन पार्टी के लिए दो, भारतीय जनता पार्टी के लिए चार, छह निर्दलीय प्रत्याशियों के लिए पर्चे लिए गए हैं।

नियमों के मुताबिक होगी नामांकन प्रक्रिया: डीएम

बहजोई, अमृत विचार : नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ होने से पहले जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कलेक्ट्रेट सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि 12 से 19 अप्रैल तक नामांकन प्रक्रिया चलेगी। यह प्रक्रिया सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक चलेगी। प्रत्याशियों सहित पांच लोग नामांकन कक्ष में जाकर अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं।

यह देशहित में मतदान करने का समय : संभव

गुन्नौर अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से शुरू हुए नववर्ष उत्सव के तहत कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को राष्ट्र, धर्म की रक्षा और जीवन मूल्यों की पुनः प्रतिष्ठा का संकल्प कराया जा रहा है।

शुक्रवार को मुहल्ला सराय में स्थित सीताराम मंदिर पर आरएसएस की सरदार भगत सिंह शाखा द्वारा कार्यक्रम किया गया। आरएसएस के सह जिला कार्यवाह संभव जैन ने कहा कि इस बार वर्ष के प्रारंभ में ही देशहित में मतदान करने का समय है। ऐसे में राष्ट्र धर्म की रक्षा के लिए सभी लोग शत प्रतिशत मतदान का संकल्प लें। मतदान के दिन पहला मतदान मेरा यह प्रतिस्पर्धा कर शत प्रतिशत वोट करें। उन्होंने कहा कि हमें राष्ट्र, धर्म की रक्षा तथा हिन्दू जीवन मूल्यों की पुनः प्रतिष्ठा हेतु हर घर में संस्कार, हर मंदिर में सत्संग और प्रतिदिन यज्ञ, योग, ध्यान व प्राणायाम के साथ परिवार प्रबोधन पर भी ध्यान देना होगा। इस दौरान मंदिर के प्रबंधक देवदत्त शर्मा, नेक सिंह कुशवाहा, रामबाबू आदि रहे।

वाहन की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत, पांच घायल

संवाददाता,बहजोई

▸▸ ई-रिक्शा में सवार होकर खेत में गेहूं काटने जा रहे थे ग्रामीण

अमृत विचार: सड़क किनारे खड़े ई-रिक्शा में दुग्ध वाहन (पिकअप) ने टक्कर मार दी। इससे ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए। हादसे में ई-रिक्शा चालक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन महिलाओं सहित चार लाग गंभीर रूप से घायल हो गए।

बहजोई के गांव बेहटा जयसिंह निवासी राजकुमार अपनी पत्नी चित्रा, बेटी ज्योति, महिला भगवती पत्नी विनोद, मीना पत्नी अमर सिंह व देशपाल पुत्र शिवचरण के साथ खेत में गेहूं काटने जा रहे थे। बेहटा जयसिंह चौराहे के निकट मंदिर पर पहुंचे तो देशपाल ने पानी लेने के लिए ई-रिक्शा रुकवा लिया। देशपाल पानी लेने उतरा तो संभल की ओर से आ रही पिकअप ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। पिकअप की टक्कर से ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए। ई-रिक्शा में सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पिकअप चालक बबलू निवासी शेरुआ भी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को उपचार के लिए बहजोई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

जहां पर चिकित्सक ने ई-रिक्शा चालक राजकुमार को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद संभल जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मौके पर कोतवाल सत्येंद्र पवार पहुंच गए। वहां उन्होंने घटना की जानकारी की। पुलिस ने पिकअप चालक बबलू को हिरासत में ले लिया है।

अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत पर भड़के परिजनों ने किया हंगामा

संवाददाता, संभल/सरायतरीन

अमृत विचार: हयातनगर थाना क्षेत्र में स्थित निजी अस्पताल में ऑपरेशन के बाद जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही करने का आरोप लगाकर हंगामा किया।

सरायतरीन निवासी आसिफ ने प्रसव पीड़ा होने पर पत्नी हुस्न बानो 35 वर्ष को गुरुवार को संभल बहजोई मार्ग पर स्थित निजी अस्पताल में डिलीवरी के लिए भर्ती कराया था। परिजनों का कहना है कि डॉक्टर ने सुरक्षित प्रसव कराने की जिम्मेदारी लेकर हुस्न बानो को अस्पताल में भर्ती किया था। देर रात ऑपरेशन के बाद महिला ने बच्ची को जन्म दिया। जन्म लेने के थोड़ी देर बाद ही बच्ची की मौत हो गई। इसके बाद महिला की भी हालत बिगड़ गई। आरोप है कि हालत बिगड़ने पर डॉक्टर ने परिजनों से सब कुछ नॉर्मल होने की बात कहकर महिला को दूसरे अस्पताल में भर्ती कराने को कहा। जिसके बाद परिजन महिला को संभल चंदौसी मार्ग पर स्थित दूसरे अस्पताल में लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। परिजन महिला का शव लेकर वापस सरायतरीन स्थित अस्पताल आ गए और डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा करते हुए सड़क के किनारे शव रखकर संभल बहजोई मार्ग पर जाम लगाने की कोशिश करने लगे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझा-बुझाकर जाम लगाने से रोका। थाना प्रभारी संत कुमार ने बताया कि पंचनामा भरकर महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

महिला की मौत के बाद परिजनों से जानकारी लेते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

▸▸ डॉक्टर पर लगाया लापरवाही का आरोप,जाम लगाने की कोशिश की

सार-संक्षेप

बेटी की शादी के कार्ड बांटने जा रहे पिता की हादसे में मौत

संभल/ओबरी, अमृत विचार : बेटी की शादी के कार्ड बांटने दिल्ली जाते वक्त बाइक सवार कारपेंटर की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव घर लाया गया तो परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने शव को सुपुर्देखाक कर दिया। असमोली थाना क्षेत्र के गांव तलवार निवासी मोमीन अहमद (42 वर्ष) पुत्र जमील अहमद कारपेंटर का काम करता था। शुक्रवार को सुबह करीब पांच बजे मोमीन अहमद बेटी साईन जहां की शादी के कार्ड बांटने बाइक से दिल्ली जा रहा था। जैसे ही मोमीन हापुड़ जनपद के थाना सिम्भावली क्षेत्र के गांव सिखेड़ा पहुंचा तो पीछे से अज्ञात वाहन की चपेट आ गया। मोमीन अहमद की मौके पर ही मौत हो गई।

श्रीराम नवमी शोभायात्रा 17 को निकलेगी

संभल, अमृत विचार : श्री रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों को एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर 17 अप्रैल को निकलने वाली श्रीराम नवमी शोभायात्रा के मार्ग पर साफ सफाई और बिजली व्यवस्था कराने की मांग उठाई। श्रीराम लीला कमेटी के पदाधिकारियों ने एसडीएम विनय कुमार मिश्रा को सौंपे ज्ञापन में कहा कि गत वर्षों की भांति परंपरागत अनुसार श्रीराम नवमी शोभायात्रा का आयोजन 17 अप्रैल को होगा। चबूतरा मुख्य डाकघर पर शाम 7.30 बजे पूजन करके 8 बजे शोभायात्रा प्रारंभ कर दी जाएगी। शोभायात्रा मुख्य डाकघर से चक्की का पाट, टंडन तिराहा, कोतवाली, सर्राफा बाजार, बाजार गंज, छंगामल कोठी, आर्य समाज रोड, स्टेट बैंक तिराहा, एजेंटी चौराहा, बाल विद्या मंदिर स्कूल, अस्पताल चौराहा, शंकर कॉलेज चौराहा से सूर्यकुंड मंदिर पर देर रात समाप्त होगी। पदाधिकारियों ने शोभायात्रा मार्ग पर साफ सफाई कार्य, बिजली व्यवस्था का काम कराने की मांग उठाई। इस दौरान अध्यक्ष संजय गुप्ता पोली, शोभित गुप्ता, पूरन त्यागी, अनुराग गुप्ता, उज्जवल सक्सेना, राहुल शर्मा, अभिनंदन शर्मा, अनुज शर्मा आदि रहे।

नया आमर्ड केबिल लगाने पर बिजली रही बाधित

संभल/सरायतरीन, अमृत विचार : ईद से अगले दिन सरायतरीन में बिजली लाइनों पर नया आमर्ड केबिल लगाने का काम शुरु हुआ तो बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। इस कारण पेयजल का संकट भी झेलना पड़ा। लोगों ने जान-बूझकर जुमे के दिन बिजली बाधित करने का आरोप लगाया। सरायतरीन के मुहल्ला पैठ बाजार निवासी जाकिर व नजर खेल निवासी इरफान और समसुल कमर ने बताया कि पिछले कई दिनों से मुहल्ला में बिजली की व्यवस्था ठीक थी। शुक्रवार को ईद के अगले दिन जब मेहमान घरों में आए हुए हैं तो बिजली विभाग के कर्मचारी मुहल्ला में पुराना केबल हटाकर खंभों पर नया केबल लगाने लगे। जिसकी वजह से बिजली की आपूर्ति बाधित हो गई। बिजली की आपूर्ति बाधित होने की वजह से घरों में पीने के लिए भी पानी भी नहीं मिला जबकि पंखे कूलर भी शोपीस बन गए। घरों में आए मेहमान भी गर्मी की वजह से परेशान हुए।

संभल में पुलिस के साथ पैदल भ्रमण करते अर्द्ध सैनिक बल के जवान।

शांति व्यवस्था के लिए पुलिस ने किया पैदल मार्च

संभल, अमृत विचार : श्रीराम नवमी शोभायात्रा और लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए शहर में पुलिस एवं एसएसबी के जवानों ने पैदल मार्च किया। लोगों को सुरक्षा का अहसास कराते हुए शांति व्यवस्था और सौहार्द्र बनाए रखने की अपील की। शुक्रवार को पुलिस और एसएसबी के जवान अस्पताल चौराहा से कोतवाली, सर्राफा बाजार, नखासा चौराहा से पहले महमूद खां सराय वाली गली में होते हुए कोट पूर्वी, कोट गर्बी से होकर कोतवाली तक आए। इस बीच लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। साथ ही, लोकसभा चुनाव और श्रीराम नवमी शोभायात्रा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। कोतवाल पवन कुमार ने लोगों से संवाद कर कहा कि कोई असामाजिक तत्व शांति व्यवस्था से खिलवाड़ करने की मंशा रखता हो तो उसकी सूचना पुलिस को दें। ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

कालाबाजारी में राशन डीलर पर रिपोर्ट दर्ज

संभल/ओबरी, अमृत विचार : पूर्ति निरीक्षक असमोली ने खाद्यान्न की कालाबाजारी को लेकर राशन डीलर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिलाधिकारी के आदेश पर यह कार्रवाई की गई है। डीएसओ के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षक अंकित कुमार अवस्थी ने पांच अप्रैल को गांव असगरीपुर में राशन डीलर मोहम्मद इमरान की दुकान का निरीक्षण किया तो उसकी बहन नगमा मौके पर मिली। दुकान पर नियमों का पालन नहीं हो रहा था। खाद्यान्न के स्टाक का गहनता से भौतिक सत्यापन किया तो खेल खुल गया। 1.11 क्विंटल गेहूं व 2.17 क्विंटल चावल कम पाया गया तो 27 किलो बाजरा का स्टाक अधिक मिला। खाद्यान्न का स्टाक अनियमित पाये जाने पर राशन डीलर की बहन से जानकारी ली गई लेकिन वह कुछ नहीं बता सकी। खाद्यान्न अनियमित समेत कई अनियमितता को लेकर आख्या प्रस्तुत की गई। जिलाधिकारी ने राशन डीलर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराते हुए विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए। पूर्ति निरीक्षक ने खाद्यान्न कालाबाजारी के मामले में राशन डीलर के खिलाफ असमोली थाने में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 (यथा संशोधित) की धारा 3/7 के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है।

महिला ने भूमि पर अवैध कब्जे का लगाया आरोप

चन्दौसी, अमृत विचार : कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव पैगारफातपुर निवासी महिला ने गांव के एक व्यक्ति पर दो बीघा भूमि पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है। गांव पैगारफातपुर निवासी महिला शकुंतला पत्नी रामदास ने थाने में दिए शिकायती पत्र में कहा है कि उसकी सड़क किनारे दो बीघा भूमि है। जिसमें उसने गेहूं की फसल उगाई है। गांव के एक व्यक्ति ने उस भूमि पर कब्जा कर लिया और कुछ फसल भी बर्बाद कर दी। महिला ने आरोपी से शिकायत की तो उसने गाली-गलौज व मारपीट करने का प्रयास किया।

चैत्र नवरात्र के चौथे दिन की मां कूष्मांडा की पूजा-अर्चना

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : चैत्र नवरात्र में चौथे दिन भक्तों ने मंदिरों में पहुंचकर मां दुर्गा के स्वरूप कूष्मांडा की विधि विधान से पूजा अर्चना की। माता रानी का आशीर्वाद लेकर मनौती मांगी। भक्तों ने जयकारे और भजनों से माहौल को भक्तिमय बनाया। शाम को महाआरती में भी भक्तों ने हिस्सा लिया।

नवरात्र में मां दुर्गा के स्वरूपों की पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों में उत्साह दिखाई दे रहा है। शुक्रवार को तड़के चार बजे से ही हल्लू सराय के चामुंडा मंदिर में भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया। भक्तों ने विधि विधान से मां दुर्गा के स्वरूप कूष्मांडा की पूजा अर्चना की और मनौती मांगी। चामुंडा मंदिर हयातनगर और चामुंडा मंदिर घुंघावली में भी बड़ी संख्या में भक्तों ने पूजा अर्चना की। महिलाओं ने प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी, मां मुरादें पूरी कर दे हलुआ बांटूंगी, जागो जागो शेरावाली आदि भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बनाया।

संभल के अलावा सिरसी, हजरतनगर गढ़ी, असमोली, सरायतरीन, सौंधन, पंवासा, बहजोई, धनारी, बबराला, गुन्नौर, जुनावई, रजपुरा और गवां क्षेत्र में भी नवरात्र के चौथे दिन भक्तों ने मां दुर्गा के स्वरूप कूष्मांडा की पूजा करके मनौती मांगी। शाम को भक्तों ने महाआरती में हिस्सा लेकर माता रानी का गुणगान किया। मंदिरों पर सुरक्षा के इंतजाम रहे।

चामुंडा मंदिर में माता रानी की आरती में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

▸▸ देवी मंदिरों में शुक्रवार को सुबह उमड़े भक्त

▸▸ शाम को भक्तों ने महाआरती में लिया हिस्सा

यज्ञ की ऊर्जा से होती है आत्मिक व शारीरिक शुद्धि

संभल, अमृत विचार : श्री परमहंस अद्वैत तपस्वी योग आश्रम महोरा लखूपुरा पर नव दुर्गा पूजा उत्सव के चौथे दिन मां कुष्मांडा पूजा की गई। यज्ञ के बाद श्री कृष्णानन्द पुरी महाराज ने श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि यज्ञ से उत्पन्न दिव्य ऊर्जा से शारीरिक व मानसिक व आत्मिक शुद्धि होती है। उन्होंने कहा कि यह विज्ञान ने भी माना है कि यज्ञ से पर्यावरण पूरी तरह से शुद्ध होता है। यज्ञ ऊर्जा से हानिकारक बैक्टीरिया नष्ट हो जाते हैं और संक्रमण जन्य रोगों से शीघ्र मुक्ति मिलती है। समस्त पृथ्वी हमारा परिवार है, को मानते हुए हमें अपने-अपने घरों में हवन यज्ञ करने चाहिए। यज्ञ चिकित्सा को सर्वमान्य सर्वश्रेष्ठ माना गया है। पर्यावरण का उपचार यज्ञ द्वारा ही संभव है। यज्ञ से उत्पन्न ऊर्जा ऑक्सीजन से भी ज्यादा लाभकारी व स्वास्थ्यवर्धक है।

गांव में महीने भर से पिंजरे में बंधी है बकरी, जंगली जानवर का पता नहीं

संवाददाता, संभल/सिरसी

अमृत विचार: हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र में के जंगल में पंजों के निशान व जंगली जानवर दिखाई देने का वीडियो सामने आने के बाद वन विभाग ने मार्च माह में पिंजरा व सीसीटीवी कैमरा लगाया था। लेकिन एक माह से अधिक समय बीतने के बाद भी जंगली जानवर पिंजरे तक नहीं पहुंचा। बल्कि पिंजरे के अंदर बंधी बकरी भी कमजोर हो गई है।

थाना क्षेत्र के गांव तिमनपुर में पहली बार 16 फरवरी को खेतों में ग्रामीणों को जंगली जानवर के पंजों के निशान मिले थे। फिर 29 फरवरी को एक खेत से दूसरे खेत में जाते हुए जंगली जानवर का वीडियो बनाकर ग्रामीणों ने सोशल मीडिया पर वायरल किया था। वन विभाग की टीम ने 4 मार्च को जंगल में सीसीटीवी कैमरे व 5 मार्च को पिंजरा लगाया था। पिंजरे के अंदर वन विभाग बकरी बांध रखी है। एक माह सात दिन गुजरने के बाद भी जंगली जानवर न तो सीसीटीवी कैमरे में और न ही पिंजरे में कैद हुआ है। बल्कि हर रोज पिंजरे के अंदर रात को बंद रहने से बकरी कमजोर हो गई है। वन विभाग के डिप्टी रेंजर उस्मान अली ने बताया कि पिछले कई दिनों से जंगली जानवर की कोई लोकेशन नहीं मिली है। जंगल में अब फसल कट चुकी है। जिससे जंगली जानवर के छिपने की कोई जगह भी नहीं बची है। तीन या चार दिन बाद जंगल से पिंजरा हटा लिया जाएगा।

जंगली जानवर को पकड़ने के लिए पिंजरे में बंधी बकरी। ● अमृत विचार

श्री वार्ष्णेय सभा ने मनाया अक्रूरजी का जन्मोत्सव

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : श्री वार्ष्णेय सभा संभल द्वारा अक्रूरजी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में संभल जिले में अक्रूरजी के नाम पर विश्वविद्यालय खोलने की मांग उठाई गई। कहा गया कि वार्ष्णेय समाज आज शिक्षित समाज की श्रेणी में आ चुका है जो देश के लिए गर्व की बात है।

सरायतरीन में तीर्थ रोड पर शिव कुमार वार्ष्णेय के आवास पर श्री वार्ष्णेय सभा द्वारा आयोजित अक्रूरजी जन्मोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. प्रशांत वार्ष्णेय ने कहा कि अक्रूरजी पूर्ण ज्ञानी, दानवीर, तपस्वी थे। उनका स्थान एक महात्मा के समान था। जिस कारण उन्हें समाज में महाराज की पदवी मिली थी। विशिष्ट अतिथि सुशील वार्ष्णेय भट्टे वालों ने कहा कि अक्रूरजी महाराज के वंशजों ने जब व्यापार को अपनाया तो उसका प्रभाव सभी समाजों पर पड़ना निश्चित था। कालान्तर में इस समाज को बारहसैनी का नाम दिया गया। कलियुग के प्रथम चरण में इस समाज को वार्ष्णेय शब्द से भी बोधित किया जाने लगा।

कार्यक्रम में त्रिवेदी प्रकाश सर्राफ, महावीर प्रसाद, संतोष आर्य, परमानंद वार्ष्णेय, गिरिराज किशोर, प्रिय रत्न आर्य, पुनीत सर्राफ, विष्णु आर्य, त्रिभुवन सर्राफ, नितिन प्रकाश वार्ष्णेय, आदिति नवरत्न सर्राफ, महिला सभा अध्यक्ष करुणा वार्ष्णेय, महेश्वरी वार्ष्णेय, आरती वार्ष्णेय आदि रहे।

कार्यक्रम के दौरान डा. प्रशान्त वार्ष्णेय का सम्मान करते कमल कौशल वार्ष्णेय।

लापरवाही | गुन्नौर क्षेत्र में गुरुवार को स्वीमिंग पूल में डूबा था किशोर, प्रशासन ने नहीं की कोई कार्रवाई

अवैध स्वीमिंग पूल से बढ़ा हादसों का खतरा, प्रशासन उदासीन

संवाददाता, गुन्नौर

अमृत विचार : गर्मी शुरू होते ही स्वीमिंग पूल पर चहल-पहल बढ़ने लगी है। नियमों को ताक पर रख कर संचालित स्वीमिंग पूल में मस्ती करना जान जोखिम में डाल सकता है। फिर भी प्रशासन द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही है। यह हालात तब हैं जबकि गुन्नौर क्षेत्र में गुरुवार को ही किशोर स्वीमिंग पूल में डूब गया। गनीमत रही कि किशोर को बेहोशी की हालत में बाहर निकाल लिया गया।

गुन्नौर इलाके में नरौरा रोड पर गांव रसूलपुर के पास और सैंजना मुस्लिम में निजी स्वीमिंग पूल संचालित हैं। अवैध रूप से चल रहे दोनों निजी स्वीमिंग पूल में रोजाना सैकड़ों लोग स्वीमिंग के लिए जाते हैं। गर्मी से निजात पाने के लिए लोग स्वीमिंग पूल में तैरने के लिए रुपये खर्च करते हैं, लेकिन पैसा खर्च करने के बावजूद लोगों को पर्याप्त सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। हालात यह हैं कि पानी की सफाई, लाइफ गार्ड और दुर्घटना होने पर उपचार की व्यवस्था भी नहीं है। स्वीमिंग पूल संचालन के कई मानकों के बारे में संचालकों को जानकारी तक नहीं है। जबकि स्वीमिंग पूल का संचालन करने के लिए तमाम मानकों को पूरा करने के साथ ही एक एनआइएस (राष्ट्रीय खेल संस्था) के कोच की जरूरत होती है। इसके साथ ही दो लाइफ गार्ड भी जरूर होने चाहिए। मोटी कमाई के चक्कर में 30 से 50 लोगों को एक साथ स्वीमिंग पूल में भेज दिया जाता है।

गुन्नौर क्षेत्र में संचालित स्वीमिंग पूल। ● अमृत विचार

यह होने चाहिए उपाय

गुन्नौर अमृत विचार : स्वीमिंग पूल में आपात स्थिति के लिए दो लाइफ जैकेट का होना जरूरी है। दो ऑक्सीजन सिलेंडर, दो कृत्रिम सांस यंत्र, फिल्टर प्लांट होना चाहिए जो प्रत्येक दिन चार घंटे चलाया जाएं। स्वीमिंग पूल चलाने के लिए स्वीमिंग कोच और स्वीमिंग करने वाले लोगों को गंदे पानी से होने वाली बीमारी से बचाने के लिए क्लोरीन का इस्तेमाल किया जाना जरूरी है।

"मानकों के विरुद्ध संचालित स्वीमिंग पूल के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। किसी भी दशा में चलने नहीं दिए जाएंगे। - रमेश बाबू, एसडीएम गुन्नौर

स्वीमिंग पूल में नहीं सुविधाएं

गुन्नौर अमृत विचार : अवैध स्वीमिंग पूल में न तो कोई खास सुविधा है और न ही मानक पूरे हैं। किसी भी दिन कोई बड़ा हादसा हो सकता है लेकिन प्रशासन का इस ओर ध्यान नहीं है। सवाल उठता है कि स्वीमिंग पूल में कोई हादसा हुआ तो इसका जिम्मेदार कौन होगा? बताते चलें कि गांव सैंजना मुस्लिम में स्वीमिंग पूल में गुरुवार को ईद के मौके पर स्वीमिंग करने गया भकरौली निवासी अनस डूब गया था। यदि मानक के हिसाब से सुरक्षा के उपाय किए गए होते तो अनस नहीं डूबता।

एक नजर

गश्त कर रही पुलिस ने तमंचे के साथ दबोचा

चन्दौसी, अमृत विचार : शुक्रवार की दोपहर पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। पुलिस अलावलपुर मार्ग पर श्मशान घाट के निकट बाग के पास पहुंची, तो वहां पहले से मौजूद युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस कर्मियों ने दौड़कर युवक को पकड़ लिया और थाने ले आई। जहां तलाशी में युवक के पास से तमंचा बरामद हुआ। पूछताछ में युवक ने अपना नाम सलीम निवासी मोहल्ला फूलबाग कस्बा नरौली बताया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी न्यायालय के समक्ष पेश किया।

गैंगस्टर के आरोपी भाइयों की लाखों की संपत्ति जब्त

वजीरगंज(बदायूं), अमृत विचार : थाना वजीरगंज पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के आरोपी दो भाइयों गांव हतरा निवासी कामरान और फैजान पुत्र गुड्डू की छह लाख 40 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की है। शुक्रवार को सीओ बिसौली सुनील कुमार की मौजूदगी में पुलिस ने गांव जाकर मुनादी कराई। आरोपी के घर पर नोटिस चस्पा किया।

दो पक्षों में मारपीट के बाद पथराव, 7 लोग घायल

बनियाठेर थाना क्षेत्र के कस्बा नरौली में पुरानी रंजिश को लेकर हुआ विवाद, सीएचसी में कराया उपचार

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: बनियाठेर थाना क्षेत्र के कस्बा नरौली में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट के बाद पथराव हो गया। घटना में महिला सहित सात लोग घायल हो गए। घटना के बाद घायल थाने पहुंचे और एक-दूसरे पर मारपीट करने का आरोप लगाया। पुलिस ने घायलों का उपचार सीएचसी में कराया है।

कस्बा नरौली के मोहल्ला काजी टोला में जमीरउद्दीन व रईस अहमद के परिवार रहते हैं। दोनों पक्षों में चार दिन पहले सड़क पर बने गड्ढे को पाटने को लेकर विवाद हो गया।

मामला पुलिस तक पहुंचा तो नरौली पुलिस चौकी में दोनों पक्षों में समझौता करा दिया गया। शुक्रवार को दोनों पक्ष जुमे की नमाज अदा करके अपने घर आ रहे थे। तभी कहासुनी के बाद लाठी-डंडे चलने शुरू हो गए। घर की महिलाएं भी अपने परिवार के सदस्यों को बचाने पहुंच गईं। जिसमें दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। आरोप है कि जमीरउद्दीन पक्ष के लोग छतों पर पहुंच गए और पथराव शुरू कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। मगर दोनों पक्ष पुलिस के सामने भी मारपीट करते रहे।

इसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के सात लोगों को हिरासत में ले लिया। मारपीट की घटना में इरम पुत्री रईस अहमद, मोहम्मद गोस व आजम पुत्रगण रईस अहमद, फिरोज अहमद पुत्र शब्बीर व दूसरे पक्ष से जहीरमुद्दीन, मोईरउद्दीन, मुगीरउद्दीन पुत्र जमीरउद्दान घायल हो गए।

मारपीट में घायल महिला का उपचार करता स्वास्थ्य कर्मी।

▸▸ **पुलिस ने घायलों का सीएचसी में कराया उपचार, तहरीर दी जा रही है**

> थाना क्षेत्र के कस्बा नरौली में दो पक्षों में मारपीट हुई है। पुलिस ने सात लोगों को हिरासत में लिया है। घायलों का सीएचसी में उपचार कराया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।
> **-मोहित काजला**
> थानाध्यक्ष, बनियाठेर

मस्जिद के चंदे को लेकर मारपीट, पांच गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र में मस्जिद के चंदे के रुपयों को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट व पथराव हुआ। जिसमें महिला सहित दो लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों के पांच लोगों को हिरासत में लेकर शांतिभंग के आरोप में चालान कर दिया। थाना क्षेत्र के मुहल्ला तुर्तीपुर इल्हा निवासी असरार व मुकीम के बीच शुक्रवार की दोपहर दो बजे मुहल्ला में स्थित ईद के मौके पर मस्जिद को मिले चंदे के रुपयों को लेकर गाली गलौज होने लगी। इसके बाद विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच मारपीट होने लगी और देखते देखते ही एक दूसरे पर ईंट पत्थर बरसाने लगे। जिससे मुहल्ला में भगदड़ मच गई और लोग अपनी जान बचाते हुए घरों में कैद हो गए। मारपीट व पथराव में असरार व उसकी पुत्रवधू नासरा चोटिल हो गई। मारपीट व पथराव होने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों से असरार, आजम, मुकीम, सलीम और फुरकान सहित पांच लोगों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर असरार, आजम, मुकीम, सलीम और फुरकान के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर शांतिभंग में चालान कर दिया।

रुकनुद्दीन सराय में पथराव के बाद सड़क पर पड़े ईंट पत्थर। ● अमृत विचार

सड़क किनारे क्षतिग्रस्त हाईटेंशन लाइन का पोल। ● अमृत विचार

सड़क किनारे गिरा हाईटेंशन लाइन का पोल बना खतरा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: कुढ़फतेहगढ़ मार्ग गांव राजथल में सड़क किनारे लगा हाईटेंशन विद्युत लाइन का पोल वाहन की टक्कर से बीच में टूट गया है। जिससे हाईटेंशन लाइन के तार काफी नीचे हो गई। सीमेंट का पोल उसमें लगी सरिया पर टिका हुआ है। जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। जबकि क्षतिग्रस्त पोल के बराबर कब्रिस्तान है।

कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के चन्दौसी-बेरनी मार्ग पर गांव राजथल है। जबकि मुख्य मार्ग से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। आबादी से कुछ दूरी पर और कब्रिस्तान से सटी हाईटेंशन लाइन के पोल को कुछ दिन पहले किसी वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिससे सीमेंट का विद्युत पोल दो टुकड़ों में बट गया और सीमेंट पोल में लगी सरिया से टिका हुआ है। मगर विद्युत विभाग ने अभी तक क्षतिग्रस्त पोल को दुरुस्त नहीं किया है।

मारपीट में तीन लोगों को तीन वर्ष की सजा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

▸▸ **अदालत ने 2500 रुपये का जुर्माना भी लगाया**

अमृत विचार: जनपद संभल के कस्बा गुन्नौर में 2018 में हुए मारपीट व एससी/एसटी एक्ट के मामले में अदालत ने आरोपी महिला समेत तीन लोगों को तीन वर्ष के कारावास व 2500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। मुकदमा न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) संभल स्थित चन्दौसी में विचाराधीन था।

वादी पूनम पत्नी पप्पू निवासी मोहल्ला जमुना थाना व कस्बा गुन्नौर जिला संभल ने पुलिस को दी तहरीर में कहा था कि 28 फरवरी 2018 को दोपहर करीब एक बजे मोहल्ले के वीरपाल पुत्र रामभजन की बकरी खुल कर उसके घर आ गयी। उसके पति ने पप्पू पुत्र हरदयाल ने वीरपाल के घर जाकर शिकायत की तो वीरपाल व उसके बेटे सूरजपाल और पत्नी लीलावती ने पति को जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गालियां दीं और लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। पप्पू किसी तरह जान बचा कर वहां से भागा तो हमलावर भी पीछे आ गए और घर पर चढ़ाई कर दी। घर में घुस कर पति को लाठी-डंडों से पीटा। जिससे उसके पति पप्पू का एक पैर टूट गया। शोर मचाने पर वह और उसकी बेटी सुमन बचाने आए तो हमलावर जान से मारने की धमकी और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए चले गए। इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर वीरपाल पुत्र रामभजन, सूरजपाल पुत्र वीरपाल, लीलावती पत्नी वीरपाल निवासी मोहल्ला जमुना थाना व कस्बा गुन्नौर के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया। विवेचना के बाद साक्ष्यों को जुटा कर तीन जनवरी 2019 को अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। अभियोजन पक्ष से विशेष लोक अभियोजक एससी/एसटी एक्ट शालिनी ने साक्ष्यों के आधार पर दलीलें पेश कीं। शुक्रवार को मुकदमे पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश रागिनी ने वीरपाल, सूरजपाल व लीलावती को धारा 323 आईपीसी में दोषी करार देते हुए एक वर्ष के कारावास व प्रत्येक को 500 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर 10 दिन की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इसी क्रम में तीनों आरोपियों को धारा 325 में तीन वर्ष के कारावास व 1500 रुपये अर्थदण्ड, अर्थदण्ड अदा न करने पर प्रत्येक को 15 दिन की अतिरिक्त सजा, धारा 506 में एक वर्ष कारावास व 500 रुपये अर्थदण्ड तथा अर्थदण्ड अदा न करने पर प्रत्येक को 10 दिन की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अर्थदण्ड की धनराशि पीड़ित पप्पू को र प्रतिकर के रुप में प्रदान किए जाने के आदेश किए हैं। जेल में बितायी गईअविध सजा में समायोजित की जाएगी।

मजदूरी के रुपये मांगने गए तो रॉड से किया हमला

चन्दौसी, अमृत विचार: मजदूरी के रुपये मांगने गए राजमिस्त्री के साथ मारपीट की गई। सिर में लोहे की रॉड मार कर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने घायल का सीएचसी में उपचार कराया है। घायल की ओर से तहरीर दी गई है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला राज निवासी रईस पुत्र रफीक राजमिस्त्री का कार्य करता है। रईस ने बताया कि उसने पिछले दिनों पड़ोस में रह रहे रिश्तेदार के साथ राजमिस्त्री का कार्य किया था। मजदूरी के चार-पांच हजार रुपये रिश्तेदार पर रह गए थे। शुक्रवार की सुबह वह रिश्तेदार के घर पैसे मांगने गया तो उक्त लोग गाली-गलौच करने लगे। गाली देने से मना करने पर मारपीट की और लोहे की रॉड से सिर पर वार किया। जिससे उसका सिर फट गया। शोर शराबा होने पर परिजन मौके पर पहुंचे और बीच बचाव कराया। घायल ने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंच कर तहरीर दी है।

अतिक्रमण से बने जाम के हालात

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: नगर पालिका प्रशासन की अनदेखी की वजह से शहर के बाजारों में व्यापारियों ने दुकानों के आगे अतिक्रमण कर लिया है। जिससे अक्सर बाजारों में जाम के हालात बने रहते हैं। अतिक्रमण नहीं हटने से लोगों को आए दिन परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर पालिका प्रशासन इस ओर कोई कार्रवाई करता नजर नहीं आ रहा है।

शहर के बाजारों में अतिक्रमण का बोलबाला है। जहां एक ओर शहर के बाजार की सड़कें पहले ही सकरी हैं। उस पर भी शहर के संभल गेट, बड़ा बाजार, मुरादाबाद गेट, घंटाघर, फड़याई बाजार, पसरट्टा बाजार, बिसौली गेट, ब्रह्म बाजार, सुभाष रोड आदि स्थानों पर व्यापारियों ने अपनी-अपनी दुकानों के आगे अतिक्रमण कर लिया है। जिससे रोजाना दिन के समय अक्सर प्रमुख बाजारों में जाम लग जाता है। कुछ स्थानों पर लोगों ने अपने घर के जनरेटर रखने के लिए स्थायी अतिक्रमण कर रखा है। इतने के बाद भी प्रशासन अतिक्रमण को हटाने में नाकाम सिद्ध हो रहा है। पिछले वर्ष 000 अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया था। जो शहर के बाहर कुछ दिन चलाने के बाद बंद हो गया। जबकि सबसे ज्यादा अतिक्रमण शहर के बाजार में है। मगर शहर के अंदर अभियान चलाकर अतिक्रमण नहीं हटवा जा रहा है।

बड़ा बाजार में दुकानों के बाहर खड़ी बाइकें। ● अमृत विचार

▸▸ **अतिक्रमण हटाओ अभियान के नाम पर होती है खानापूरी**

▸▸ **अतिक्रमण से प्रमुख बाजारों में लगता है जाम, लोग होते हैं परेशान**

अवैध अस्पताल पर कार्रवाई के लिए पहुंची टीम के साथ अभद्रता, हंगामा

संवाददाता,बहजोई/चन्दौसी

अमृत विचार: अवैध अस्पताल पर कार्रवाई करने गई स्वास्थ्य विभाग की टीम से अस्पताल संचालक व उसके परिजनों ने अभद्रता कर हंगामा किया। पुलिस ने मौके से दो लोगों को हिरासत में लिया है। नोडल अधिकारी ने अस्पताल संचालक व दो अन्य व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने को थाना में तहरीर दी है।

बहजोई के बंबा रोड पर स्थित एक अवैध अस्पताल पर नोडल अधिकारी डा. विश्वास अग्रवाल के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम कार्रवाई करने पहुंची थी। जैसे ही टीम ने अपनी कार्रवाई शुरु की तो मौके पर एक युवक, महिला व दो अन्य लोग हंगामा करने लगे। टीम ने जब अस्पताल को सील करने की कोशिश की तो उनके साथ जमकर अभद्रता की गई। मौके पर मौजूद पुलिस ने हालात को संभालते हुए लोगों को शांत किया। पुलिस दो लोगों को मौके से हिरासत में लेकर थाने ले आई। टीम ने अवैध रूप से चल रहे अस्पताल को सील कर दिया। नोडल अधिकारी विश्वास अग्रवाल ने कोतवाली बहजोई में सरकारी कार्य में बाधा डालने तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम से अभद्रता करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज करने को तहरीर दी है। नोडल अधिकारी विश्वास अग्रवाल ने बताया कि अवैध रूप से अस्पताल संचालन को लेकर जिलाधिकारी को शिकायत मिली थी।

अस्पताल पर कार्रवाई के दौरान मौजूद नोडल अधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

▸▸ **नोडल अधिकारी ने अस्पताल संचालक व दो अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने को थाना में तहरीर दी**

आय व्यय की सूचना रोज निर्वाचन कार्यालय को दें

संवाददाता बहजोई

अमृत विचार: व्यय प्रेक्षक के.मिस्त्री ने लोकसभा चुनाव व्यय टीमों के साथ अब तक किए गए कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। सभी टीमों को अपना-अपना कार्य सही तरीके से करने के निर्देश दिए। प्रत्येक दिन सूचनाएं जिला निर्वाचन कार्यालय में प्रेषित किए जाने की बात कही।

कलेक्ट्रेट सभागार में पहुंचे व्यय प्रेक्षक के. मिस्त्री ने कहा कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार सभी टीम अपना-अपना कार्य करें। उड़न दस्ता व स्टैटिक टीमो से कहा कि क्षेत्र में रहकर अपना कार्य करना सुनिश्चित करें। वीडियो निगरानी टीमों से कहा कि वह सक्रिय रहकर अपने दायित्व का निर्वहन करें। सहायक प्रभारी व्यय प्रेक्षक से कहा कि व्यय से संबंधित सूचना प्रतिदिन जिला निर्वाचन कार्यालय को प्रेषित करें। एक छाया प्रति अपने पास भी सुरक्षित रखें। डीएम मनीष बंसल ने लेखा से संबंधित टीमों से कहा कि प्रतिदिन जो भी रिपोर्ट व्यय प्रेक्षक को प्रेषित करें उसको अपने रिकॉर्ड में भी सुरक्षित रखा जाए। सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस दौरान एडीएम प्रदीप वर्मा, वरिष्ठ कोषाधिकारी प्रवीण कुमार सहित सभी टीमों के प्रभारी मौजूद रहे।

ईद पर सड़क पर पढ़ी नमाज, 50 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

बदायूं, अमृत विचार : ईद के अवसर पर गुरुवार को कुछ लोगों ने ईदगाह के बाहर सड़क पर नमाज अदा की। बताया जा रहा है कि इस दौरान चीता मोबाइल पर तैनात पुलिसकर्मी मौजूद थे। उनकी सूचना पर चौकी इंचार्ज पहुंचे लेकिन तब तक नमाज शुरू हो चुकी थी। गुरुवार को सड़क पर नमाज पढ़ने का वीडियो वायरल हुआ। शेखूपुर चौकी इंचार्ज की तहरीर के आधार पर 16 नामजद समेत 50 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

जागरूकता रैली निकालते स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी। ● अमृत विचार

मतदाता जागरूकता रैली निकाली

संवाददाता,बहजोई

अमृत विचार: सीएमओ दफ्तर से मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वास्थ्य कर्मचारियों ने जागरूकता रैली निकाली। स्वास्थ्य कर्मचारियों ने आमजन को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

मतदाता जागरूकता रैली को सीएमओ डॉ. तरन्नुम रजा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में स्वास्थ्य कर्मचारी आमजन को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करते हुए चल रहे थे। रैली विभिन्न मार्गो से होती हुई वापस सीएमओ दफ्तर पर जाकर संपन्न हुई। जहां पर सीएमओ ने कहा कि हम सभी को अपनी वोट की कीमत को समझना चाहिए और अच्छी सरकार चुनने के लिए अपने वोट का प्रयोग करना चाहिए। इस दौरान एसीएमओ डॉ पंकज बिश्नोई, अपर शोध अधिकारी महेश गौतम, बहजोई सीएससी प्रभारी विरास यादव, मधुर आर्य, जयकिशोर उमराव, सतीश तिवारी आदि मौजूद रहे।

उड़नदस्ता टीम ने जब्त किए 61 हजार रुपये

बबराला, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से गठित उड़न दस्ता और पुलिस की टीम ने टाटा 407 (डीसीएम) से मिली 61 हजार रुपये की नकदी साक्ष्य नहीं दिखाने पर जब्त कर ली।

उड़न दस्ता व कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को चंदौसी रोड पर चेकिंग के दौरान टाटा 407 को रोक कर चेकिंग की तो उसमें 61 हजार रुपये का कैश बरामद हुआ। वाहन चालक महेश गोस्वामी निवासी दुर्गा कॉलोनी बहजोई धनराशि के संबंध में संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। जिस पर मजिस्ट्रेट राम लखन यादव ने धनराशि को जब्त करते हुए कोषागार में जमा करा दिया।

वहीं बबराला में आटा, मैदा डिलीवर कर लौट रहे बहजोई की हरिबाबा राइस एंड जनरल मिल्स के मालवाहक वाहन से भी एक लाख रुपये मिले। मजिस्ट्रेट ने बताया कि नकदी के लेनदेन का साक्ष्य प्रस्तुत करने पर धनराशि जब्त नहीं की गई।

सार-संक्षेप

गणेश कालोनी में बस से मुरादाबाद जाते भाजपाई। ● अमृत विचार

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सुनने मुरादाबाद पहुंचे भाजपाई

चन्दौसी, अमृत विचार : भारत सरकार में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सुनने के लिए भाजपा कार्यकर्ता बस से मुरादाबाद पहुंचे। भाजपा शक्ति केंद्र गणेश कालोनी के बैनर तले गणेश मेला ग्राउंड से बस द्वारा कार्यकर्ता मुरादाबाद के लिए रवाना हुए और केंद्रीय मंत्री के उद्बोधन को सुना। भाजपा शक्ति केंद्र गणेश कॉलोनी के संयोजक डॉ. टीएस पाल ने बताया शुक्रवार को मुरादाबाद सर्किट हाउस के पास बुद्धि विहार में केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने मुरादाबाद एवं संभल लोकसभा के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। जनसभा में शामिल होने वालों में अजय राजवर, मुनीश वार्ष्णेय, डॉ. जयशंकर दुबे, रोशनलाल दिवाकर, जितेंद्र कुमार, परमेश्वरी लाल, शेखर सैनी, अतुल, अभिनव, राजू सिंह, मोहित कुमार आदि रहे।

छात्र का राष्ट्रीय स्तर पर पावरलिफ्टिंग में चयन

चन्दौसी, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा पांच अप्रैल को मॉडल पब्लिक लॉ कॉलेज के मैदान में उत्तर प्रदेश पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2024 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें एएम वर्ल्ड स्कूल के होनहार छात्र तनिश्क प्रजापति ने सब जूनियर वर्ग के फाइनल राउंड में 125 किलोग्राम भार उठा कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तनिश्क प्रजापति का राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है। छात्र की सफलता पर शुक्रवार को प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह एवं विद्यालय के प्रबंधक अनूप मंगलम ने उत्साहवर्धन करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

एएम वर्ल्ड स्कूल में छात्र का उत्साहवर्धन करते प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह।

तृतीय स्वरुप मां चंद्रघंटा के बारे में विस्तार से बताया

चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार : थाना बनियाठेर के गांव अकरोली में देवी भागवत कथा के तृतीय दिवस पर कथा वाचक सुमित महाराज ने मां भगवती के तृतीय स्वरुप मां चंद्रघंटा के बारे में विस्तार से वर्णन किया। बताया कि जब पार्वती पांच साल की हुईं तो उनके मन में शिव उपासना करने की जिज्ञासा हुई और उन्होंने बाल अवस्था में शिव को अपने मन में पति बनाने का संकल्प लिया। तथा तपस्या करने लगीं। तपस्या से प्रसन्न होकर उन्हें आशीर्वाद दिया कि तुम्हें जैसा तुम चाहती हो वैसा ही वर मिलेगा। कथा वाचक ने कहा कि मां दुर्गा की तीसरी शक्ति मां चंद्रघंटा हैं। नवरात्रि के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा देवी की पूजा की जाती है। देवी का यह रूप परम शक्ति और कल्याणकारी है।

गांव अकरोली में देवी कथा सुनाते कथा वाचक सुमित महाराज।

गंगा देवी मंदिर में आरती करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

देवी मंदिरों में हुई माता की महाआरती, उमड़े श्रद्धालु

चन्दौसी, अमृत विचार : चैत्र नवरात्र के चौथे दिन शुक्रवार को देवी भक्तों ने मां भगवती के चतुर्थ स्वरुप मां कुष्मांडा की विधि विधान से पूजा अर्चना की और उपवास भी रखा। सुबह से ही नगर के प्रमुख देवी मंदिरों में भक्तों का तांता लग गया। दोपहर में गली मोहल्लों के मंदिरों में महिलाओं ने ढोलक व मजीरे के साथ भजन कीर्तन किया। माता के छंद गाए। शाम को नगर के प्रमुख देवी मंदिर ब्रह्म बाजार स्थित श्रीदेवी गंगा मंदिर, रामबाग धाम स्थित श्री सिद्धि दात्री नवदुर्गा मंदिर, सीता आश्रम स्थित श्री शीतला माता नवदुर्गा मंदिर (बगिया वाली), मौलागढ़ स्थित श्री कंकाली देवी मंदिर में महाआरती हुई। इस दौरान मंदिर घंटे घड़ियाल से गूंज उठे। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

डा.शफीकुर्रहमान बर्क के चालीसवें के दौरान बोलते मौलाना सुलेमान अशरफ हामिदी।

नहीं भुलाई जा सकती डा. बर्क की कौम के लिए खिदमत

संभल, अमृत विचार : संभल लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद डा. शफीकुर्रहमान बर्क के चालीसवें पर बड़ी संख्या में पहंचे लोगों ने चालीसवें की फातिहा पढ़ी। इस दौरान लोगों ने कहा कि डा. बर्क ने देश व कौम के लिए जो किया वह बेमिशाल है। शुक्रवार शाम को अतीक पैलेस में शफीकुर्रहमान बर्क के चालीसवें का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उनके चालीसवे की फातिहा पढ़ी गई। इमाम ए ईदगाह मौलाना सुलेमान अशरफ हामिदी, मुफ्ती जाहिद अली सलामी, मौलाना फाजिल मिसवाही, मौलाना हारून रशीद, कारी तंजीम अशरफ, ख्वाजा कलीम अशरफ, हाफिज फरमान कारी मुदस्सिर, मौलाना फैजान अशरफ, मौलाना आलमगीर मिसवाही, शफीक अशफाकी, मौलाना असलम बरेलवी, मौलाना मोहसिन, मुफ्ती जाहिद अली सलामी ने मगफिरत कि दुआ कराई। डा. शफीकुर्रहमान बर्क के पौत्र जियाउर्रहमान बर्क ने कहा कि वह अपने दादा द्वारा दिखाये रास्ते पर चलने का काम करेंगे।

संभल में 16 को मनाया जाएगा जश्ने वारिस पाक

संभल, अमृत विचार : मुहल्ला कोट गर्वी जूनियर हाईस्कूल स्थित वारसी हाउस में गुलामाने सरकार वारिस पाक की बैठक हुई। शहर इमाम मौलाना आफताब हुसैन वारसी ने मौला-ए-कायनात की नज्र पेश की। परवेज वारसी ने परंपरागत तरीके से विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 16 अप्रैल को जश्ने सरकार वारिस पाक का आयोजन करने को लेकर विचार रखे। जिसमें शांतिपूर्वक एवं नियमानुसार जश्ने वारिस पाक मनाने का निर्णय लिया गया। आयोजक हाजी नसीम वारसी ने आभार जताया। इस दौरान सूफी साबिर हुसैन, वकील अहमद खां वारसी एडवोकेट, मोहम्मद रफीक वारसी, फरजंद अली वारसी, मुशर्रफ अशरफी, मोहसिन कादरी, हाफिज युसूफ वारसी आदि मौजूद रहे। संचालन अब्दुल वदूद खां वारसी उर्फ सुहैल ने किया।

एक नजर

अनुशासनहीनता में कांस्टेबल निलंबित

बिजनौर, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने बिना अनुमति अनुपस्थित रहने व अनुशासनहीनता के आरोप में एक कांस्टेबल को निलंबित किया है। बताया गया कि थाना नांगल में तैनात आरक्षी आशीष आए दिन शराब पीकर सहकर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार करता था। 10 दिवस अवकाश पर रवाना होने के बाद वह ड्यूटी पर नहीं आया। इसके बाद थानाध्यक्ष ने आरक्षी की अनुशासनहीनता के संबंध में पुलिस अधीक्षक को रिपोर्ट भेजी थी। इसके बाद एसपी ने आरक्षी आशीष को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। प्रारम्भिक जांच क्षेत्राधिकारी को सौंपी गई है। वह सात दिन में जांच पूरी कर आख्या प्रेषित करेंगे।

मां कूष्मांडा की पूजा अर्चना के लिए उमड़े भक्त

नहटौर, अमृत विचार : नवरात्र के चौथे दिन शुक्रवार चामुंडा देवी मंदिर में मां कूष्मांडा की पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। पंडित सुभाष चन्द्र भार्गव ने बताया कि पवित्र मन से नवरात्र के चौथे दिन इस देवी की पूजा-आराधना करनी चाहिए। इससे भक्तों के रोगों और शोकों का नाश होता है। उसे आयु, यश, बल और आरोग्य प्राप्त होता है। यह देवी अत्यल्प सेवा और भक्ति से ही प्रसन्न होकर आशीर्वाद देती हैं। सच्चे मन से पूजा करने वाले को सुगमता से परम पद प्राप्त होता है। विधि-विधान से पूजा करने पर भक्त को कम समय में ही कृपा का सूक्ष्म भाव अनुभव होने लगता है। ये देवी आधियों व्याधियों से मुक्त करती हैं और उसे सुख-समृद्धि और उन्नति प्रदान करती हैं। अंततः इस देवी की उपासना में भक्तों को सदैव तत्पर रहना चाहिए।

खोखे में लगी आग से लाखों का सामान जला

हल्दौर, अमृत विचार : रेलवे फाटक के पास खोखे में आग लगने से लाखों रुपये का सामान जल गया। हालांकि आग लगने के कारणों का पता नहीं लग पाया है। गांव कूकड़ा इस्लामपुर निवासी लक्ष्मण सिंह का रेलवे फाटक के पास खोखा है। वह इसमें सिगरेट, कोल्डड्रिंक बेचता है। गुरुवार रात उसके खोखे में अचानक आग लग गई। वहां से गुजर रहे कुछ राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने खोखे वाले को सूचना दी। उसने मौके पर पहुंचकर देखा तो सामान जला हुआ था। खोला स्वामी ने घटना में तीन लाख रुपये का नुकसान बताया है।

चुनावी कुश्ती से पहले ही विपक्ष चारों खाने चित हो गया : जयंत

रालोद प्रमुख ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर साधा निशाना

संवाददाता, बिजनौर/हल्दौर

अमृत विचार : राष्ट्रीय लोकदल के प्रमुख जयंत चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि विपक्ष की हिम्मत नहीं बन पा रही है, यहां कार्यक्रम हो। विपक्ष गहरी नींद में सोया हुआ है। अखिलेश यादव बिजनौर आने की हिम्मत नहीं कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि कुश्ती होने से पहले ही विपक्ष चारों खाने चित हो गया है।

वह रालोद-भाजपा के प्रत्याशी चंदन सिंह चौहान के समर्थन में गांव कड़ापुर, वाजिदपुर में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुझे आने वाली पीढियों के बारे में सोच कर चलना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की महत्वपूर्ण योजनाएं देखकर मैंने एनडीए में जाने का फैसला किया। मैं वह गठबंधन भी नहीं तोड़ना चाहता था, लेकिन कुछ मजबूरियां रहीं। लोगों के मान और सम्मान के लिए यह फैसला लिया है। आज किसानों के साथ बहुत समस्याएं हैं।

हम और आप बैठकर इस बारे में बात करेंगे। उन्होंने कहा कि गन्ना किसानों की समस्या को लेकर लोगों ने केंद्र सरकार से लड़ाई लड़ी है। क्षेत्र के लोग हमें केंद्र में पहुंचेंगे तो हम आपकी समस्याओं को हल करवाने का काम करेंगे। सरकार ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर सम्मान दिया है। अगर चौधरी चरण सिंह नहीं होते तो हम नौकर और मजदूर की हैसियत से होते। अगर वह किसानों की लड़ाई नहीं लड़ते तो आज यह दिन नहीं आता। मुझे जो भी ताकत मिलेगी, उससे मैं किसानों व नौजवानों के लिए काम करूंगा। हम विपक्ष में थे। हमने लाठियां भी खाई हैं।

लोकदल ने ही किसानों की लड़ाई लड़ने का काम किया है। बिजनौर लोकसभा में मजबूती होगी तो बागपत प्रेमी मजबूती होगी। मुजफ्फरनगर में भी मजबूती होगी। नगीना में मजबूती होगी। सभी एनडीए की सीटों पर मजबूती होगी।

उन्होंने कहा कि देश की जो तस्वीर बनी है, वह भी फैसला आपको ही करना है। बिजनौर के लोगों के फैसले की गूंज दिल्ली तक पहुंचेगी। इस दौरान पूर्व सांसद मुंशी रामपाल सिंह, एसके वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह, मोनिका चौधरी, जिलाध्यक्ष शिवसेना, डॉ. नीरज, चौधरी सुरेंद्र, ब्रजवीर सिंह, सुखबीर सिंह, पूर्व विधायक महावीर सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष पूनम चौधरी, प्रदेश के महासचिव विश्वजीत सोनू, सबल सिंह, कुलदीप सिंह, चिकारा नरेंद्र आर्य, चौधरी वीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

रालोद प्रमुख जयंत चौधरी को चौधरी चरण सिंह का चित्र भेंट करते चंदन सिंह चौहान।

सियासत

- गांव कड़ापुर और वाजिदपुर में जनसभा को किया संबोधित
- बोले- विपक्ष की हिम्मत नहीं हो रही है कि यहां उनका कार्यक्रम हो

भाकियू की बैठक में हुई किसानों के मुद्दों पर चर्चा

किरतपुर, अमृत विचार : गांव सरकड़ा खेड़ी में शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति की बैठक हुई। संगठन का विस्तार कर किसानों के मुद्दों पर चर्चा की।

यह बैठक आकिल अली के आवास पर हुई। इसमें जिलाध्यक्ष चौधर वीर सिंह सहरावत ने किसानों की समस्याएं सुनीं। किसानों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। आकिल अली को जिला सचिव, इदरीस अहमद को तहसील सचिव, सावेज को युवा तहसील उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। शहजाद, मोहम्मद दिलशाद, मोहम्मद परवेज समेत सैकड़ों किसानों को भाकियू लोकशक्ति की सदस्यता ग्रहण कराई। इस दौरान मंडल प्रभारी जग्गन अली, जिला सचिव नरेश कुमार, रामकुमार सिंह, भूपेंद्र सिंह, नसीम, फुरकान अली, रईस आदि मौजूद रहे।

युवक की बरामदगी की मांग

नहटौर, अमृत विचार : गांव फरीदपुर से ढाई माह पहले गायब हुए मानसिक रूप से कमजोर युवक की तलाश में परिजन भटक रहें है। लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका है। पुलिस में भी गुमशुदगी दर्ज कराई है। गांव फरीदपुर निवासी जरीना ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। बताया कि 29 जनवरी को उसका 35 वर्षीय पुत्र जावेद अहमद घर से निकल गया था। उसे आसपास तलाश गया, लेकिन उसका पता नहीं लग सका।

कलेक्ट्रेट सभागार में मौजदू प्रेक्षक, व्यय प्रेक्षक व जिला निर्वाचन अधिकारी।

जिलेभर में बूथ वार ईवीएम और वीवीपैट का किया गया निर्धारण

संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर प्रेक्षक राहुल शर्मा, व्यय प्रेक्षक दीपक पांडे और अश्वनी कुमार के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने प्रत्याशियों की मौजूदगी में ईवीएम व वीवीपैट का दूसरा रैंडमाइजेश किया।

डीएम ने बताया कि कौनसी मशीन किस बूथ पर प्रयोग की जाएगी। इसका निर्धारण किया गया है। लोकसभा क्षेत्र में जितने बूथ हैं, उनके अनुसार रैंडमाइजेशन कर वीवीपैट व ईवीएम का निर्धारण किया गया। बताया कि 85 वर्ष से अधिक आयु वालों और दिव्यांग मतदाताओं के वोट उनके घर में पोलिंग टीमें डलवाएंगी। जिले में 300 व्यक्ति 85 वर्ष से अधिक आयु वाले हैं। 260 मतदाता दिव्यांग है। कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान होगा। इस दौरान अपर जिलाधिकारी सुरेंद्र सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार, एसडीएम सुधीर कुमार आदि रहे।

लालच में चिकित्सक के घर की थी लूट

संवाददाता, नगीना

अमृत विचार : एक सप्ताह पहले चिकित्सक आनंद गहलोत के घर में हुई लूट के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से लूटा गया सामान मिला है। पुलिस ने आरोपियों का चालान कर दिया है।

पंजाबी कॉलोनी में डॉ. आनंद गहलौत रहते हैं। पांच अप्रैल की शाम उनके घर में घुसकर बदमाशों ने चिकित्सक के साथ मारपीट की थी और 25 हजार की नकदी लूट कर ले गए थे। घटना के संबंध में गांव कालखेड़ी निवासी डॉक्टर के भतीजे वतन ठाकुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। थाना प्रभारी सुनील कुमार के अनुसार, जांच में गांव हरगांव चांदन निवासी कंपाउंडर सचिन व मोहल्ला वाल्मीकि बस्ती निवासी गौतम वैध के नाम प्रकाश मे आए। पूछताछ में उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। सचिन ने बताया कि वह नौ वर्ष से डॉ. आनंद गहलोत के यहां कार्य करता है और वह उनकी आमदनी पर नजर रखता था। उसे अंदाजा था कि डॉक्टर के घर से 50-60 लाख की नकदी व सोने, चांदी के आभूषण मिल जाएंगे। इसके लालच में आकर उसने गौतम वैध से मिलकर लूट की साजिश रची। पहचान छिपाने के लिए बुर्का पहन लिया था।

उन्होंने 4 अप्रैल को भी लूट का प्रयास किया लेकिन घटना को अंजाम नहीं दे सके थे। पांच अप्रैल को बिना नंबर की एक बाइक का प्रयोग कर उन्होंने घटना को अंजाम दिया। चाकू दिखाकर 16 हजार 500 रुपये की नकदी लूट कर फरार हो गए। अब सचिन व गौतम वैध की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त दो बाइक, 10 हजार 350 रुपये की नकदी, चाकू, डीवीआर, बुर्का व कुर्ता पायजामा बरामद किया गया है।

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

किशोर से मजाक को लेकर मारपीट में कई लोग घायल

संवाददाता, किरतपुर

- नगर के मोहल्ला मिर्दगान की घटना, पुलिस से शिकायत

अमृत विचार : किशोर से मजाक को लेकर पड़ोसियों ने युवक व उसके परिजनों को मारपीट कर घायल कर दिया। हालत गंभीर में पीड़ित ने थाना प्रभारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई कि मांग की है।

नगर के मोहल्ला मिर्दगान निवासी मोहम्मद नवाजिश ने शुक्रवार को बताया कि वह अपने घर के बाहर खड़ा था। जहां उसके पडोसी मोहम्मद रफी का बेटा हुसैन (12) भी खड़ा था। दोनों आपस में हसी मजाक कर रहे थे। तभी हुसैन ने नवाजिश के साथ अभद्रता की। इस पर नवाजिश ने हुसैन को समझाया तो हुसैन के परिजनों ने एतराज किया। तभी दोनों मे विवाद हो गया। हुसैन के परिजन दिलशाद, कैफ, फैज व अब्दुल समी ने नवाजिश के भाई व भाभी पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। इससे नवाजिश व उसका भाई अनस, भाभी अमरजहा गंभीर रूप से घायल हो गए। नवाजिश ने थाने पहुंचकर चार लोगों के खिलाफ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

पुलिस ने तीनो घायलों को उपचार के लिए सीएचसी मे भर्ती कराया। चिकित्सकों ने अमरजहां की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर किया। थाना प्रभारी उदय प्रताप ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

समय रहते घटनास्थल पर पहुंच जाती मां तो बच सकती थी बच्ची की जान

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : बहलोलपुर में ईंट भट्ठे से खेत दूर होने पर कुत्तों के हमले के दौरान बच्ची के चीखने-चिल्लाने की आवाज लोगों तक नहीं पहुंची। अगर, समय रहते मां या कोई अन्य घटना स्थल पर पहुंच जाता तो शायद बच्ची की जान बच सकती थी।

जिले में कुत्ते लोगों पर हलमावर हो रहे हैं। इससे लोगों में दहशत व्याप्त है। लेकिन प्रशासन गंभीर नहीं है। कुत्तों को पकड़वाने के लिए कोई अभियान भी अभी तक नहीं चलाया गया है।

गर्मी का मौसम शुरू होते ही कुत्तों का आतंक बढ़ने लगा है। आए दिन बच्चों को कुत्ते हमला कर रहे हैं। तीन माह में गजरौला क्षेत्र में तीन बच्चों पर कुत्ते ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर चुके हैं। 18 फरवरी को शहर के मोहल्ला जलाल नगर निवासी फुरकान का बेटा अली, 13 मार्च को गोवंश को कुत्तों ने बुरी तरह नोचा था। पांच अप्रैल को शहर के मोहल्ला बसंत विहार निवासी कक्षा तीन की छात्रा साक्षी पर कुत्तों ने हमला कर दिया था। शुक्रवार को बहलोलपुर में कुत्तों ने हमला कर बच्ची को मार डाला। इस घटना से क्षेत्र में दहशत है।

जख्मी बच्ची। ● अमृत विचार

डूंगरपुर के एक मामले में इंस्पेक्टर से हुई जिरह

रामपुर, अमृत विचार : डूंगरपुर के एक मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में हो रही है। शुक्रवार को इंस्पेक्टर से बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने जिरह की। अब इस मामले में 15 अप्रैल को सुनवाई होगी। डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने के नाम पर वर्ष 2019 में घरों में घुसकर तोड़फोड़ व लूटपाट का आरोप लगाते हुए कई मुकदमे दर्ज कराए गए थे। आरोपियों में तत्कालीन सीओ आले हसन, ठेकेदार बरकत अली, परवेज आलम भी शामिल थे। इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीर्ट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इस मामले में सपा नेता आजम खां को भी आपराधिक षड्यंत्र का आरोपी बनाया गया है। यह मामला एमपी-एमएलए कोर्ट में विचाराधीन है।

सार-संक्षेप

केक काटकर स्थापना दिवस मानते बैंक कर्मी। ● अमृत विचार

केक काटकर मनाया बैंक शाखा का स्थापना दिवस

किरतपुर, अमृत विचार : पंजाब नेशनल बैंक शाखा किरतपुर का स्थापना दिवस मनाया गया। बैंक शाखा प्रबंधक सुधीर कुमार ने बताया कि ग्राहकों की संतुष्टि ही हमारा कार्य है। पंजाब नेशनल बैंक में शुक्रवार को स्थापना दिवस पर प्रबंधक ने ग्राहकों के साथ मिलकर केक काटा। साइम राजा ने बैंक कर्मियों के व्यवहार की प्रशंसा की। कहा कि पंजाब नेशनल बैंक हमारे परिवार की तरह है। सुन्दर गोयल ने कहा कि बैंक प्रबंधक के नेतृत्व में यह शाखा प्रगति की ओर अग्रसर है। बैंक मित्र रूही नाज, आशा वालिया व प्रबंधक ने केक काटा। इस दौरान निखिल अग्रवाल, अशोक कुमार विशनोई, रंजन कुमार, आशा राम, सत्येंद्र वर्मा, जसवीर, सुभाष, जितेंद्र, हेमेंद्र, इशिता, मोनू कुमार, शुभम, रवि कुमार, शमीम अंसारी, सतेन्द्र वर्मा, रंजन फौजी आदि उपस्थित रहे।

त्यागी समाज की बैठक में हुई चर्चा

नहटौर, अमृत विचार : शिशु मंदिर में त्यागी समाज की जिला स्तरीय बैठक हुई। इसमें लोगों से एकजुट होने का आह्वान किया। समाज के लोगों ने देश में अमन चैन, विकास व सनातन की रक्षा के लिए अपनी सहभागिता दर्ज कराने का निर्णय लिया। सरस्वती शिशु मंदिर में त्यागी समाज की आयोजित बैठक में प्रमुख लोगों ने प्रतिभाग किया। वक्ताओं ने कहा कि कुछ लोग निजी स्वार्थ में त्यागी समाज का हवाला देते हुए कई तरह की अफवाह फैलाकर आम मतदाताओं को गुमराह कर रहे हैं। त्यागी समाज देश के हित में, सर्वांगीण विकास व सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपनी सहभागिता निभाएगा। इस दौरान शोभित त्यागी, विनिल त्यागी, प्रमोद त्यागी, मूलचंद त्यागी मुकेन्द त्यागी, बलराज त्यागी, राकेश, अतुल, अवधेश, डॉ. नरेश आदि मौजूद रहे।

अब्दुल्ला के दो पैन कार्ड मामले में नहीं हुई गवाही

रामपुर, अमृत विचार : अब्दुल्ला आजम के दो पैनकार्ड मामले में शुक्रवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले में 16 अप्रैल को सुनवाई होगी। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हो रही है। अब्दुल्ला आजम खां के खिलाफ दो पैन कार्ड होने के आरोप में भाजपा के विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें सपा नेता आजम खां भी आरोपी हैं। दोनों जन्मप्रमाण पत्र मामले में दोनों सजा काट रहे हैं। दो पैनकार्ड मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल में हो रही है। शुक्रवार को अब्दुल्लाह आजम खान के अधिवक्ता ने स्थगन प्रार्थना पत्र दिया।

प्रधानाचार्य गजेंद्र सिंह का स्वागत करते शिक्षक।

अग्रवाल पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य बने गजेंद्र

हापुड़, अमृत विचार : कमला अग्रवाल ग्रुप ऑफ स्कूल शहर के प्रतिष्ठित संस्थानों में से एक है। दोनों ही विद्यालय कीर्तिमान के नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। इस श्रृंखला में कमला अग्रवाल पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को गजेंद्र सिंह ने प्रधानाचार्य पद का कार्यभार ग्रहण किया। उन्हें सीबीएसई विद्यालय में लगभग 29 वर्षों का अनुभव है। उनके अनुभव से विद्यालय नए आयामों की प्रगति के मार्ग पर अग्रसर रहेगा। कमला अग्रवाल गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या पारुल शर्मा, मैनेजर बृजमोहन गुप्ता व नरेश सिंघल ने उनका स्वागत किया। बताया कि छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के लिए सुरक्षित, सुचारू कार्यशैली से दोनों विद्यालयों में बेहतर उच्च शिक्षा व अनुशासन स्थापित किया है।

चुनाव कार्यालय का उद्घाटन पूर्व मंत्री शाहिद मंजूर व अन्य।

गठबंधन प्रत्याशी सुनीता के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

संवाददाता, हापुड़, अमृत विचार : मेरठ-हापुड़ लोकसभा क्षेत्र में इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी सुनीता वर्मा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन पूर्व मंत्री शाहिद मंजूर ने किया। इस मौके पर सपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रत्याशी सुनीता वर्मा और उनके पति योगेश वर्मा का स्वागत किया। शाहिद मंजूर ने कहा कि सभी संगठन के लोग आपसी मतभेदों को भुलाकर एकजुट होकर इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी सुनीता वर्मा को जीत दिलाने का कार्य करें। सुनीता वर्मा ने कहा कि 26 अप्रैल को साइकिल के सामने वाला बटन दबाकर उन्हें जीत दिलाए। इस मौके पर चौधरी शीशपाल सिंह, पूर्व विधायक गजराज, मिथुन त्यागी सिंह, एडवोकेट ललित सिंह, देवेंद्र जाखड़, संजय यादव, बेखौफ शायर डॉ नरेश सागर, आम आदमी के वरिष्ठ कार्यकर्ता योगेंद्र दास, इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

छेड़खानी को लेकर शिक्षिकाओं का हंगामा

कार्यालय संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : बिलासपुर थाना क्षेत्र में स्थित सरकारी स्कूल में तैनात कुछ शिक्षिकाओं ने प्रधानाध्यापक हरिराम दिवाकर पर छेड़खानी और मानसिक उत्पीड़न करने का आरोप लगाकर हंगामा किया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। इसके बाद शिक्षिकाएं थाने पहुंची और सहायक अध्यापिका ने प्रधानाध्यापक के विरुद्ध तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने छेड़खानी सहित कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

शिक्षिकाओं ने प्रधानाध्यापक के विरुद्ध कार्रवाई नहीं होने पर आत्मदाह की चेतावनी दी है। जिस सरकारी स्कूल से यह मामला जुड़ा है उसे आदर्श विद्यालय के रूप में पहचाना जाता है। शुक्रवार दोपहर विद्यालय में तैनात आधा दर्जन से अधिक शिक्षिकाएं अपने परिजनों के साथ एकत्र हुईं। इसके बाद प्रधानाध्यापक के खिलाफ हंगामा करने लगीं। शिक्षिकाओं का आरोप था कि प्रधानाध्यापक उनके साथ काफी समय से छेड़छाड़ व मानसिक रूप से उत्पीड़न कर रहे हैं। विरोध पर गाली-गलौज व अभद्रता पर उतारू रहते हैं। मौके पर मिली दो पीड़ित शिक्षिकाओं ने बताया कि आज सुबह वह बच्चों को पढ़ा रहीं थीं। इस दौरान प्रधानाध्यापक ने उन्हें अपने ऑफिस में बुलाया और आपत्तिजनक टिप्पणियां करते हुए छेड़छाड़ शुरू कर दी। जब उन्होंने शोर मचाया तो प्रधानाध्यापक ने अभद्रता की। शोर-शराबा होने पर अन्य शिक्षकाएं भी आ गईं। आरोप है कि प्रधानाध्यापक ने सभी से अभद्रता की और मारपीट करने लगे। इस दौरान स्कूल परिसर में ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर रूद्र-बिलास चौकी पुलिस व शिक्षक संघ के ब्लकाध्यक्ष भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने हंगामा कर रही शिक्षिकाओं को शांत कराने का प्रयास किया। लेकिन वह शांत नहीं हुईं। दोपहर बाद पीड़ित शिक्षिकाएं बिलासपुर कोतवाली पहुंची और प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने आरोपी प्रधानाध्यपक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कार्रवाई न होने पर शिक्षिकाओं ने आत्मदाह की चेतावनी दी है।

> सोशल मीडिया के माध्यम से शिक्षिकाओं ने प्रधानाध्यापक पर आरोप लगाए गए है। बिलासपुर के खंड शिक्षाधिकारी से आंख्या मांगी गई है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। – संजीव कुमार, बेसिक शिक्षाधिकारी

> शिक्षिकाओं को निपुण कार्य करने का काम दिया गया था। इसीलिए ये शिक्षिकाएं ऐसे आरोप लगा रही हैं। – हरिराम दिवाकर, प्रधानाध्यापक

कर्ज में डूबे कार मैकेनिक की हार्टअटैक से हुई मौत

संवाददाता, नौगांवा सादात

अमृत विचार : कस्बे के मोहल्ला इस्लामनगर में मोहम्मद अली का परिवार रहता है। उनका बेटा उस्मान अली (48) नौगांवा रोड शोहरत मार्केट में कार मैकेनिक का कार्य करता है।

6 वर्ष पहले उस्मान अली ने पंजाब नेशनल बैंक शाखा से ऋण लिया था। आरोप है कि बैंक कर्मचारियों के दबाव के कारण गुरुवार रात हार्ट अटैक से उसकी मौत हो गई। उनके घर पर पत्नी रिहाना, बेटी निषाद, अक्षा और लायबा रहते हैं। उस्मान अली ने आर्थिक तंगी में आकर अपना कार्य चलाने के लिए पंजाब नेशनल बैंक शाखा से ऋण लिया था। आर्थिक तंगी के कारण वह उसे समय से जमा नहीं कर सका। परिवार वालों का कहना है कि उस्मान की मुलाकात 2020 में राशिद, अंकुश शर्मा और धनौरी निवासी शकील से हुई। शकील ने एक समय एक लाख 70000 रुपये नकद ले लिए।

लेकिन दो साल बाद भी बैंक का लोन खत्म नहीं हुआ। जब उस्मान अली अपने भाई इमरान अली के साथ शकील के घर धनौरी मीर गए तो उसने उस्मान को डेढ़ लाख रुपये का फर्जी चेक थमा दिया। घर से फरार हो गया। लोन जमा न होने की स्थिति में बैंक कर्मचारियों ने ज्यादा दबाव बनाया। जिससे वह तनाव में था। उस्मान के बेटे फाजिल और भाइयों को सूचना दे दी गई। परिजनों ने बिना कोई कार्रवाई की ही दफना कर दिया।

प्रारूप सी-1

(अभ्यर्थी के द्वारा समाचार पत्रों, दूरदर्शन में प्रकाशित करने हेतु)

आपराधिक प्रकरणों के सम्बन्ध में घोषणा:- (2011 की रिट याचिका (सिविल) नं. 536 (मैं. माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और और्स बनाम भारत संघ एवं ए.एन.आर.)।

अभ्यर्थी का नाम और पता:- कुंवर दानिश अली

राजनीतिक दल का नाम - भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस

(स्वतंत्र अभ्यर्थी यहां निर्दलीय लिखें)

निर्वाचन का नाम:- लोकसभा

निर्वाचन क्षेत्र का नाम:- 09 अमरोहा

मैं कुंवर दानिश अली (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के सम्बन्ध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता / करती हूं।

(A) लंबित आपराधिक प्रकरण

क्र. सं.	न्यायालय का नाम	प्रकरण संख्या एवं तारीख	प्रकरण की स्थिति	संबंधित अधिनियमों की धारा (अ) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण
1.	अभी मुकदमें में विवेचना चल रही है। आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल नहीं हुआ है।	अपराध सं. 167/24 दिनांकित 30.03.24, थाना गढ़मुक्तेश्वर जिला हापुड़	विवेचना जारी है।	धारा 171 सी, 188 143 भा.दं.सं. धारा 144 दं.प्र.सं. का उल्लंघन का आरोप

(B) दण्डनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण

क्र. सं.	न्यायालय का नाम एवं आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियां)	कार्यालय (ओं) और लगायी गयी सजा का विवरण	लगाया गया अधिकतम दंड
	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

राज्य परिषद के निर्वाचन या विधायकों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन की स्थिति में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

अनिर्वेद : श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्ण : सुखं चानन्त्यमश्नुते॥

अपने काम में लगे रहने वाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।

संपादकीय

शांतिपूर्ण संबंध महत्वपूर्ण

देश में लोकसभा के चुनाव होने जा रहे हैं और चीन-भारत सीमा विवाद को लेकर विपक्ष सरकार के फैसलों को लेकर आक्रामक है। ऐसे समय में चीन को लेकर दिया गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बयान काफी महत्व रखता है। प्रधानमंत्री ने अमेरिका की एक पत्रिका को दिए साक्षात्कार में कहा था कि भारत के लिए चीन के साथ संबंध महत्वपूर्ण हैं और सीमाओं पर लंबे समय से चली आ रही स्थिति का तत्काल समाधान किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने आशा जताई थी कि राजनयिक और सैन्य स्तरों पर सकारात्मक एवं रचनात्मक द्विपक्षीय बातचीत के माध्यम से दोनों देश अपनी सीमाओं पर शांति और स्थिरता बहाल करने और बनाए रखने में सक्षम होंगे। इस बयान पर चीन की प्रतिक्रिया विस्तार से आई है। शुक्रवार को चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि भारत के साथ सीमा विवाद सुलझाने में सकारात्मक प्रगति हुई है। खास बात है कि पिछले कुछ दिनों में यह दूसरा मौका है जब चीन ने मोदी के साक्षात्कार पर प्रतिक्रिया दी है। पिछली बार प्रधानमंत्री मोदी ने हिरोशिमा में ग्रुप ऑफ सेवन (जी-7) शिखर सम्मेलन में भाग लेने के दौरान इस बात पर जोर दिया था कि चीन के साथ भारत की सीमा पर शांति सामान्य संबंधों के लिए आवश्यक है और भारत अपनी संप्रभुता और गरिमा की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

गौरतलब है कि भारत के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमा होने के कारण भारत और चीन के बीच आए दिन विवाद होता रहता है। हाल ही में उसने अरुणाचल प्रदेश को लेकर अपना अड़ियल रवैया दिखाया था। पैंगोंग त्सो झील क्षेत्र में हिंसक झड़प के बाद 5 मई 2020 को पूर्वी लद्दाख सीमा पर गतिरोध पैदा होने के बाद से व्यापार संबंधों को छोड़कर भारत और चीन के बीच संबंधों में गतिरोध बना हुआ है। इसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन के साथ सीमा विवाद सुलझाने की जरूरत बताई है,जो कि उनकी परिपक्वता को दर्शाता है। दोनों देश पड़ोसी होने के साथ ही दुनिया की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं। इसलिए किसी भी तरह के टकराव से दोनों का ही नुकसान है। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी का यह कहना सही है कि पूरे क्षेत्र और दुनिया के लिए भारत-चीन के बीच स्थिर और शांतिपूर्ण संबंध अहम हैं। स्थिर एवं शांतिपूर्ण संबंध न केवल दोनों देशों,बल्कि पूरे क्षेत्र और दुनिया के लिए महत्वपूर्ण हैं। चीन यदि भारत की इस पहल को स्वीकार कर ले और दोनों के बीच शांतिपूर्ण संबंध बनते हैं तो दोनों देशों की तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

संक्रामक रोगों की पूर्व सूचना और प्रबंधन का भारतीय तंत्र



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

देश में 34 किस्म के संक्रामक रोगों के बारे में 'पी' और 'एल' फॉर्म में डेटा लिया जाता है। 'पी' फॉर्म डॉक्टर्स द्वारा और 'एल' फॉर्म लैबोरेट्रीज द्वारा भरा जाता है,जो अंत में दिल्ली में प्रोग्राम मुख्यालय में पहुंचकर जमा होता है।

भारत में विषाणु और जीवाणु जनित टायफायड, निमोनिया, हेपेटाइटिस और रोगवाहक कीटों द्वारा फैलाए जाने वाले डेंगू, चिकगुनिया, मलेरिया, जापानी बुखार जैसे संक्रामक रोग का प्रकोप किस हिस्से में और कितने भू-भाग में कब फैल सकता है, इसे जानने के लिए इंटीग्रेटेड डिजीज स्वाय्लेंस प्रोग्राम (आईडीएसपी) नाम से एक निगरानी तंत्र सन 2004 में राष्ट्रीय स्तर पर वर्ल्ड बैंक की मदद से स्थापित किया गया था। यह कार्यक्रम सक्रिय और प्रभावशाली रहा है, खासतौर से कोविड-19 के दौरान। निगरानी को सशक्त रखने के लिए पब्लिक हेल्थ सेंटर्स और कम्युनिटी हेल्थ सेंटर्स का नेटवर्क इसके लिए काम करता है। इस नेटवर्क में मौजूद स्वास्थ्य सेवा तंत्र के अंतर्गत पीएचसी/सीएचसी, सिविल अस्पताल, मेडिकल स्कूल्स, शोध संस्थानों से जुड़े हुए इंडोर अस्पताल, पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट्स ऑफ़ मेडिकल साइंसेज और 'कैशलेस' इलाज देने वाले अस्पताल शामिल हैं।

देश में 34 किस्म के संक्रामक रोगों के बारे में 'पी' और 'एल' फॉर्म में डेटा लिया जाता है। 'पी' फॉर्म डॉक्टर्स द्वारा और 'एल' फॉर्म लैबोरेट्रीज द्वारा भरा जाता है जो अंत में दिल्ली में प्रोग्राम मुख्यालय में पहुंचकर जमा होता है। यहां इसकी स्टेटिस्टिकल एनालिसिस की जाती है जिससे संक्रामक रोगों के प्रकोप और प्रसार क्षेत्र का अध्ययन करते समय इसकी 'प्रिडिक्टिव वैल्यू' भी देखी जा सके। देश के सभी जिलों के पिछले 15 साल के डेटा के इस्तेमाल से यह मालूम होता है कि कब, कहां, कितनी तीव्रता का कौन से संक्रामक रोग का प्रकोप हुआ और कितने जन इससे प्रभावित हुए। इसकी मैपिंग और ग्राफ़िक्स अनेक विधियों से तैयार करके नीति निर्धारकों को उपलब्ध करवाई जाती है। उक्त फार्मों में मृत्यु का डेटा नहीं भरा जाता क्योंकि यह किसी और प्रोग्राम के अंतर्गत संकलित किया जाता है। संक्रमण और इसके रोगकारकों की सूची में निगरानी के लिए शामिल की गयी 34 बीमारियों की परिभाषा दर्ज है। फिर भी संक्रामकों में कायात्मक और संरचनात्मक रूप से अनदेखे या अनजाने परिवर्तन, जैसे कि विषाणु एवं जीवाणु की आनुवांशिक संरचना के किस एक अंश या रोगवाहक के स्वभाव में परिवर्तन होना,होते हैं जिनकी वजह से संक्रामकता और प्रकोप में फर्क पड़ता है। शोध-संधान से जब यह मालूम होता है तब डिजीज स्वायलेंस प्रोग्राम में इसे शामिल करके 'इंटेलिजेंस अपडेट' लिया जाता है। वर्ल्ड बैंक के साथ समझौते की अवधि सातवीं पंचवर्षीय योजना अर्थात सन 2017 तक थी। इसके बाद यह भारत के स्वास्थ्य तंत्र का स्थायी हिस्सा है जो कि नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के भीतर ही काम करता है।

> भारत में 'डिजीज आउटब्रेक फोरकास्टिंग सिस्टम' आईडीएसपी का ही हिस्सा है,लेकिन इस बात का ध्यान रखा जाता है कि पूर्व सूचना या चेतावनी पेंडेमिक, एपिडेमिक, एंडेमिक प्रकृति की है या आउट-ब्रेक, क्योंकि मोनिटरिंग और कंट्रोल के संसाधनों की मोबिलिटी इसी घोषणा पर आधारित होती है।

भारत में 'डिजीज आउटब्रेक फोरकास्टिंग सिस्टम' आईडीएसपी का ही हिस्सा है। लेकिन इस बात का ध्यान रखा जाता है कि पूर्व सूचना या चेतावनी पेंडेमिक, एपिडेमिक, एंडेमिक प्रकृति की है या आउट-ब्रेक, क्योंकि मोनिटरिंग और कण्ट्रोल के संसाधनों की मोबिलिटी इसी घोषणा पर आधारित होती है। संक्रामक रोगों में एक वायरल हैं जो विषाणुओं से फैलते हैं और दूसरा, बैक्टीरियल हैं जिन्हें जीवाणुओं द्वारा फैलाया जाता है। इन दोनों में भी संक्रमण के कारकों, प्रसार की गति, संक्रमण की अवधि और इलाज की पद्धतियां अलग हैं। एंटी-वायरल या एंटीबायोटिक्स से तभी इलाज किया जाता है जब जीवन बचाने के लिए और इन्फेक्शन को क्लियर करने के लिए ऐसा करना जरूरी समझा जाए। ऐसा करने के क्लिनिकल प्रोटोकॉल बिलकुल स्पष्ट हैं। कुछेक के लिए संक्रमण की प्राथमिक स्थिति के लिए औषधि देने की सिफारिश नहीं है जैसे कि हैज़ा और कोविड-सार्स-2 या कोविड-19 जैसे प्राणलेवा संक्रमण के लिए भी। कॉलरा या हैजा और डायरियल डिजीजेज़ (अतिसार/पेचिश) की ईटियलजि भी अलग है और कारक या एजेंट भी। इस तरफ मेरा ध्यान इसलिए गया कि दक्षिण भारत में इस समय वातावरण में तापमान 39-44 डिग्री सेल्सियस है अर्थात गर्मी का प्रभाव खूब है और बरसात होने के आसार अभी नहीं हैं। एनडीएमए और भारत मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि दक्षिण भारत में औसत से अधिक गर्मी का अचानक प्रकोप होने से सभी लोग अपने साथ ऑरल री-हाइड्रेशन सलूशन (ओआरएस) का पैकेट रखें ताकि निर्जलीकरण अथवा हैज़ा आदि के संक्रमण से बचा जा सके। हैज़ा से किसी व्यक्ति के प्रभावित होने के चांस गर्मी की ऋतु में, मई और जून के महीनों में ही अकसर होते हैं, जैसाकि आईडीएसपी द्वारा तैयार डिजीज मैप्स से मालूम पड़ता है। अकसर ही असावधानीवश प्यासा होने पर संक्रमित पानी पी लिया जाता है। इसमें हैज़ा का जीवाणु -विब्रियो कॉलरी अगर मौजूद है तो 6 से 48 घंटा के भीतर इससे शरीर में क्लिनिकल लक्षण दिखाने शुरू हो जाएंगे।

व्यक्ति, गंभीर रूप अस्वस्थ होकर उल्टी-दस्त करेगा और शरीर की तेज़ी से निर्जलीकरण होगा। संक्रमण जीवाणु के किस विभेद (स्ट्रेन) से हुआ यह मालूम करना बाद का काम है क्योंकि गंभीर रूप से बीमार होने की स्थिति में एंटीबायोटिक्स देने का विचार भी किया जाता है। पानी की अत्यधिक कमी होने और शरीर में इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस को डांवाडोल स्थिति से निकालने के लिए ओआरएस का घोल पीना पड़ता है। निर्जलीकरण दूर करने लिए ओआरएस जीवन रक्षक समाधान है, खासकर बीमारी या अत्यधिक गर्मी के मौसम में। उचित मार्गदर्शन और उपयोग के लिए एक स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर से हमेशा परामर्श करें। मार्किट में ओआरएस की 71 ब्रांड उपलब्ध हैं। प्रयोगकर्ता भ्रमित न हों, ऐसे में मार्गदर्शन के लिए सैशे पर प्रिंट की गई जरूरी सूचना को पढ़ लेना चाहिए।

डिजीज आउटब्रेक फोरकास्काटिंग का चुनावगर्मी, मनुष्यों की गहमा-गहमी और ऋतुजनित गर्मी से घनिष्ठ सह-संबंध बनता है। ऐसे में सरकारी तंत्र संक्रामक रोगों के पैदा होने की संभावना के बारे में समयानुसार चेतावनी देने और सक्रिय होने का पर्याप्त अवसर देता है। शायद यह मौक़ा है जब आम चुनाव के मौके पर गर्म ऋतु में चेतावनी जारी की गई है। डिजीज आउटब्रेक के बारे में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। अगर ऐसा करेंगे तो 'पैनिक' फ़ैल सकता है। इंतजार रहता है उस प्रथम सूचना रिपोर्ट का जो त्वरित गति से मीडिया माध्यमों में पहले प्रकट होती है।

भारत के डिजीज स्वायलेंस सिस्टम के अंतर्गत इंडियन कौंसिल फॉर मेडिकल रिसर्च, नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ एपिडेमियोलॉजी, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ कॉलरा एंड एंटैरिक डिजीजेज़, नेशनल सेंटर फॉर वेक्टरबोर्न डिजीजेज़ कण्ट्रोल, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ वायरोलॉजी, और आईसीएमआर के गोरखपुर और भुवनेश्वर स्थित रीजनल मेडिकल रिसर्च सेंटर्स आदि सहयोगी संस्थान हैं जिनके वैज्ञानिक देश में संक्रामक बीमारियों -पुरानी, नई और उभरती हुईं, पर निगाह रखते हैं। इसके लिए ज्योग्राफिकल निगरानी तंत्र भी काम करता है जो उपग्रह प्रणाली से जुड़ा रहता है।

मौसम की शार्ट और लॉंग-टर्म भविष्यवाणी करने के लिए जिस तरह ख़ास पैरामीटर्स का अध्ययन किया जाता है उसी प्रकार से डिजीज सर्वायलैंस सिस्टम अपने लिए अलग पैरामीटर्स इस्तेमाल करता है। ऐतिहासिक डेटा की 'माइनिंग' और ताज़ा आंकड़ों के दृष्टिगत किये गए विश्लेषण से प्राप्त हुए संकेतों के आधार पर डिजीज फोरकास्टिंग की जा सकती है। मकसद, जनता को भयभीत करना नहीं होता बल्कि खुद तैयारी किए जाने के अलावा चौकस रहकर देश में रहने वालों की सेहत और जान के प्रति संवेदनशील रहना है। प्रशंसनीय है कि इस बार गर्मी के मौसम में निर्धारित किए गए चुनावों के लिए प्रचार और जनसभाओं के दौरान निर्जलीकरण से बचने के लिए ओआरएस का प्रबंध करने और इसे सभी को अपने पास रखे जाने की सिफारिश सरकार की ओर से हुई है। उपरोक्त परिदृश्य के संबंध में नीति आयोग द्वारा सन् 2020 में प्रकाशित किया गया दस्तावेज़ 'विज़न 2035: पब्लिक हेल्थ स्वाय्लेंस इन इंडिया' देखने लायक है। इसके अलावा महत्वपूर्ण जानकारी आईडीएसपी के वेबसाइट पर उपलब्ध है जिसे देखकर यह संतोष होता है कि स्वास्थ्य के पहरुए मोर्चे पर तैनात हैं और जागरूक भी।

प्रसंगवश

विविधताओं से भरा देश

जैसे हमारा अपना धर्म होता है, उसी तरह देश का भी धर्म होता है। जैसे हमें खुद को समझना चाहिए, अपना गहराई से निरीक्षण करना चाहिए,खुद से मिलना चाहिए, वैसे ही हमें अपने देश को समझना चाहिए,उसके धर्म को समझना चाहिए। जरूरत पर उसकी खोज करनी चाहिए। हमारी श्रेष्ठता की सोच (जाति/धर्म/ लिंग की श्रेष्ठता) ने देश को काफी नुकसान पहुंचाया है।

शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

हमारा देश विविधताओं से भरा है, जाति की, धर्म की, भाषा की, बोली की। हर विविधता को फलने-फूलना का पूरा मौका ही देश को सशक्त बनाता है। सामाजिक समरसता हमारे जैसे देश के आर्थिक विकास के लिए बहुत जरूरी है। विदेशी निवेश कम हो रहा है? इसके पीछे कहीं सामाजिक समरसता का अभाव तो नहीं है,यह शोध किया और समझा जाना चाहिए। इसी विविधता में पले बढ़े होने के कारण तो गालिब ने कहा- हम को मालूम है जन्नत की हकीकत,लेकिन दिल के खुश रखने को 'गालिब' ये खयाल अच्छा है मुंशी नबी बख़्श हकीर के नाम गालिब ने लिखा था-'रोजा रखता हूं मगर रोजे को बहलाए रहता हूं। कभी पानी पी लिया, कभी हुक्का पी लिया,कभी कोई टुकड़ा रोटी का खा लिया। यहां के लोग अजब फहम और तुरफा रविश (अमीरों की चाल-ढाल) रखते हैं। मैं तो रोजे को बहलाए रहता हूं और ये साहब फरमाते हैं कि तू रोजा नहीं रखता। ये नहीं समझते कि रोजा न रखना और चीज है और रोजा बहलाना और बात है।'

गालिब मानवतावादी थे। उन्होंने लिखा है -'मुझमे मुसलमान के कोई लक्षण नहीं हैं। फिर भी पता नहीं क्यों जब भी मैं दुनिया के किसी कोने में मुसलमानों के अपमान,अपयश की बात सुनता हूं तो मेरे दिल पर अफसोस और मलाल छा जाता है'। हाली का कहना था कि उनका मिजाज इतना 'शोख' (शरारती) था कि कोई 'गर्म' ख़याल आने पर वे उसे बेसाख्ता बोल पड़ते थे, बिना परवाह किए कि ऐसा कहने पर लोग उन्हें काफिर या रिंद या धर्मभ्रष्ट समझ बैठेंगे।

बस्ते के बोझ से बेहाल बचपन

विद्यालयों में नया सत्र के आरंभ होने के साथ ही बच्चों की नियमित कक्षाएं आरंभ हो चुकी हैं। सवेरे-सवेरे स्कूल जाते बच्चों को भागते-दौड़ते हुए नाजुक कंधों पर वजनदार बस्तों का बोझ ढोते आसानी से देख सकते हैं और अगर उनकी तुलना आप अपने बचपन से करेंगे तो पाएंगे कि पूंजीवाद आधारित विद्यालयों की व्यवस्था में पढ़ाई के बोझ तले बच्चा कुम्हलाता जा रहा है।

बीना नयाल
नई दिल्ली

> राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में स्पष्ट कहा गया है कि कक्षा पहली से 12 वीं तक बस्ते का वजन बच्चों के वजन का औसतन 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए।

आम जनता की तिरछी निगाहें एक और सरकारी स्कूलों की ओर प्रश्नवाचक दृष्टि की होती है तो प्राइवेट स्कूलों में अभिभावक अपनी आय का एक बड़ा प्रतिशत स्कूलों की फीस से लेकर बच्चों की प्राइवेट कोचिंग तक में खर्च कर इनकी मनमानी झेलने को त्रस्त हैं। जहां सरकारी विद्यालयों में बस्ते के बोझ को हल्का करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप मानव संसाधन विकास मंत्रालय के दिशा निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाता है,वहीं प्राइवेट स्कूलों द्वारा आय में वृद्धि करने हेतु अपने प्रकाशकों द्वारा छापी जाने वाली एक ही विषय की तीन-तीन पुस्तकें और अनियोजित टाइम टेबल के कारण बच्चों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के निर्देशों के मानकों का दो गुना वजन वहन करने को बाध्य किया जाता है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में स्पष्ट कहा गया है कि कक्षा पहली से 12 वीं तक बस्ते का वजन बच्चों के वजन का औसतन 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। मेरा स्वयं का बच्चा आठवीं कक्षा में पढ़ता है और उसके बस्ते का वजन उसके औसत वजन के अनुसार चार किलो से अधिक नहीं होना चाहिए,जबकि पाठ्य पुस्तकों,लंच बॉक्स और पानी की बोतल के साथ यह वजन कई बार 10 किलो का हो जाता है,जो मुझे ही बस स्टॉप तक पहुंचाने में बेहाल कर देता है। ऐसे में बच्चा पहली या दूसरी मंजिल चढ़कर जब अपनी कक्षा में पहुंचता है तो उसकी मांसपेशियों कितना आवश्यक दबाव डाल रहा है,उसे स्वयं भी नहीं पता। उसके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव का स्कूल आकलन भी नहीं कर सकता। अपने साथियों से जब मैंने इस विषय पर बात की जिनके बच्चे प्राइवेट स्कूलों में पढ़ते हैं तो उन्होंने मुझसे कहा यह आप ही के बच्चों के स्कूल की बात नहीं है, अमूमन यह हर स्कूल की समस्या है।

परीक्षा का परिणाम प्रतिशत बढ़ाने की इतनी होड़ है कि बच्चों को मशीन मान लिया गया है जिससे बच्चों का व्यवहारगत अधिगम और सर्वांगीण विकास कहीं खो गया है। होटल, रेस्टोरेंट और ऑनलाइन माध्यम से प्लास्टिक के डब्बे में खुलेआम खाने की पैकेजिंग चल रही है,जो कि पर्यावरण और सेहत दोनों के लिए हानिकारक है। इसलिए स्कूलों में बच्चों को स्टील के लंच बॉक्स और बोतल लाने के लिए प्रेरित किया जाता है। उचित भी है,लेकिन बाजारवाद के इस दौर में इन स्टील के लंच बॉक्स और बोतलों के ऊपर प्लास्टिक की लुभावनी पैकेजिंग से कई बार बस्ते का वजन मानक वजन से दोगुना तक बढ़ जाता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के निर्देशों में स्पष्ट कहा गया है कि बच्चों को स्कूल में लाकर उपलब्ध कराया जाए और उनके बस्ते का वजन नियमित रूप से मशीनों द्वारा जांचा जाए। साथ ही अभिभावकों का भी कर्तव्य है कि बस्ते का बोझ अधिक होने पर इस संदर्भ में स्कूल प्रशासन से विचार विमर्श करें,लेकिन अधिकतर अभिभावकों को तो छोड़िए,अध्यापक भी दिशा-निर्देशों से अवगत नहीं होते हैं और स्कूल प्रशासन खुले आम नियमों की अनदेखी करता है।

शायद हम भूल जाते हैं कि बच्चों पर बस्ते के बोझ से स्वास्थ्य पर जो प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है,वह भविष्य में उस ऊर्जा से वंचित रह जाता है,जो उसे कैरियर निर्माण के अति महत्वपूर्ण समय पर आवश्यक होती है। स्कूली शिक्षा पर गठित विभिन्न कालों में अलग-अलग समितियों ने शिक्षा को बिना बोझ और सर्वांगीण विकास का माध्यम बनाने के लिए बस्ते का बोझ कम करने के लिए हमेशा से ही संस्तुतियां की हैं। इसमें से 1993 की यशपाल समिति और 2005 राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में स्पष्ट रूप से दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

अतः स्कूलों के शारीरिक और मानसिक विकास को ध्यान में रखते हुए न केवल स्कूल प्रशासन को वरन अध्यापकों को भी इस दिशा में सजग रहना होगा और स्कूल प्रशासन से नियमित रूप से विचार विमर्श करना होगा जिससे शिक्षा बच्चों की सहज प्रवृत्ति के अनुसार अनुरूप सीखने का माध्यम बन सके न कि बोझ बनकर रह जाए।

सोशल फोरम

हंसो मत, हिन्दी है

स्टेशन पर गाड़ी के इंतजार में खड़े-खड़े एनाउंसमेंट सुन पड़ता है। गाड़ी क्रमांक...प्लेटफॉर्म क्रमांक पर लगाई जा रही है। हैरानी हुई कि अच्छा भला प्रचलित शब्द है गाड़ी संख्या, प्लेटफॉर्म संख्या,लेकिन 'हिंदीकरण' की झक में बेचारा 'संख्या'बलि चढ़ गया और उसकी जगह आ बैठा क्रमांक।

अगर प्लेटफॉर्म चल सकता है तो नंबर क्यों नहीं चल सकता? बोलचाल की भाषा से परहेज को ही शुद्ध भाषा का उदाहरण मानने वाले इसी तरह तत्समीकरण करते हैं। हिंदी तो इतनी जबरदस्त है कि शायद सबसे ज्यादा विभिन्नताओं को जज्ब कर लेती है। जब मैं अध्यापक हो गया था तब बहुत से बिहारी लड़के संपर्क में आए। मगही क्षेत्र के लड़के अक्सर एक दिलचस्प प्रयोग करते थे: अमुक जी डेथ कर गए। फलां जी ने पैदा लिया,लेकिन इस पर कभी हंसी नहीं आई।

अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

हालांकि ये प्रयोग विचित्र थे। हिंदी के स्थानीय रंगत लिए हुए जितने रूप प्रचलन में हैं,वह अपने में शोध का विषय है,जहां तक मुझे मालूम है,इस पर भाषा वैज्ञानिक दृष्टि से कोई काम नहीं हुआ है। जबकि होना चाहिए ताकि यह दर्ज हो सके कि कलकतिया हिंदी,बंबइया हिंदी, छत्तीसगढ़ी रंगत वाली हिंदी,भोजपुरी असर वाली हिंदी वगैरह कितने रंग हैं इस भाषा के।

यह भाषा की समृद्धि का परिचायक भी है और बोलने वालों को संस्कारित करने का माध्यम भी। क्षेत्रीय रंगों से हिंदी के जो रूप निकलते हैं,उन्हें सुनकर कभी हंसी नहीं आती,लेकिन यह जो 'संख्या' को हटाकर 'क्रमांक' को प्रतिष्ठित करने वाली सरकारी हिंदी है,उसे सुनकर जितनी हंसी आती है, उससे ज्यादा क्रोध आता है। यह बात फिर-फिर याद दिलाने की है कि जनता अपने टकसाल में जिंदा भाषा गढ़ती है,कृत्रिम भाषा नहीं। अंग्रेजी के 'रेल' में हिंदी की 'गाड़ी' जोड़कर रेलगाड़ी शब्द जनता ने बनाया है, सरकारी विद्वानों या अफसरों ने नहीं।

जनता की भाषा निर्माण शक्ति का सबसे अच्छा उदाहरण है 'गिरमिटिया'। एंडेन्चर्ड लेबर के लिए 'अग्रीमेंट' का अपभ्रंश है 'गिरमिटिया' ,लेकिन जो नई व्यंजना शक्ति गिरमिटिया में आ गई है,वह उसके किसी अंग्रेजी प्रतिरूप या हिंदी अनुवाद में नहीं हो सकती।

-फेसबुक वॉल से

आजादी की कीमत याद दिलाता है जलियांवाला बाग

भीड़ के स्वर अचानक थम जाते हैं। उस तारीख की यादें लोगों को आज भी विचलित करती लगती हैं। कतार में दाखिल लोगों की गति अनायास ही मंद पड़ती है और मन बोझिल होता जाता है।

वह भी बैसाखी का ही दिन था। बीच में एक सदी से ज्यादा का फासला तो क्या? घाव के गहरे निशान अभी मौजूद हैं। पुरखों को मिली यातना और दर्द की टीसें आज की पीढ़ियों को बेचैन करती हैं। 13 अप्रैल 1919, जलियांवाला बाग के नरसंहार की मनहूस और दिल दहलाने वाली तारीख। वह गुलामी का दौर था। अंग्रेजों की मनमानी और जुल्म ज्यादती का अंधियारा बढ़ता ही जा रहा था,लेकिन उस अंधेरे का सीना चीरने के लिए आजादी के मतवाले जूझ रहे थे। नतीजों और अपने प्राणों की परवाह उन्हें नहीं थी। उजाले की उन्हें तलाश थी।

अपने राज का सूरज न डूबने के गुरुर में अंग्रेज दमन की किसी हद तक जाने की तैयारी में थे। बिना मुकदमा चलाए बंदी बनाए रखने का अधिकार रॉलेट ऐक्ट के जरिए उन्होंने हासिल कर लिया था। इस काले कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के लिए जलियांवाला बाग में नाराज,लेकिन अनुशासित और शांत भीड़ जुटी थी। हंसराज इस भीड़ को संबोधित कर रहे थे। तब तक जनरल डायर की अगुआई में बाग के इकलौते प्रवेश-निकास द्वार को सैनिकों ने घेर लिया। फिर गोलियों की निर्मम बरसात हुई थी। न गोलियों की गिनती थी और न मरने वालों की। जान बचाने की नाकाम कोशिश में तमाम लोग मैदान के एक किनारे स्थित कुएं में कूद गए



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

> भारत-पाकिस्तान सीमा के अटारी-बाघा बार्डर पर बीच का भारी भरकम लोहे का गेट और पार खड़े पाकिस्तानी रेंजर्स उस हिस्से की याद दिलाते हैं,जो कभी इस महान देश का अंग था और जिसने अलग होने के बाद भी भारत को सिर्फ घाव ही घाव दिए।

जलियांवाला बाग हत्याकांड की बरसी

थे। बहुतों की देह दीवार फांदने की कोशिश में छलनी होकर तड़पते हुए निस्तेज हो गई। उस दिन अनाथालय की ओर से लोगों को पानी पिलाने की ड्यूटी पर लगे अमर शहीद ऊधम सिंह ने निर्दोष देशवासियों के लहू से तर मिट्टी को लेकर प्रतिशोध की कसम खाई थी। अगले इक्कीस साल जागते-सोते और अंग्रेजों से जूझते वे इस कसम को कभी नहीं भूले। उसे पूरा करके ही वे फांसी के फंदे पर झूले और इसी मैदान की मिट्टी सिर्फ 12 साल की उम्र में शहीदे आजम भगत सिंह ने संजो के घर के पूजा स्थल पर रखी थी।

बेशक जुल्मी सत्ता जलियांवाला बाग में निर्दोषों पर भारी पड़ी थी,लेकिन इस नरसंहार ने देशवासियों और खासतौर पर नौजवानों में अंग्रेजी राज को उखाड़ फेंकने का संकल्प भर दिया था। बचपन से ही जलियांवाला बाग कांड के विषय में पढ़ा, जाना और सुना। देश के लिए मर मिटने वालों के विषय में लिखते हुए भी बार-बार जलियांवाला बाग प्रसंग ने बेचैन किया। पहली बार अमृतसर आने का अवसर मिला तो कुर्बान हो जाने वालों को अपने अंदाज में नमन किया। भोर में पवित्र स्वर्ण मंदिर के दर्शन और गुरुग्रंथ साहब के सामने मत्था टेकने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उसके बाद जलियांवाला बाग में एक बार फिर प्रवेश किया। पंजाब सरकार ने आजादी के संघर्ष के इस महान स्मारक को करीने से संजोया-संवारा है। तीन पुरानी दीवारें संरक्षित हैं,जिन पर दर्जनों गोलियों के निशान अभी मौजूद हैं। वह चौड़ा-गहरा कुंआ भी जिसमें कूदकर जान बचाने की कोशिश में सैकड़ों की जानें गईं।

इस कांड की पृष्ठभूमि और पूरे घटनाक्रम को शब्दों,चित्रों और अखबारी कतरनों के जरिए बखूबी परिचित कराया गया है। उस समय जीवित बचे कुछ चश्मदीदों के विचलित करने वाले बयान भी प्रदर्शित हैं। उस अभागी रतन कुमारी का दिल दहलाने वाला बयान भी है,जो इस निर्मम कांड के बाद देर शाम अपने पति की तलाश में वहां पहुंची थी। चारों ओर लाशें बिखरी हुई थीं। किसी की छाती तो किसी की पीठ छलनी थी। उस खौफनाक सन्नाटे बीच रतन कुमारी को सिर्फ जानवरों की रोती आवाजें सुनाई पड़ी थीं। भारत-पाकिस्तान सीमा के अटारी-बाघा बार्डर पर बीच का भारी भरकम लोहे का गेट और पार खड़े पाकिस्तानी रेंजर्स उस हिस्से की याद दिलाते हैं,जो कभी इस महान देश का अंग था और जिसने अलग होने के बाद भी भारत को सिर्फ घाव ही घाव दिए।

लड़की होने का अफसोस नहीं

कल बरामदे में कुछ बच्चियां दिखीं। इधर से उधर। उधर से इधर आते-जाते। हमने सोचा कोई परिवार आया होगा कुछ दिन के लिए रहने। शाम को पता चला कि ये बच्चियां शहडोल मंडल से यहां राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने आई हैं। रहने का कहीं और इंतजाम न होने के चलते मेस में व्यवस्था की गई। बच्चियों से बात करने पर पता चला कि कुछ बच्चियां हॉकी की खिलाड़ी हैं। कबड्डी की प्रतियोगिता हुई तो कबड्डी खेलने आ गईं। अलग-अलग जगहों से आई हैं। खेली हैं। थकी हैं। कुछ चोट भी लगी है। घुटने,पैर में छिल गया है। दवा लगाई है। दर्द है,लेकिन चलता है। रहने का ठिकाना खाने के ठिकाने से दूर है। रात 9 बजे सब खाने के लिए पैदल जाती हैं। मैं कहता हूं,यहीं खा लो,लेकिन वे वहीं जाती हैं। बोलती हैं वहीं इंतजाम है।

अनूप शुक्ल
कानपुर

सुबह बताती हैं कि रात 11 बजे लौटी। पैदल। रात में किसी से लिफ्ट भी तो नहीं ले सकते। बच्चियां आपस में पटर-पटर बतियाती हैं। उनकी बातें एक-दूसरे पर गिरती-पड़ती सुनाई देती हैं। बस इतना पता चलता है कि खूब सारा बतिया रहीं हैं। आते-जाते हम भी कुछ-कुछ बतियाते हैं बच्चियों से। उनके स्कूल,घर,समाज के बारे में बातें होती हैं।स्कूल 'कोएड' है,लेकिन लड़कों से डर नहीं लगता। लड़के कम हैं। उनको 'चमका' देते हैं,जो लड़के अच्छे से बात,व्यवहार करते हैं वे ठीक लगते हैं। घर में लोग पढ़ने के लिए मना नहीं करते। घर से बाहर निकलना अच्छा लगता है। साइकिल,बाइक चला लेते हैं। लड़की होने का कोई अफसोस नहीं, जो काम लड़के कर सकते हैं वो सब लड़कियां कर सकती हैं,लेकिन जो काम लड़कियां कर सकती हैं वो सब लड़के नहीं कर सकते। लड़कियां ज्यादा समझदार होती हैं। खाना सब बना लेती हैं।

बच्चियां अलग-अलग पृष्ठभूमि से आई हैं। अधिकतर के पास साधारण मोबाइल है। कुछ के पास स्मार्ट फोन। बात करते हुए मोबाइल में झुकी बच्चियां। जबलपुर में किसी के रिश्तेदार हैं। वो पता पूछते हैं। बच्चियां मुझे फोन पकड़ाकर पता बताने को कहती हैं। उनके मौसा जी,चाचा जी मिलने आएंगे। सब एक-दूसरे को जल्दी तैयार होने की हिदायत देती हैं। सुबह की चाय पीते हुए दिखीं बच्चियां। मैंने पूछा-चाय पियोगी। बोलीं चाय-नाश्ता ग्राउंड पर ही करेंगे। फिर कुछ देर बाद-बोलीं अच्छा मंगा दीजिए। सबने 'चक दे इंडिया' कई बार देखी है और मैच भी देखती रहती हैं। बच्

ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे ने शुरू किया प्रचार

शिवपुरी। गुना संसदीय सीट से चुनाव लड़ रहे नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे महाआर्यमन सिंधिया भी चुनावी समर में उतर गए हैं। पिता की जीत सुनिश्चित करने के लिए वे लगातार प्रचार कर रहे हैं। युवाओं के बीच संवाद के साथ ही घर- घर जाकर मतदाताओं से मिल रहे हैं और पिता के लिए वोट मांग रहे हैं। वे जनसंपर्क के दौरान अपने दादा माधव राव सिंधिया और दादी राजमाता विजय राजे सिंधिया का नाम लेना नहीं भूलते। खास बात यह है कि महाआर्यमन सिंधिया हर किसी को पीएम मोदी की गारंटी को अच्छी तरीके से समझा रहे हैं और वे अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव के बारे में भी बताने से नहीं चूकते। पिता ज्योतिरादित्य सिंधिया से अलग वे पूरी तरह युवाओं के साथ प्रचार में रात दिन लगे हुए हैं। कॉलेजों के बाहर छात्र- छात्राओं से मिल रहे हैं और मोदी सरकार की उपलब्धियां बता कर पिता के लिए वोट मांग रहे हैं।

भोजपुरी स्टार पवन सिंह पर टिकी निगाहें

पटना : बिहार की काराकाट लोकसभा सीट से भोजपुरी फिल्म स्टार पवन सिंह के चुनाव मैदान में उतरने की घोषणा के बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के घटक दल के नेता सकते में हैं। काराकाट सीट से राजग नेता उपेंद्र कुशवाहा मैदान में हैं। भाजपा को उम्मीद है कि पवन सिंह मान जाएंगे और चुनाव नहीं लड़ेंगे। अगर पवन सिंह चुनाव लड़ते हैं तो इसका नुकसान उपेंद्र कुशवाहा को हो सकता है। भाजपा ने पहले पवन को पश्चिम बंगाल की आसानसोल लोकसभा सीट से टिकट दिया था। हालांकि पवन ने वहां से लड़ने से इन्कार कर दिया और काराकाट से समर में उतरने की घोषणा की। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा की जीत सुनिश्चित करने के लिए न सिर्फ मुख्यमंत्री नितिश कुमार वहां सभा करेंगे बल्कि राजग के अन्य बड़े चेहरे भी यहां प्रचार करेंगे। पवन सिंह को अंदरखाने मनाने की तैयारी चल रही है। भाजपा के बिहार से जुड़े कई नेताओं ने बात की है और चुनाव न लड़ने का आग्रह किया है। यह बात भाजपा को भी पता है कि पवन के चुनाव लड़ने का सीधा लाभ इंडिया गठबंधन को होगा।



कंगना के सामने विक्रमादित्य हो सकते कांग्रेस का चेहरा

मंडी। हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहीं फिल्म अभिनेत्री एवं भाजपा नेता कंगना रनौत के विरुद्ध कांग्रेस से हिमाचल सरकार में विक्रमादित्य सिंह के मैदान में आने की उम्मीद है। भाजपा नेताओं की निगाह कांग्रेस आलाकमान के निर्णय पर टिकी हुई है, क्योंकि अभी तक उनकी उम्मीदवारी का एलान अभी तक कांग्रेस ने नहीं किया है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह यदि मैदान में आते हैं तो यहां मुकाबला रोचक होगा ऐसा माना जा रहा है।

लब खामोश हैं, पर आंखों ने लगा रखा है

मंजिल पर निशाना

मुस्लिम वोट बैंक

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली।

अमृत विचार: इस बार यह पहला मौका रहा जब देश में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं और रमजान का महीना निकल गया, ईद भी हो गई। लेकिन शाही इमाम से लेकर मौलवियों तक की मुस्लिम वोट बैंक पर चुप्पी नहीं टूटी। इस खामोशी के पीछे सोची समझी रणनीति बताई जा रही है।

देश में लगभग 100 संसदीय क्षेत्र हैं, जिनमें मुस्लिम मतदाता निर्णायक स्थिति में है। इनमें भी 65 सीटें ऐसी हैं, जिसमें मुस्लिम मत संख्या 35 फीसद से ज्यादा है। मुस्लिम बाहुल्य सर्वाधिक 14 सीटें उत्तर प्रदेश में हैं। पश्चिम बंगाल में 13, केरल में 8, असम में 7, जम्मू कश्मीर में 5, बिहार में 4 और मध्य प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, गोवा, महाराष्ट्र व तेलंगाना सहित कुछ राज्यों में दो-दो सीटें मुस्लिम बाहुल्य गिनी जाती हैं। जनगणना के हिसाब से देश की कुल आबादी में 14.2 फीसद हिस्सा मुसलमानों का है। इसके बावजूद मुस्लिम वोट बैंक को लेकर जामा मस्जिद के शाही इमाम से लेकर आम मौलवी तक और विभिन्न मुस्लिम संगठनों के नेता अभी पूरी तरह खामोश हैं।

100
लोकसभा सीटों पर मुस्लिम मतदाता निर्णायक स्थिति में

35%
तक 65 सीटों पर तो मुस्लिम मतदाता

मुस्लिम वोट बैंक काफी संजीदा

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि इस बार मुस्लिम वोट बैंक काफी संजीदा स्थिति में है, यदि इसको लेकर कोई भी फतवा, हिदायत आदि जारी की जाती है, तो वोटों का ध्रुवीकरण हो सकता है जिसका फायदा भाजपा को मिलेगा।

मुस्लिम मतदाताओं की बड़ी पसंद नहीं बन पायी भाजपा

- जम्मू कश्मीर में धारा 370 समाप्त करने या उत्तर प्रदेश में अतीक अहमद से लेकर मुख्तार अंसारी की मृत्यु के बाद यह किसी से छिपा नहीं है कि आम मुसलमान भाजपा से नाराज हैं। कोई फतवा दिया जाए या न दिया जाए, यह वोट बैंक उसी दल में गिरेगा जिसका उम्मीदवार बीजेपी को पराजित करने की स्थिति में होगा। यदि चुनाव पूर्व शाही इमाम या मुस्लिम संगठनों द्वारा बीजेपी के खिलाफ फतवा जारी किया गया तो गैर मुस्लिम वोटो का ध्रुवीकरण होगा और बीजेपी को उसका लाभ मिलेगा। उदाहरण के लिए पश्चिम बंगाल में करीब 27 फीसद मुसलमान है वहां की 42 में 13 सीटों पर उनकी मजबूत पकड़ है। यह जानने के बावजूद यदि मुस्लिम वोटों के लिए उनके संगठनों द्वारा कोई दिशा निर्देश दिए गए तो गैर मुस्लिम वोट बैंक एकजुट हो सकता है। यही स्थिति उत्तर प्रदेश में है जहां पर करीब 20 फीसद मुसलमान है, इनमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आधा दर्जन सीटों पर उनकी संख्या 40 फीसद से ज्यादा है।

शाही इमाम ने नहीं जारी किया कोई फतवा

- गुरुवार को ईद के मौके पर नमाज के लिए दिल्ली की जामा मस्जिद एवं फतेहपुरी मस्जिद में एकत्र हुए हजारों मुसलमान को उम्मीद थी कि शायद लोकसभा चुनाव को लेकर शाही इमाम कोई ऐलान, फतवा, हिदायत या राय देंगे, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। इसी तरह जमीयत उलमा ए हिंद या ऑल इंडिया मजलिस ए मुशावरत जैसे कई संगठनों के पदाधिकारी भी कुछ नहीं बोल रहे हैं। जबकि पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को है।

गौतम बुद्ध नगर लोकसभा सीट पर इस बार दो डॉक्टरों की लड़ाई में बसपा ने ठाकुर बिरादरी का प्रत्याशी उतारकर मुकाबला रोचक और दिलचस्प बना दिया है। भाजपा से पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा इस बार जीत की हैट्रिक लगाने के लिए कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखना चाहते हैं। वह ब्राह्मण हैं और खासतौर पर नोएडा में मजबूत पकड़ रखते हैं। उनके मुकाबले सपा-कांग्रेस गठबंधन ने पेशे से डॉक्टर महेंद्र नागर को उतारा है। डॉ. नागर गुर्जर समाज से हैं। बसपा ने ठाकुर बिरादरी के राजेंद्र सोलंकी पर दांव लगाया है। लोकसभा क्षेत्र में ठाकुर वोट ही सर्वाधिक माने जाते हैं। ईद के मौके पर तीनों प्रत्याशी परंपरागत जातीय आधार सहेजने के साथ मुस्लिम समाज को साधने में जोर लगाते नजर आए।

दो डॉक्टरों की लड़ाई में क्या बसपा मार पाएगी मैदान ?

- गौतम बुद्ध नगर में भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा को जीत की हैट्रिक से रोकने के लिए सपा-कांग्रेस गठबंधन ने ढाई दशक से राजनीति में सक्रिय डॉक्टर को उतारा मैदान में
- बसपा ने लोकसभा क्षेत्र में ठाकुर मतदाताओं की बड़ी संख्या देखते हुए सिंकदराबाद के पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सोलंकी पर दांव लगाकर मुकाबल बनाया रोचक और दिलचस्प

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार: गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी ने मौजूदा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा पर फिर एक बार भरोसा जताते हुए मैदान में उतारा है। उनके मुकाबले सपा और कांग्रेस गठबंधन से उम्मीदवार डॉ. महेंद्र नागर हैं, जबकि बसपा ने सिकंदराबाद के पूर्व विधायक ठाकुर राजेंद्र सिंह सोलंकी को मौका दिया है। यह सीट कांग्रेस के साथ गठबंधन में सपा के खाते में गई थी। सपा ने पहले डॉ. महेंद्र नागर को टिकट दिया तो नेताओं और कार्यकर्ताओं में असंतोष फैल गया, इसका कारण यह था कि डॉ. महेंद्र नागर दो साल पहले ही कांग्रेस छोड़कर सपा में आए थे। इस पर सपा ने प्रत्याशी बदलकर युवा नेता राहुल अवाना पर दांव लगाया, लेकिन उनका भी विरोध हो गया, ऐसे में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने फिर से डॉ. महेंद्र नागर को उम्मीदवार बना दिया। पिछले चुनाव में सपा और बसपा के संयुक्त प्रत्याशी को 4,93,890 वोट मिले थे, तब भाजपा के डॉ. महेश शर्मा ने तीन लाख से अधिक वोटों से जीत हासिल की थी। इस बार सपा का कांग्रेस से गठबंधन है और बसपा अलग लड़ रही है। ऐसे में मुस्लिम और दलित मतदाताओं पर सभी की नजर है। पूरा जोर इन्हीं के वोट प्राप्त करने के गुणा-भाग पर लगाया जा रहा है। भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा तीन तलाक कानून से मुस्लिम महिलाओं को मिले फायदे और केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ गिनाकर दोनों समुदायों के बीच जा रहे हैं। भाजपा संगठन के रणनीतिकार उनके लिए अलग से काम कर रहे हैं। इसके मुकाबले सपा प्रत्याशी डॉ. महेंद्र नागर मुस्लिम मतों को गठबंधन का परंपरागत वोट बैंक मानकर दलित और पिछड़े वर्ग को रिझाने की कोशिश में जुटे हैं। उनका पूरा फोकस सबसे पहले गुर्जर बिरादरी में अपने नागर गोत्र के मतदाताओं को साधने में है, जबकि बसपा प्रत्याशी राजेंद्र सोलंकी दलित मतदाताओं में मजबूत पैठ मानकर मुस्लिम मतों को अपनी तरफ मोड़ने में लगे हैं, तो मुस्लिम मतों को बसपा की तरफ जाने से रोकने के लिए सपा-कांग्रेस नेता पूरा जोर लगा रहे हैं।

1 डॉ महेश शर्मा। **भाजपा**

2 ठा. राजेन्द्र सिंह सोलंकी **बसपा**

3 डॉ. महेंद्र नागर **सपा-कांग्रेस गठबंधन**



प्रमुख मुद्दे

- विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के साथ किसानों की समस्या, बहन-बेटियों की सुरक्षा, सोसायटी क्षेत्र में बिल्डरों की मनमानी और भूमि अधिग्रहण मुआवजा।

2009 चुनाव परिणाम



बसपा भाजपा सपा कांग्रेस

दल	उम्मीदवार	वोट
बसपा	सुरेंद्र सिंह नागर	2,45,613
भाजपा	डॉ. महेश शर्मा	2,29,709
सपा	नरेंद्र सिंह भाटी	1,18,584
कांग्रेस	रमेश चंद्र तोमर	1,16,230

सोसायटी निवासी बाहरी मतदाताओं का झुकाव भाजपा की तरफ नजर आता

- नोएडा और ग्रेटर नोएडा में 250 से अधिक सोसायटी हैं। इनमें अधिकतर बाहरी लोग रहते हैं। इनकी संख्या करीब पांच लाख तक हैं। इनके अपने मुद्दे हैं, जिनमें विकास सर्वोपरि हैं। लेकिन इन मतदाताओं पर जातीय समीकरण का कोई प्रभाव नहीं दिखता है। इन मतदाताओं का झुकाव भाजपा की ओर ज्यादा नजर आता है। हालांकि कई सोसायटी में रजिस्ट्री का मुद्दा गर्म है। लोगों का कहना है कि पूरा पैसा जमा करने के बाद भी उनके फ्लैट की रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है। इस मुद्दे पर नेताओं के प्रति गुस्सा जताने के लिए रजिस्ट्री नहीं तो वोट नहीं, के बैनर भी टांगे गए हैं।

2024
में डॉ.महेश शर्मा हैट्रिक लगाने को कर रहे मेहनत

2019
में दूसरे नंबर पर थे बसपा के उम्मीदवार

2019 लोकसभा जनादेश

59.80%	35.70 %	03.40 %
भाजपा	बसपा	कांग्रेस
828164 मत	493421 मत	41960 मत
डॉ. महेश शर्मा	सतवीर	डॉ. अरविंद सिंह

26 लाख से ज्यादा मतदाताओं में लगभग आधी संख्या ठाकुर, ब्राह्मण व गुर्जर की

इस सीट का गठन 2009 में किया गया था। सामान्य घोषित इस सीट में परिसीमन के बाद खुर्जा विधानसभा सीट को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया है। गौतम बुद्ध नगर में 26 अप्रैल को चुनाव होंगे। इस लोकसभा सीट पर 26,75,148 मतदाता अगले सांसद का चुनाव करेंगे। इनमें 14 लाख से अधिक पुरुष और 12 लाख से ज्यादा महिला वोटर हैं। सबसे ज्यादा मतदाता नोएडा यानी गौतम बुद्ध नगर विधानसभा क्षेत्र में है। यहां 7,82,872 मतदाता हैं। दादरी विधानसभा में 7,29,481 मतदाता हैं। तीसरे नंबर पर जेवर में 3,69,824 मतदाता हैं। सिकंदराबाद विधानसभा में 3,99,091 मतदाता हैं। खुर्जा में 3,93,880 मतदाता हैं। लोकसभा क्षेत्र में ठाकुर मतदाताओं की संख्या 4 .30 लाख है। ब्राह्मण और गुर्जर मतदाता करीब 4-4 लाख हैं। मुस्लिम मतदाता 3 .6 लाख तक हैं, जबकि दलित मतदाताओं की संख्या 3 .80 लाख है।

विकास के साथ जातीय समीकरणों का घालमेल प्रचार को बना रहा दिलचस्प

लोकसभा क्षेत्र में जेवर एयरपोर्ट, फिल्म सिटी, मेडिकल डिवाइस पार्क, लाजिस्टिक हब, पं. दीन दयाल उपाध्याय पुरातन संस्थान एवं संस्कृति संग्रहालय, ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिक्रेटेड फ्रेट कॉरिडोर, आईटी और बीपीओ कंपनियां, मास्टर प्लान-2041 और दो लाख करोड़ का औद्योगिक पूंजी निवेश जहां विकास की नई इबारत और इमारत जैसा नजर आता है, वहीं नोएडा, ग्रेटर नोएडा, दादरी और जेवर के मुकाबले सिकंदराबाद और खुर्जा में उतना विकास नहीं नजर आता है। ऐसे में भाजपा को घेरने के लिए गठबंधन और बसपा प्रत्याशियों की ओर से विकास के मुद्दे पर नए सिरे से रणनीति बनाई जा रही है। इसी तरह चुनाव प्रचार और जनसंपर्क में जातीय समीकरणों का असर साफ नजर आता है। खास तौर पर सपा-कांग्रेस गठबंधन और बसपा के प्रत्याशी जातीय बहुलता के हिसाब से रणनीति बनाकर प्रचार कर रहे हैं। बड़े नेताओं की जनसभाएं भी जातीय समीकरणों के हिसाब से कराने की तैयारी की जा रही है।

प्रचार में पीछे दिख रहे गठबंधन और बसपा प्रत्याशी, अभी कोई बड़ा नेता तक नहीं आया

भाजपा उम्मीदवार डॉक्टर महेश शर्मा के समर्थन में भाजपा के दिग्गज नेता मैदान में उतर आए हैं। कुछ दिन पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ग्रेटर नोएडा में प्रबुद्ध सम्मेलन कर गए हैं। 13 अप्रैल को गृह मंत्री अमित शाह डॉ शर्मा के लिए बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। जल्द ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और एक बार फिर मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ नोएडा आकर जनसभा को संबोधित कर सकते हैं। दूसरी तरफ सपा, कांग्रेस और आम आदमी गठबंधन के प्रत्याशी डॉ महेंद्र नागर अपना चुनाव प्रचार अकेले ही करते नजर आ रहे हैं। उनके समर्थन में अभी तक गठबंधन का कोई बड़ा नेता नोएडा नहीं आया है। बसपा प्रत्याशी राजेंद्र सिंह सोलंकी पार्टी सुप्रीमो मायावती की सभा कराना चाहते हैं पर कार्यक्रम नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में माना जा रहा है कि गौतमबुद्ध नगर में भाजपा के सामने सभी दल नंबर दो पर आने की लड़ाई लड़ रहे हैं। यहां ज्यादातर लोग अन्य जिलों और राज्यों से आकर बसे हैं। गौतमबुद्ध नगर में वीआईपी मतदाताओं की भी बड़ी संख्या है, जिनमें पूर्व गवर्नर, सांसद, विधायक, सिविल सर्वेंट शामिल हैं।

जीत के लिए जोश राजस्थान के बाड़मेर में पीएम मोदी की रैली के दौरान पार्टी के युवा कार्यकर्ता जोश में नजर आए। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रवाद से जुड़े पोस्टर लहराए।

तैयारी पुख्ता पहले चरण में 102 सीटों पर होगा मतदान, अरुणाचल एवं सिक्किम विधानसभा का चुनाव भी उसी दिन

19 अप्रैल को मतदान के लिए निर्वाचन आयोग तैयार

नई दिल्ली, ब्यूरो

अमृत विचार: पहले चरण के अंतर्गत लोकसभा की 102 सीटों के लिए निर्वाचन आयोग ने मतदान पूर्व समीक्षा बैठक की और 367 पर्यवेक्षकों एवं 21 राज्यों के मुख्य सचिवों को दिशा निर्देश दिए। आयोग ने जम्मू कश्मीर के प्रवासी नागरिकों के लिए मतदान प्रक्रिया को सरल बनाने का भी निर्देश दिया है।

बैठक की अध्यक्षता मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने की जिसमें निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार एवं डॉक्टर सुखबीर सिंह संधू सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी थे। उक्त सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होना है। उसी दिन अरुणाचल प्रदेश एवं सिक्किम विधानसभा का भी मतदान होगा।

- जम्मू कश्मीर के प्रवासियों की मतदान प्रक्रिया सरल

केंद्रीय पर्यवेक्षकों का विवरण

1272 सामान्य पर्यवेक्षक	67 पुलिस पर्यवेक्षक
167 व्यय पर्यवेक्षक	

बैठक में तय किया गया है कि मतदान के दौरान उम्मीदवारों द्वारा मतदाताओं से किसी भी तरह के धनबल या प्रलोभन के बरताव पर विशेष नजर रखी जाएं। कानून व्यवस्था के लिए समीक्षा की गई और संवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल को तैनात करने के लिए कहा गया है। निष्पक्ष और ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए आयोग ने पर्यवेक्षको को तीन स्तर पर विभाजित किया है। कानून व्यवस्था और संवेदनशील मतदान केंटो की पहचान करने के लिए पुलिस केंद्र द्वारा तैनात पुलिस पर्यवेक्षकों से कहा गया है कि अतिरिक्त पुलिस बल की मांग राज्य के पुलिस महानिदेशक को चेक करें और यदि राज्य पुलिस के पास पर्याप्त बल नहीं है तो आयोग को तत्काल सूचित करें ताकि केंद्रीय पुलिस बल को भेजा जा सके।

मतदान के दौरान किसी भी तरह के धन बल, शराब वितरण या प्रलोभन पर निगरानी रखने के लिए 167 व्यय पर्यवेक्षकों को तैनात किया गया है।

मतदाताओं को मत पर्चियां उनके घरों में स्थानीय प्रशासन द्वारा अनिवार्य रूप से भेजी गई है या नहीं यह भी सामान्य पर्यवेक्षक नहीं करेंगे और इसकी सूचना राज्य एवं दिल्ली में बनाए गए निर्वाचन कंट्रोल रूम को देंगे। मतदाताओं को गर्मी से राहत देने के लिए सभी मतदान केदो पर टेंट एवं शीतल पेयजल का इंतजाम किया जाएगा और बुजुर्ग मतदाताओं को घर में ही मतदान की सुविधा दी जाएगी।

जम्मू कश्मीर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा 9 अप्रैल को प्राप्त रिपोर्ट पर आयोग की बैठक में विचार विमर्श किया गया और देशभर में रहने वाले प्रवासी नागरिकों के लिए मतदान की प्रक्रिया को सरल बनाने का फैसला लिया गया है। ऐसे नागरिकों को फार्म एम के साथ मांगी जाने वाली तमाम जानकारी को सरल बना दिया गया है। अब उन्हें अपने फॉर्म को किसी भी राजपत्रित अधिकारी से सत्यापन नहीं करना पड़ेगा। बल्कि स्व सत्यापन के तहत उन्हें मतदाता माना जाएगा और उन्हें मतदान की सुविधा दी जाएगी। जम्मू कश्मीर में इस तरह के मतदाताओं की संख्या करीब सवा लाख है।

चुनावी गतिविधियां

- **बसपा उम्मीदवारों पर सबसे ज्यादा आपराधिक मामले :** अपराध मुक्त समाज बनाने का दंभ भरने वाले राजनैतिक दल चुनाव के दौरान टिकट देने के दौरान प्रत्याशी पर दर्ज मुकदमों से परहेज नहीं करते हैं। लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में आठ सीटों के प्रत्याशियों की बात करें तो सबसे ज्यादा पांच बसपा के उम्मीदवारो पर अपराधिक मुकदमें दर्ज हैं, इतना ही नहीं, मुकदमें गंभीर धारा में दर्ज हैं। वहीं सपा और भाजपा भी बहुत पीछे नहीं हैं, दोनों में ही तीन-तीन प्रत्याशियों ने दर्ज मुकदमें घोषित किये।उप्र इलेक्शन वाच और एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट के अनुसार जय समता पार्टी, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम), रालोद, कांग्रेस के सभी उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। वहीं बसपा के 50 फीसदी, सपा के 29 फीसदी और बीजेपी के 14 फीसदी उम्मीदवारों ने अपराधिक मामले घोषित किए हैं। सबसे ज्यादा मामले आसपा के नगीना से उम्मीदवार चंद्रशेखर पर सबसे अधिक 36 दर्ज हैं। दूसरे नंबर पर सहारनपुर में कांग्रेस के इमरान मसूद पर आठ और तीसरे नंबर पर रामपुर से एडीपी के उम्मीदवार अरशद वारसी पर आधा दर्जन मामले दर्ज हैं।

आंबेडकरमय होने की तैयारी में जुटे राजनीतिक दल

सिर चढ़कर बोल रहा लोकसभा चुनाव का असर, मतदाता भी समझ रहे

डॉ. आंबेडकर जयंती पर भाजपा में मची है सबसे आगे निकलने की होड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा गठबंधन, इंडी गठबंधन और बसपा समेत कई दलों ने बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती पर अनुसूचित वर्ग के मतों को साधने की तैयारी की है। इसमें भाजपा का देशव्यापी समरसता दिवस तो तय है ही, इस दिन अनुसूचित जाति-जनजाति बस्तियों में जाकर सपंर्क, गोष्ठी, भोजन आदि के जरिए हर बूथ पर 370 वोट के लिए पूरी भागीदारी पर फोकस है। हालांकि मतदाता नेताओं की मंशा बखूबी समझ रहे हैं, और खामोश रहकर तमाशा देख रहे हैं।

प्रदेश में 21 से 22 फीसदी अनुसूचित वर्ग का वोट बैंक है, जिसपर बीते चुनावों से बहुजन समाज पार्टी की पकड़ धीरे-धीरे कुछ कमजोर होती देख भाजपा, कांग्रेस, सपा में इसे अपने पाले में लाने की होड़ चल रही है। पिछले लोकसभा चुनावों में लगभग 75 प्रतिशत जाटवों ने सपा-बसपा और रालोद गठबंधन को वोट दिया, लेकिन गैर-जाटव दलितों में से लगभग 42 प्रतिशत ने ही उन्हें वोट दिया। 48 फीसदी गैर जाटव दलित भाजपा के साथ थे। यही समीकरण राजनीतिक दलों को अपनी ओर खींच रहा है। इसबार इंडी गठबंधन खुद को बसपा के मुकाबले ताकतवर मान रहा है, ऐसे में भाजपा को हराने के लिए अनुसूचित वर्ग के वोटों पर पकड़ बनाने के लिए डॉ आंबेडकर जंयती से बेहतर उसके पास मौका नहीं है। हालांकि बीते विधानसभा चुनाव में सपा मुखिया अखिलेश यादव ने बकायदा बाबा साहेब वाहिनी बनाने की घोषणा की थी, लेकिन भाजपा के मुकाबले असरदार नहीं रहा।

बसपा में अनुसूचित जाति वर्ग की अन्य जातियों जैसे पासी, कोरी, धोबी, खटिक, बाल्मिकि वगैरह अपनी अहमियत कम मानते हैं, यहीं वजह है कि इन नेताओं का नया ठिकाना भाजपा और कांग्रेस बनी। जैसे कौशल किशोर, स्वामी प्रसाद मौर्य, लालजी निर्मल, जुगल किशोर डॉ. उदित राज, पीएल पुनिया, आरके चौधरी, अशोक दोहरे, राकेश सचान आदि। सपा का इस पॉलिटिक्स में एक तरफ चंद्रशेखर की एंट्री भी है, जो बसपा के कैडर वोट बैंक पर अपना हक जता रहे हैं। वे भी आंबेडकर के बहाने सहेजने की कोशिश मे जुट गए हैं।

डॉ आंबेडकर जयंती और रामनवमी भाजपा के लिए बेहद खास

भाजपा ने 5 अप्रैल को निषाद राज जयंती से 23 अप्रैल तक सांस्कृतिक पर्व उत्सव के जरिए देशभर में वोटरों को साध रही है। 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती को पार्टी समरसता दिवस के रूप में मनाएगी। साथ ही अनुसूचित जाति मोर्चा हर मंडल पर 50 अनुसूचित जाति के परिवारों को पार्टी से जोड़ा जाएगा। 17 अप्रैल को रामनवमी पर कार्यकर्ता पताका लहरायेंगे, हर मंदिर पांच दीपक जगायेंगे और मंदिर को सजाएंगे। 21 अप्रैल को महावीर जयंती पर पार्टी कार्यकर्ता जैन सम्प्रदाय की शोभायात्रा का विशेष अभिनंदन करेंगे। 23 अप्रैल को श्री हनुमान जयंती पर सारी दिल्ली में भाजपा कार्यकर्ता हर बूथ पर संगीतमय सुन्दरकांड पाठ का आयोजन करेंगे। इस विशेष सांस्कृतिक पर्व उत्सव से हम लोगों को भाजपा से जोड़ेंगे। वहीं, प्रधानमंत्री के विकसित भारत कार्यक्रम की भी चर्चा घर घर ले जाएंगे।

बसपा प्रमुख मायावती व उत्तराधिकारी आकाश आनंद का भी मेगा प्लान

आप 'संविधान बचाओ, तानाशाही हटाओ दिवस' मनाएगी

आम आदमी पार्टी ने डॉ आंबेडकर जयंती पर ''संविधान बचाओ, तानाशाही हटाओ दिवस'' मनाने की घोषणा की है। प्रवर्तन निदेशालय की ओर से शराब नीति घोटाले के सिलसिले में हुई दिल्ली के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी से आप की यह रणनीति मोदी सरकार को घेरने के लिए है। कई राज्यों में आप का अनुसूचित वर्ग के मतों पर खासा प्रभाव भी माना जाता है।

सात मई को होगा मतदान

तीसरे चरण की 10 सीटों के लिए नामांकन शुरू

अमृत विचार, लखनऊ। तीसरे चरण की दस सीटों पर चुनाव के लिए शुक्रवार से नामांकन शुरू हुआ। पहले दिन बदायूं में भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य ने नामांकन किया। इन सीटों पर सात मई को मतदान होगा। इस बीच, पहले व दूसरे चरण के मतदान के लिए तैयारियां तेज हो गई हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत तृतीय चरण की अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस चरण में सम्भल, हाथरस (अजा), आगरा (अजा), फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, ऑवला व बरेली सीटों के लिए चुनाव होना है। इस चरण की कुल सीटों में आठ सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और दो सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। मुरादाबाद, सम्भल, हाथरस, अलीगढ़, आगरा, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, कासगंज, बदायूं व बरेली समेत 12 जिलों के अंतर्गत तृतीय चरण के 10 लोकसभा क्षेत्र आते हैं।

सोशल मीडिया पर भी लोकसभा चुनाव को लेकर तेज चल रहा है द्वंद्व

एक दूसरे के खिलाफ बना रहे वीडियो तैयार की जा रही सुनियोजित पोस्ट

भाजपा के मीडिया आईटी सेल से डटकर मुकाबला कर रही कांग्रेस, बसपा व सपा

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

अमृत विचार: नौ अप्रैल मंगलवार की सुबह सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, इसमें अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप डोनाल्ड ने पत्नी के साथ साल के पहले सूर्य ग्रहण के अवीस्मरणीय नजारे को देख रहे थे, यह वीडियो भारत में बहुत ट्रेंड किया।

वास्तव में यह वीडियो अमेरिका में नहीं, भाजपा के आईटी सेल द्वारा तैयार किया हुआ है, जिसके आखिरी में सूर्य में लिखा था कि आयेगा मोदी ही। यह एक वीडियो उदाहरण है, इस तरह के तमाम वीडियो वायरल हो रहे हैं, जो व्यापारिक व निष्पक्ष कंटेंट पर आधारित होते हैं,अंत में एक लाइन में पार्टी प्रमुख या पार्टी विशेष का संदेश देते हैं। आमजन में आसानी से पहुंचने का माध्यम बने सोशल मीडिया का भरपूर उपयोग लोकसभा चुनाव में राजनैतिक दलों द्वारा किया जा रहा है।

चुनाव प्रचार के इस माध्यम को भाजपा, कांग्रेस,सपा और बसपा आदि सभी राजनैतिक दल भुनाने में लगे हैं। यू ट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स और वाट्सअप आदि कई सोशल मीडिया के प्लेटफार्म हैं जिन पर ज्यादा से ज्यादा फालोवर्स पकड़ने और उनमें अपनी पोस्ट के व्यूज बढ़ाने की होड़ लगी है। अपनी-अपनी वीडियो, पोस्ट, रील्स आदि को देश में टॉप 10 में शामिल करने के लिए प्रमुख नेताओं के वैरिफाइड एकाउंट्स हैश टैगिंग किये जा रहे हैं, फेसबुक पेज के फालोवर्स मिलने से व्यूज बढ़ाये जा रहे हैं।

डिजीटल प्लेटफार्म पर भाजपा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कांग्रेस दौड़ रही है। इसके लिए कांग्रेस ने बूथ स्तर पर, ब्लॉक, मंडल व जिले स्तर पर सोशल मीडिया प्लेट फार्म स्थापित किये हैं। विधानसभा स्तर पर रूमवार बनाए गए हैं, प्रदेश में करीब दो लाख सभी बूथों पर सोशल मीडिया के प्रतिनिधि के साथ टीम तैनात है, जो कि पार्टी के हर संदेश को जनता तक पहुंचा रहें हैं। इसी प्रकार, समाजवादी पार्टी भी खुद को डिजिटल प्लेटफार्म पर स्थापित किये हुए हैं। अखिलेश यादव समेत पार्टी के वैरिफाइड एकाउंट्स है, जिस पर विभिन्न विषयों पर वीडियो पोस्ट किये जा रहे हैं, कई वीडियो टॉप 10 में भी पहुंचते हैं।

बसपा मायावती के फालोवर्स बहुत हैं, नेशनल कॉडिनेटर आकाश आनन्द ने भी अपना फेसबुक पेज व एक्स पर वैरिफाइड एकाउंट तैयार कर, पार्टी के संदेश को वायरल कर रहे हैं, मगर सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म में खुद को अपडेट न करने की वजह से सोशल मीडिया में पुराने ढ़र्रे पर चल रही है।

क्या है सोशल मीडिया का सच

एक क्लिक में हर मोबाइल तक पहुंचने का माध्यम है सोशल मीडिया। कुछ ही क्षणों में देश-दुनिया तक पहुंचने का माध्यम है। राजनैतिक दलों ने अपने संदेश पहुंचाने और विरोधियों को पटकनी देने का माध्यम बना रखा है। इसके लिए पार्टियां, कंटेंट क्रिएटर, कंटेंट राइटर, रोचक बयान राइटर, विडियो कार्टून फिल्में और चित्रों के साथ कैरिकेचर आदि तैयार किये जा रहे हैं। विभिन्न विषयो पर 10 से 15 सेकेंड की रोचक रील्स पोस्ट की जा रही हैं। यही नहीं, प्रोफेशनल्स में प्री एप्रोच और पोस्ट एप्रोच के क्रिएटर रखे गये हैं। जो कि प्रतिद्वंदी पार्टी के प्रस्तावित रैली, सभा आदि आयोजन से पहले ही विरोध का माहौल तैयार किया जाता है, साथ ही आयोजन संपन्न होने पर चुटीले कंटेंट पोस्ट क्रिएटर तैयार करते हैं।

सोशल मीडिया पर भाजपा सबसे मजबूत

'पीलीभीत मांगे बीजीपी' स्लोगन बीते मंगलवार को ट्रेंड हुआ, पीलीभीत में संपन्न प्रधानमंत्री मोदी की रैली, कई मिलियन व्यूवर्स के साथ टॉप फाइव में ट्रेंड की। भाजपा में सोशल मीडिया संचालन की बड़ी टीम सक्रिय है। इसमें भाजपा की कॉडर आधारित आई सेल है, इसके अलावा राज्य की आईटी टीम है, जिसमें विभिन्न जिलों के एक्सपर्ट शामिल हैं। एक संयोजन टीम के अंतर्गत चार सह संयोजक की टीम कार्य करती है। इसके बाद प्रदेश के छह प्रांतों में अलग-अलग कार्य करने वाली क्षेत्रीय टीमें हैं। अंततः जिले स्तर व लोकसभा स्तर पर भी आईटी टीमें कार्य कर रहीं हैं। कैडर बेस्ड आई वर्कर डिजिटल प्लेटफार्म के लिए प्रशिक्षित हैं। चुनाव पूर्व भाजपा द्वारा राजधानी में प्रशिक्षण कार्यक्रम में संपन्न हुआ था, जिसमें मुख्यमंत्री योगी समेत विशेषज्ञों ने प्रशिक्षण दिया था। भाजपा में सोशल मीडिया की बागडोर संभालने वाले स्टेट हेड अंकित सिंह चंदेल का कहना है कि केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों को जनजन तक पहुंचाने का कार्य सोशल मीडिया के माध्यम से किया जा रहा है। इसमें हम पूर्णतया सफल है यही वजह से पार्टी के प्रति लोगो का विश्वास बढ़ा है।

आईना : प्रतापगढ़ लोकसभा सीट

2019 चुनाव का लेखा जोखा



उम्मीदवार	वोट
संगम लाल गुप्ता	4,36,291
अशोक कुमार त्रिपाठी	3,18,539
राजकुमारी रत्ना सिंह	77,096

2014 में किसको कितने वोट



दल	उम्मीदवार	वोट
अपना दल	कुँवर हरिवंश सिंह	3,75,789
बसपा	आसिफ़ निज़ामुद्दीन	2,07,567
कांग्रेस	राजकुमारी रत्ना सिंह	1,38,620
सपा	प्रमोद कुमार सिंह पटेल	1,20,107

प्रतापगढ़ के क्षेत्र

निर्वाचित सांसद

वर्ष	सदस्य	दल
1952	मुनीश्वर दत्त उपाध्याय	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1957	मुनीश्वर दत्त उपाध्याय	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1962	अजीत प्रताप सिंह	भारतीय जनसंघ
1967	दिनेश सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1971	दिनेश सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	रूप नाथ सिंह यादव	जनता पार्टी
1980	अजीत प्रताप सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1984	दिनेश सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1989	दिनेश सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1991	अभय प्रताप सिंह	जनता दल
1996	राजकुमारी रत्ना सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1998	राम विलास वेदांती	भारतीय जनता पार्टी
1999	राजकुमारी रत्ना सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
2004	अक्षय प्रताप सिंह	समाजवादी पार्टी
2009	राजकुमारी रत्ना सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
2014	हरिवंश सिंह	अपना दल
2019	संगम लाल गुप्ता	भारतीय जनता पार्टी

2009 चुनाव के आंकड़े

2019 नोटा 12,159

2014 नोटा 9,098



तीन जिलों के मतदाता चुनते हैं कन्नौज का सांसद

औरैया व कानपुर देहात की एक-एक विधानसभा सीट भी है लोकसभा क्षेत्र में

सदर कन्नौज, तिर्वा व छिबरामऊ समेत कुल पांच विस क्षेत्र आते हैं

अजय मिश्र, कन्नौज

अमृत विचार। लोकसभा क्षेत्र 42-कन्नौज (इत्रनगरी) का सांसद चुनने के लिए तीन जनपदों के मतदाता वोट करते हैं। इस संसदीय सीट का गठन पांच विधानसभा क्षेत्रों को मिलाकर किया गया है। इसमें कन्नौज जनपद के तीन विधानसभा तो औरैया व कानपुर देहात की एक-एक सीट भी शामिल है।

ऐतिहासिक कन्नौज लोकसभा क्षेत्र की पांच विधानसभा सीटों में दो अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। इसमें कानपुर देहात की रसूलाबाद व कन्नौज सदर सीट शामिल है। अन्य तीन सीटों से कोई भी व्यक्ति विधानसभा क्षेत्र का चुनाव लड़ सकता है। हालांकि कन्नौज संसदीय सीट अनारक्षित ही है। जिले की तीन विधानसभा क्षेत्रों में कुल मतदान केंद्र 1049 व मतदेय स्थल (बूथ) 1519 हैं। लोकसभा क्षेत्र की बात की जाए तो मतदान केंद्रों की संख्या बढ़कर 1596 हो जाती है। बूथ 2307 हैं। जनपद के तीन विधानसभा क्षेत्रों में 12,87,081 मतदाता हैं। बिधूना व रसूलाबाद को मिलाकर कुल मतदाता 19,82,589 हैं।

जिले में पुरुष मतदाताओं की संख्या 6,85,968 हैं, जिसमें बिधूना एवं रसूलाबाद को मिलाकर कुल 10,61,205 वोटर हैं। जनपद में महिला मतदाताओं की संख्या 6,01,056 है, जिसमें बिधूना एवं रसूलाबाद को मिलाकर कुल 9,21,288 हैं।

तीन स्थानों पर होती है वोटों की गिनती

लोकसभा क्षेत्र से जब कोई सांसद जीतता है तो उसका परिणाम घोषित करने के लिए तीन जिलों से आंकड़े एकत्र करने पड़ते हैं। कारण, कन्नौज मंडी समिति में जिले की ही तीन विधानसभा क्षेत्र के वोटों की गिनती होती है। इसके अलावा रसूलाबाद की कानपुर देहात व बिधूना की औरैया में वोट गिने जाते हैं। जानकारों की मानें तो जीत का प्रमाण पत्र देने से पहले निर्वाचन आयोग से भी अनुमति ली जाती है। इन सब वजहों से कन्नौज संसदीय सीट का परिणाम देरी से घोषित होता है। हालांकि प्रमाण पत्र कन्नौज में ही दिया जाता है।

कभी भरथना हुआ करता था हिस्सा

- कन्नौज लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा इलाके तो कई सालों से जुड़े हैं, हालांकि पूर्व में इटावा जिले की भरथना विधानसभा सीट कन्नौज में जुड़ी रहती थी। भरथना को हटाने के बाद ही कानपुर देहात की विधानसभा रसूलाबाद सीट जोड़ दी गई।

विधानसभावार मतदाता

लोकसभा क्षेत्र 52, कन्नौज



विधानसभावार मतदाता		
विधानसभा	मतदान केंद्र	बूथ
छिबरामऊ	346	547
तिर्वा	398	487
कन्नौज	305	485
बिधूना	287	404
रसूलाबाद	260	384

वर्ष 1967 में एक साथ हुआ था विधानसभा और लोकसभा का चुनाव

जनता के पल्ले नहीं पड़ा अंग्रेजी भाषण

आरपी सिंह, प्रतापगढ़

अमृत विचार : वर्ष 1967 में विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ ही हुए थे। सियासी सरगर्मी परवान पर थी। उस समय अखिल भारतीय जनसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. प्रेमनाथ डोगरा थे। कश्मीर के रहने वाले डोगरा चुनावी दौरे मे उत्तर भारत आए। प्रतापगढ़ में उनके अंग्रेजी में दिए गए भाषण को साथ रहे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने लोगों को सरल करके समझाया था।

इलाहाबाद (प्रयागराज) में सभा के बाद उन्हें प्रतापगढ़ आना था। शहर के गोपाल मंदिर में शाम चार बजे सभा आयोजित थी। वहां स्थित पुराने पीपल के वृक्ष के नीचे मंच सजा था। उन्हें सुनने के लिए भारी भीड़ उमड़ी थी। कार्यकर्ता भी उत्साहित थे। उपस्थित सभी लोग डोगरा जी और अटल जी को सुनने के लिए उत्सुक थे। कार से दोपहर करीब तीन बजे डोगरा जी और अटल जी प्रतापगढ़ पहुंचे। वह पहले लखन लाल के घर गए, फिर वहां से शाम करीब चार बजे गोपाल मंदिर पहुंचे। वरिष्ठ भाजपा नेता रामसेवक त्रिपाठी सभा के संचालक थे। अमृत विचार से बातचीत में वह बताते हैं कि स्वागत भाषण के बाद अटल जी ने डोगरा जी को मंच पर बुलाने का इशारा किया।

देर न करते हुए डोगरा जी को बुलाया गया, लेकिन उनके माइक संभालते ही सभा में सन्नाटा पसर गया। उनकी फर्राटेदार अंग्रेजी का भाषण सभा में आए लोगों के पल्ले नहीं पड़ रही थी। सभी एक-दूसरे की ओर ताकने लगे।

दूरदर्शी अटल ने इसे भांप लिया,इसके बाद दूसरा माइक उन्हें थामना पड़ा। उन्होंने अनुवादक की भूमिका निभाई।

उनके एक-एक वाक्य का हिंदी में अनुवाद कर डोगरा जी के चुनावी संदेश को जनता और कार्यकर्ताओं तक पहुंचाया। सभा समाप्त होने के बाद फिर डोगरा जी अटल बिहारी वाजपेयी के साथ कटरा मार्ग पर स्थित पूर्व विधायक बाबूलाल श्रीवास्तव के घर गए। दूसरे दिन सुबह यहां से प्रस्थान किया।



गोपाल मंदिर में आये थे अखिल भारतीय जनसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. प्रेमनाथ डोगरा व अटल बिहारी वाजपेयी

आइ एम वेरी ग्लैड टू विजिट प्रतापगढ़...

गोपाल मंदिर में आयोजित सभा के संचालक रामसेवक त्रिपाठी बताते हैं कि दरअसल डोंगरा जी हिंदी टूटी-फूटी ही बोल पाते थे। उन्हें क्षेत्रीय भाषा डोगरी आती थी, लेकिन उसे लोग और भी न समझ पाते। उनके भाषण का इतना अंश याद है..डियर सिटीजन आफ प्रतापगढ़ आइ एम वेरी ग्लैड टू विजिट प्रतापगढ़... **काज आफ नेशन**...।

1967 के उम्मीदवार

- राजा दिनेश सिंह : भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
- ओंकार नाथ द्विवेदी : जनसंघ
- प्रो. वासुदेव सिंह : संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी

बृजलाल को मिली सफलता, सुलखान सिंह और विजय कुमार अभी सफर में

...और अब राजनीति में उम्दा पारी खेलने को बढ़े कई पूर्व डीजीपी

विनय सिंह, लखनऊ

अमृत विचार : हर आईपीएस का सपना पुलिस मुखिया बनने का होता है, लेकिन पूरा किसी भाग्यशाली का ही होता है। इस पद और प्रतिष्ठा को पाने के बाद कुछ पुलिस मुखिया सन्नाटे में चले गए, लेकिन कुछ ने नई राहें बनानी शुरू कर दी।

शायद कुछ और करने की इच्छाशक्ति उनमें अभी बाकी थी। इसीलिए कई पूर्व पुलिस महानिदेशकों ने राजनीति में भी भाग्य आजमाना शुरू कर दिया। नए राहों में कई सफल हो गए तो कई अभी संघर्ष कर रहे हैं। अब देखना यह है कि किसको सफलता मिलती है, किसको निराशा। विगत छह वर्षों में डीजीपी पद पर तैनात रहे तीन पूर्व महानिदेशकों ने सक्रिय राजनीति शुरू की है। लेकिन कुछ पूर्व डीजीपी ऐसे हैं जो समय-समय पर टेलीविजन पर प्रवक्ता के रूप में दिखते हैं।

1988 बैच के आइपीएस अफसर विजय कुमार इस वर्ष 31 जनवरी को ही डीजीपी पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। वह अधिक समय तक डीजीपी तो नहीं रहे, लेकिन उन भाग्यशाली अफसरों में एक थे, जिन्हें यह पद मिला। हाल ही में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामकर नई यात्रा आरंभ की है। कहते हैं कि भाजपा की सदस्यता मिलते ही उन्हें पार्टी पदाधिकारियों की ओर से जिम्मेदारी भी दे दी गई है। चुनाव के बाद संभव है कि उन्हें बड़ा पदभार भी दिया जाए।

31 सितंबर 2017 को सेवानिवृत्त हुए पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह ने बाकी अफसरों से इतर अलग राह चुनी। उन्होंने किसी पार्टी में न जाकर स्वयं की राजनितिक पार्टी बना डाली। जिस मुद्दे को लेकर उन्होंने नई पारी शुरू की, वह भी देश-काल-परिस्थिति को देखते हुए समीचीन प्रतीत हो रहा है। बुंदेलखंड के हालात को देखते हुए उन्होंने अलग बुंदेलखंड राज्य के गठन को ही मुद्दा बनाया और उसी को लेकर आगे बढ़े। वह जिस अलग राज्य की मांग कर रहे हैं उससे सिर्फ उप्र. ही नहीं बल्कि मप्र. भी प्रभावित हो रहा है। मप्र. के सात जिले भी उसी एजेंडे में शामिल है। संभवत: 2027 के विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी इसी मुद्दे को लेकर मैदान में उतरे। अब देखना यह है कि सुलखान सिंह नई पारी में कहां तक सफल होते हैं।

बृजलाल वर्तमान में उप्र से राज्यसभा के सांसद हैं। वह उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति और जनजाति आयोग के अध्यक्ष भी हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती के शासनकाल में वह प्रदेश के डीजीपी बने। 2015 में दूसरी पारी शुरू करते हुए वे राजनीति में कूद गए। बसपा में उल्लेखनीय सफलता न मिलने पर वह भाजपा में शामिल हुए। वह दूसरी पारी में भी भाग्यशाली रहे। भाजपा ने उन्हें उच्च सदन पहुंचा दिया। आज वह भाजपा के मौलिक नेताओं की तरफ फ्रंटफुट पर बीजेपी के लिए प्रचार कर रहे हैं। राजनीतिक मंच पर विपक्षियों को लगातार घेरते हैं और मजबूती से भाजपा सरकार का पक्ष रखते हैं।

ट्रक की टक्कर से कार सवार चार लोगों की मौत

मथुरा, एजेंसी : वृन्दावन में ठाकुर बांकेबिहारी के मंदिर से गुरुवार को दर्शन कर कार से वापस दिल्ली लौट रहे चार लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। दिल्ली के मोतीनगर निवासी विशाल त्यागी कार चला रहे थे।। कार में विशाल के दोस्त दीपक के पिता ज्ञानचंद अगली सीट पर बैठे थे। विशाल की पत्नी प्रीति (26), उसकी चार महीने की बच्ची दिविशा, विशाल का दोस्त दीपक (32) और दीपक की मां स्नेहलता कार की पिछली सीट पर बैठे थे। विशाल और ज्ञानचंद ने सीट बेल्ट पहन रखा था जिसकी वजह से सेफ्टी बैग खुल गया और वे दोनों बच गए।

सरकार ने अचल संपत्ति खरीदने के लिए नई गॉइडलाइन जारी की

भूमि की रजिस्ट्री, दान व लीज विलेख तैयार करने का खाका तय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव व विभागाध्यक्षों को भेजा गया शासनादेश

अमृत विचार : राज्य सरकार की ओर रजिस्ट्री, दान लेने और लीज पर भूमि प्राप्त करने को लेकर नई गॉइडलाइन जारी की गई है। इसमें सरकार के पक्ष में भूमि खरीद, दान और लीज के रूप में कैसे भूमि विलेख तैयार होगा, इसका पूरा प्रारूप तय किया गया है। अब इसी आधार पर राज्यपाल की ओर से तय अधिकारी और प्राधिकृत अधिकारी अचल संपत्ति का दस्तावेज तैयार कराकर सरकार के पक्ष में रजिस्ट्री कराएंगे।

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की ओर से सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव व विभागाध्यक्षों को जारी आदेश में कहा गया है कि वर्तमान परिदृष्य में राज्य में विभिन्न परियोजनाओं के लिए राज्य द्वारा विलेखों के माध्यम से भूमि/अचल संपत्ति प्राप्त की जा रही है। शासकीय परियोजनाओं के लिए यथा संभव सहमति के आधार पर भूमि सीधे क्रय किया जा रहा है। साथ ही

शासन की विभिन्न पहलों से प्रेरित हो कर जनसामान्य के बहुत से निजी पक्षकार भी शासकीय परियोजनाओं व सुविधाओं की स्थापना के लिए शासन के पक्ष में निःशुल्क दान कर रहे हैं। ऐसे में शासन के पक्ष में तैयार होने वाले विलेखों की संख्या बढ़ी है।

इसके मद्देनजर मुख्य सचिव ने राज्य सरकार के पक्ष में भूमि को प्राप्त करने के लिए सरलीकरण की व्यवस्था तमाम नियमों और पिछले शासनादेशों के परीक्षण और विधीक्षण करवाने के बाद विलेखों के लिए एक मानक प्रपत्र जारी करने की आश्वयकता बताते हुए पूर्व में 2001 व 2016 में जारी शासनादेशों में बदलाव करते हुए नई व्यवस्था जारी की है। इसके मुताबिक राज्यपाल के पक्ष में निष्पादित होने वाले समस्त हस्तांतरण, दान एवं पट्टा विलेख अब नए प्रारूप पर ही निष्पादित किए जाएंगे।

राज्यपाल की ओर से रजिस्ट्री का मिला अधिकार

मुख्य सचिव ने जारी गॉइडलाइन में निर्देश दिया है कि मानक विलेख की सूचना स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन को भी दे दें, जिससे प्रदेश के निबंधन कार्यालय ऐसे मानक प्रारूप से भिज्ञ हो सके। मुख्य सचिव ने निर्देश दिया है कि प्रशासनिक विभाग के सचिव, प्रमुख सचिव, अपर मुख्य सचिव अथवा उनके द्वारा नियमानुसार प्राधिकृत अधिकारी क्रेता/दानग्रहिता के रूप में राज्यपाल की ओर स एवं पद के अधिकार से, विलेख पर हस्ताक्षर करेंगे। प्रशासकीय विभाग द्वारा किसी एक अधिकारी को संबंधित विलेख उपनिबंधक के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए अधिकृत किया जाएगा।

दो युवतियों पर बाइक सवारों ने फेंका तेजाब, हालत गंभीर

देवरिया, एजेंसी : यहां दो युवतियों पर तेजाब फेंकने का मामला सामने आया है. युवतियां साइकिल से अस्पताल जा रही थीं तभी बाइक सवार युवकों ने उन पर तेजाब फेंक दिया। अचानक हुए हमले से युवतियां बुरी तरह से झुलस गईं। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। एक युवतकी हालत गंभीर बताई जा रही है। दोनों युवतियां एक अस्पताल में कार्य करती हैं। गुरुवार को दोनों साइकिल से अस्पताल जा रही थीं। दोनों गौरीबाजार हाटा मार्ग पर पहुंची ही थी कि बाइक सवार युवक उनके पास आए और बोतल में रखा तेजाब फेंक दिया। युवतियों की चिल्लाने की आवाज सुनकर स्थानीय लोग दौड़े। उन्होंने युवकों का पीछा करने की कोशिश की, लेकिन दोनों भाग गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। एसपी संकल्प शर्मा भी मौके पर पहुंचे। इस मामले में दो संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उधर जांच में पता चला है कि एक युवती का हाथ और दूसरी का चेहरा तेजाब से झुलसा है।

भाजपा नेता निधीश राज ने खुद को मारी गोली, मौत

मुजफ्फरनगर,एजेंसी

भाजपा नेता निधीश राज गर्ग ने शुक्रवार को स्वयं क़ो लाइसेंसी पिस्टल से कनपटी से सटाकार गोली मार ली। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत महावीर चौक मार्ग पर एम एल गर्ग नामक क्लिनिक पर निधीश राज गर्ग ने इस घटना को अंजाम दिया।

निधीश राज गर्ग के पिता एम एल गर्ग पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी रह चुके हैं और एम एल गर्ग के नाम से काफ़ी समय से महावीर चौक पर क्लीनिक चला रहे हैं। निधीश राज गर्ग भी अपने पिता के कार्य मे सहयोग करने के अलावा राजनितिक कार्यों मे भी जुटे रहते थे। निधीश राज गर्ग लंबे समय तक समाजवादी पार्टी में भी रहे। कुछ समय पूर्व से भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर लगातार भाजपा प्रत्याशियों के कार्यक्रमों में भी शामिल हो रहे थे और हाल फिलहाल में 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर संजीव बालियान के जनसंपर्क में भी कई बार देखे गए। शुक्रवार की सुबह लगभग 10:00 बजे के आस पास क्लिनिक पर बैठे निधीश राज गर्ग ने स्वयं क़ो लाइसेंसी पिस्टल से गोली मार ली। जैसे ही आसपास के दुकानदारों को पता चला तो सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में भोपा रोड आनंद हॉस्पिटल में भर्ती कराया।

सूचना के बाद उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल उनका हाल जानने पहुंचे और नगर पालिका अध्यक्ष पति गौरव स्वरूप भी मौके पहुंचे। आनंद हॉस्पिटल में डॉक्टरों की कई टीमों द्वारा घायल निधीश राज गर्ग के उपचार क़ो किया गया। इलाज के दौरानउनकी मौत हो गई। इस मामले में एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि डायल 100 के माध्यम से सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली तो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को भी देखा जा रहा है। तहरीर के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सार-संक्षेप

इलाहाबाद हाईकोर्ट के महानिबंधक ने वकील और मुंशी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट के महानिबंधक राजीव भारती ने हाईकोर्ट के ही वकील और मुंशी के खिलाफ 11 अप्रैल को आईपीसी की धारा 419, 420, 467, 468, 471 के तहत थाना कैंट, प्रयागराज में प्राथमिकी दर्ज कराई है। महानिबंधक ने वकील पर आरोप लगाया है कि 10 अप्रैल को प्राची श्रीवास्तव ने हर्ष श्रीवास्तव को कथित तौर पर अपना मुंशी बताकर परिसर में प्रवेश दिलाया और हर्ष ने अपनी आईडी से बांदा निवासी आलोक सिंह और फतेहपुर, बिंदकी निवासी प्रद्युमन सिंह को न्यायालय परिसर में प्रवेश कराया, जिन्हें हाईकोर्ट के सुरक्षाकर्मी कृष्ण कुमार मिश्रा व उनके सहयोगी सुरक्षाकर्मियों ने मल्टीटास्किंग स्टाफ के नियुक्ति पत्र, जिस पर हाईकोर्ट का मोनोग्राम (मुहर) लगा हुआ था तथा बिना भरे हुए शपथ पत्र प्रारूप बरामद किए, साथ ही हर्ष श्रीवास्तव के पास से हाईकोर्ट का एंट्री पास एवं अन्य एंट्री पास मिले, जिस पर हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार (प्रोटोकॉल) के हस्ताक्षर एवं मुहर लगे हुए थे। उपरोक्त बरामद सभी दस्तावेजों का निरीक्षण किए जाने पर प्रथम दृष्टया सभी दस्तावेज कूटरचित और फर्जी पाए गए। अत: फर्जी एंट्री पासों को तैयार एवं उपयोग करने वाले संज्ञेय अपराध के लिए आरोपियों के खिलाफ कड़ी विधिक कार्रवाई करने की मांग की गई है।

पूर्व मंत्री राम आश्रय को मिली राहत

विधि संवाददाता,प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पूर्व मंत्री डॉ. राम आसरे कुशवाहा के आवेदन को स्वीकार करते हुए उन्हें सशर्त जमानत दे दी है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकल पीठ के समक्ष हुई। मालूम हो कि अवध वुड प्रोडक्ट्स और अवध फर्टिलाइजर्स आसाम रोड, मिहीपुरवा, बहराइच द्वारा सरकारी दिशा निर्देशों एवं नियमों का पालन नहीं किया गया था। कृषि भूमि को नुकसान पहुंचने के मामले में रालोद बहराइच के जिला अध्यक्ष जयप्रकाश वर्मा तथा याची ने क्रमश: तत्कालीन प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र लिखा। जिससे व्यथित होकर उक्त कंपनी के मालिक राजेंद्र सिंह माहेश्वरी ने याची के खिलाफ लोकायुक्त से शिकायत किया। आरोप लगाया कि याची और उसके पीआरओ ने उससे दो लाख रुपए की मांग की थी। इसके बाद भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत थाना मोती नगर, बहराइच में दिनांक 5 जुलाई 2002 को प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पूर्व मंत्री राम आसरे बसपा व सपा में रह चुके हैं।

ईद की बधाई देने इकबाल के घर पहुंचे रामलला के पुजारी

अयोध्या, अमृग विचार : अयोध्या से हमेशा ही हिंदू मुस्लिम एकता का संदेश जाता रहा है। ईद पर भी यही हुआ। रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने गुरुवार को बाबरी मस्जिद के पक्षकार रहे इकबाल अंसारी के घर पहुंचकर उन्हें मुबारकबाद दी। उनके परिजनों ने माला पहनाकर सत्येंद्र दास का स्वगात किया। आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा कि मैं ईद की बधाई देने आया हूं। अयोध्या में हम सब मिलजुल कर पर्व और त्योहार मनाते हैं। इनकी पूरी सहभागिता हमारे पर्व और त्योहारों में रहती है। जिस तरह से अयोध्या में हम हिंदू-मुस्लिम मिलकर सभी त्योहार और पर्व को मानते हैं। इसी तरह से पूरे देश में हिंदू-मुसलमान को मिलजुल कर मनाना चाहिए। इकबाल अंसारी ने कहा अयोध्या धर्म की नगरी है।

आगरा में व्यापारी की हत्या में चौथा आरोपी गिरफ्तार

आगरा,एजेंसी : आगरा में एक व्यापारी के हत्याकांड में शामिल चौथे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हाल ही में आगरा के हरीपर्वत थाना क्षेत्र के अंतर्गत विजयनगर कॉलोनी में कुछ बदमाशों ने एक व्यापारी के घर पर डकैती डाली थी और उस व्यापारी की हत्या कर दी थी। पुलिस ने इस मामले में पूर्व में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था और चौथे आरोपी की तलाश में जुटी थी। हरीपर्वत थाने के निरीक्षक आलोक कुमार ने बताया कि चौथे आरोपी मोहम्मद सालिम उर्फ साहिल को पकड़ा गया है। पुलिस डकैती की घटना में संलिप्त तीन अन्य आरोपियों राजू कुशवाहा, भोला उर्फ जलालउद्दीन और कासिम को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

सपा की काजल निषाद को भी सता रहा टिकट कटने का भय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अस्पताल में भर्ती हो जाने के बाद तेज हुई चर्चा

अमृत विचार: समाजवादी पार्टी के टिकट पर गोरखपुर से लोकसभा चुनाव लड़ रहीं काजल निषाद को भी टिकट कटने का भय सता रहा है। दरअसल, काजल पिछले दिनों गोरखपुर में प्रचार करने के दौरान बेहोश हो गईं थीं। उन्हें पहले वहीं के एक निजी अस्पताल में और बाद में लखनऊ लाकर मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया। स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। लेकिन, चर्चा यह भी कि सपा में चल रहे टिकटों के बदलाव की शिकार वह भी हो सकती हैं।

ऐसे में शुक्रवार को काजल निषाद मेदांता अस्पताल से सीधे समाजवादी पार्टी मुख्यालय पहुंची। जहां उनकी सपा प्रमुख से मुलाकात तो नहीं हुई लेकिन यहां उन्होंने पार्टीजनों को भी अपने स्वस्थ होने पर और मजबूती से चुनाव लड़ने के प्रति आश्वस्त कराया। वहीं, पार्टी प्रवक्ता कपीश श्रीवास्तव ने बताया कि काजल निषाद बहुत जूझारू नेता हैं। डॉक्टरों के निर्देश पर वह चुनावी मैदान में उतर कर डट कर मुकाबला करेंगी।

कई फेरबदल कर चुकी है सपा

सपा अब तक बदायूं, मेरठ, गौतमबुद्ध नगर, बिजनौर, मुरादाबाद समेत कई सीटों पर पूर्व घोषित प्रत्याशी बदल चुकी है। बदायूं लोकसभा सीट पर पहले सपा ने धर्मेंद्र यादव को टिकट दिया फिर उनका टिकट काटकर शिवपाल यादव को इस सीट की जिम्मेदारी सौंपी। एक बाद फिर बदायूं सीट पर प्रत्याशी बदलने की संभावना बन रही है। शिवपाल यादव ने अपने बेटे अक्षय यादव को बदायूं से चुनाव लड़ने की मांग पार्टी मुखिया से की है। इसमें धर्मेंद्र की भी सहमति है। अब केवल सपा प्रमुख अखिलेश यादव की मंजूरी का इंतजार है।

माफिया रक्तबीज हैं, इन्हें किसी भी हाल में दोबारा पनपने नहीं देना है : योगी

लखनऊ,एजेंसी

- मुख्यमंत्री ने देवबंद और कैराना में जनसभाओं को किया संबोधित

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपनी सरकार में माफिया एवं अपराधियों पर की गयी सख्त कार्रवाई का जिक्र करते हुए मतदाताओं से अपील की कि 'माफिया रक्तबीज हैं, इन्हें किसी भी हाल में दोबारा पनपने नहीं देना है।' योगी ने सहारनपुर के देवबंद में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार राघव लखनपाल और कैराना के भाजपा उम्मीदवार प्रदीप चौधरी के समर्थन में आयोजित अलग-अलग चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया।

अपराधियों पर निशाना साधते हुए योगी ने विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि इनके (माफिया) सामने कांग्रेस नतमस्तक थी और समाजवादी पार्टी (सपा) दुम दबाकर चलती थी, मगर आज इनमें से कुछ जेल में हैं तो कुछ का नामोनिशान मिट गया है। । मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी गर्मी को पूरी तरह से शांत कर दिया गया है। बाकी जो बचे हैं स्वयं ही राम नाम सत्य की यात्रा पर निकल गये हैं। उन्होंने कहा कि यहां बड़े-बड़े धुरंधर हुआ करते थे और जब वे चलते थे तो मुख्यमंत्री और मंत्री के काफिले रुक जाते थे। हमने उनकी गर्मी को शांत कर दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिनकी गर्मी शांत हो चुकी है, उनको ये जातिवादी संगठन फिर से पैदा करना चाहते हैं। इन्हें पैदा नहीं होने देना है। ये रक्तबीज हैं, ये सामान्य नागरिक का जीना हराम करते हैं। योगी ने दावा किया कि मुख्यमंत्री के रूप में मैं सात साल में जितनी बार सहारनपुर आया हूं, उतना कोई मुख्यमंत्री 60 साल में भी नहीं आया होगा। उन्होंने कहा कि सहारनपुर को पश्चिम का काशी बनना था मगर पिछली सरकारों ने यहां देवबंद को मजहबी जुनून का अखाड़ा बनाकर रख दिया। इस्लामिक शिक्षा के प्रमुख केन्द्र देवबंद में मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यहां फतवों के जरिए अव्यवस्था और अराजकता फैलाने का काम किया जाता था तथा छोटी-छोटी सी बात को लेकर फतवा जारी होता था। उन्होंने स्पष्ट किया कि 'वैक्सीन कैसे दी जाए-- इसे लेकर फतवा जारी होता था। यहां से अव्यवस्था और अराजकता फैलाने का प्रयास किया जाता था। विकास की कोई चर्चा नहीं करता था। योगी ने कहा कि यह चुनाव स्पष्ट रूप से दो ध्रुवों में बंट चुका है तथा एक तरफ जातिवादी लोग हैं जबकि दूसरी तरफ राष्ट्रवाद को समर्पित लोग हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दंगाइयों को फिर से पनपने का अवसर नहीं देना है, क्योंकि यह जातिवाद की राजनीति करके पहले दंगों और कर्फ्यू के आमंत्रण की एक शुरुआत करेंगे। इसके बाद बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए खतरे की घंटी बनेंगे, जो यहां के विकास को बाधित करने की साजिश का हिस्सा है।

वर्ग पहेली-38

बाएं से दाएं

1.1. निकालने की क्रिया या भाव 2. निकाले या बेदख़ल किए जाने का दंड, निष्कासन।

3.1. रुई धुनने का औज़ार, फटका, कठेल, धनुआ, पीजन 2. बच्चों के खेलने का छोटा धनुष।

4.1. भौचक्का होना, चकित या स्तंभित होना 2. व्यर्थ बोलना, बकना 3. रटना।

7.1. वायुपरिवहन तथा उसका अभ्यास 2. वायुयान चलाने का विज्ञान, विमानशास्त्र, (एयरनॉटिक्स)।

8. दे. बेशर्मी।

ऊपर से नीचे

1.1. पलक का झपकना 2. पलक झपकने भर का समय या क्षण, पल।

2.1. गिनती करने की क्रिया, किसी क्रम विशेष में अंकों का उच्चारण, संख्या जानना 2. हिसाब लगाना, गणना करना 3. किसी को महत्व देना या महत्वपूर्ण समझना।

3.1. पेट और छाती के मध्य का गहरा भाग 2. हृदय 3. भय या संकोच के कारण हृदय की तेज़ धड़कन, धकधक 4. आशंका, व्याकुलता 5. डर, भय 6. गले में पहना जाने वाला एक आभूषण।

5.1. जिसका उपचार किया गया हो 2. सेवित, पूजित।

6.1. प्रदर्शनी, दिखावा, दिखावट, (एग्ज़िबिशन) 2. ठाठ-बाट, तड़क-भड़क 3. अद्भुत वस्तुओं का प्रदर्शन 4. वह स्थान जहां उक्त प्रकार की वस्तुएं लोगों को दिखाने के लिए रखी जाती हैं।



वर्ग पहेली -37 का हल

	1 त	क	2 दी	र		3 टो
			वा			ली
	4 प		ने			
	दा		5 आ	ब	6 पा	शी
7 अ	नु	का	म		इ	
	रा			8 ब	रे	ठा
9 अँ	ग	ड़ा	ई		सी	

सुडोकू-117

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	8		2	6		4		
9						5		
			4				1	7
	3				8			4
		6				7		
1			7				9	
	4				3			8
		2			4			6
		5		7			4	

सुडोकू -116 का हल

3	1	4	7	6	9	5	2	8
5	2	9	8	4	1	3	7	6
7	8	6	5	2	3	9	1	4
4	5	1	3	7	2	6	8	9
9	3	8	1	5	6	2	4	7
2	6	7	4	9	8	1	3	5
6	7	2	9	3	4	8	5	1
1	4	3	6	8	5	7	9	2
8	9	5	2	1	7	4	6	3

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 अप्रैल शनिवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 12 .04 तक तत्पश्चात षष्ठी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 14 अप्रैल 12 .49 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

मेष — आज दिन की शुरुआत कुछ नकारात्मक रहेगी। दोपहर के बाद व्यवसाय से अच्छा धन लाभ हो सकता है। अविवाहित लड़कियों का विवाह तय हो सकता है। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। मानसिक रूप से हलकापन महसूस करेंगे।

वृष — आज जरूरी काम लंबित हो सकते हैं। दूसरों के काम में कमियां न निकालें। निर्णय लेने में थोड़ी बहुत चूक हो सकती है। कुछ असंतोष की स्थितियां बन सकती हैं। पति-पत्नी के बीच संबंधों में कुछ दबाव सा महसूस करेंगे।

मिथुन — आज समाज में आपकी योग्यता की प्रशंसा होगी। कम समय में उच्चतम गुणवत्ता का काम करने से आपको यश मिलेगा। कारोबारियों के लिए दिन बहुत शुभ है। नौकरीपेशा लोगों को आधिकारिक यात्रा करनी पड़ सकती है।

कर्क — आज जल्दबाजी में कोई बड़ा निर्णय न लें। मित्रों के स्वभाव में आया अचानक बदलाव आपको दुखी कर सकता है। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। अत्यधिक काम के कारण आपको आराम नहीं मिलेगा जिसके कारण थकान महसूस हो सकती है।

सिंह — आज उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। व्यवसाय में कुछ धीमेपन के बाद अच्छी गति रहेगी। रुका हुआ धन आपको वापस मिलेगा। विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत अच्छा है। आप परोपकार के कार्यों में काफी व्यस्त हो सकते हैं।

कन्या — आज राजनीति से जुड़े लोग अपनी कूटनीतिक क्षमता का परिचय देंगे। पैतृक व्यवसाय में तेजी आएगी। पुरानी यादें दोबारा ताजा हो सकती हैं। आय के नए स्रोत बन सकते हैं। अवसरों का लाभ उठाने में चूक न करें। परिजनों का पूर्ण सहयोग मिलेगा।

तुला — आज युवा प्रेम संबंधों को लेकर सावधान रहें। बनते कार्यों में रुकावटें आने की आशंका है। माता-पिता या गुरुजनों की सलाह अवश्य लें। मन में नकारात्मक विचार जन्म ले सकते हैं। छोटी-छोटी बातों को लेकर झगड़ा करने से बचें।

वृश्चिक — आज आपका मन कुछ अप्रसन्न रहेगा। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी हो सकती है। अपनी दिनचर्या को संतुलित रखें। गैरकानूनी कार्यों की तरफ रुचि लेना उचित नहीं है। नकारात्मक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें।

धनु — आज अपनी रुचि के अनुसार काम करने से आप प्रसन्न रहेंगे। व्यापारिक गतिविधियां उत्तम रहेंगी। घर के सभी सदस्य आपके ऊपर काफी प्रसन्न रहने वाले हैं। उच्च अधिकारी आपकी काफी प्रशंसा करेंगे।

मकर — आज संपत्ति के क्रय-विक्रय से बड़ा धन लाभ होगा। घर में निकट संबंधी और रिश्तेदार आ सकते हैं। कुछ महत्वपूर्ण अनुबंध होने के योग बन रहे हैं। दिल की बजाय दिमाग से काम लें। परिवार में आपसी प्रेम और स्नेह बढ़ेगा।

कुंभ — आज नए व्यवसाय की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। कार्यक्षेत्र में प्रतिद्वन्दिता के कारण परेशानी हो सकती है। व्यर्थ की गतिविधियों में धन बर्बाद न करें। पढ़ाई में थोड़ी परेशानी होगी। नसों में खिंचाव और दर्द की शिकायत हो सकती है।

मीन — आज व्यवसाय में बड़ी डील को लेकर परेशानी हो सकती है। आपका मन नहीं लगेगा। निजी मामलों को लेकर बाहरी लोगों से सलाह न लें। परिवार में कुछ समस्या हो सकती है। शत्रु आपके विरुद्ध सक्रिय रहेंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- मेला — दोपहर : 02 .44
- जान से प्यारा — रात : 07 .00
- अल्लुडु एडर्स — सुबह : 08 .43
- शिवम — शाम : 04 .40

SONY PIX
- जॉम्बीलैंड — सुबह : 11 .21
- लाइफ — रात : 07 .16

&pictures

ZEE CINEMA
- हम साथ साथ हैं — सुबह : 10 .10
- यमला पगला दीवाना — रात : 07 .15

StarGold SELECT
- वेल डन अब्बा — सुबह : 09 .15
- हम दो हमारे दो — रात : 09 .00

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 07 .15 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक हैंडसम लड़का क्लास में आया तो सारी लड़कियां देखते ही दीवानी हो गई, लेकिन आते ही लड़के ने एक ऐसी बात कही की सब लड़कियां बेहोश हो गई।
सोचो लड़के ने क्या कहा होगा सोचो सोचो ...
लड़के ने कहा थोड़ी जगह देना बहन जी झाड़ू लगाना है।

चुनावों के समय एक गांव में बिजली लगने की घोषणा हुई सभी लोग खुशी से नाचने लग गए।
इतने में एक कुत्ता भी नाचने लग गया।
लोगों ने पूछा तुम क्यों नाच रहे हो?
कुत्ता- खंबे भी खंबे भी तो लगेंगे...

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव : दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 - 106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल 94 रुपये लोबिया सफेद 98 रुपये ।

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक-1005, फ्लैग-1110, बोल्ड- 1160, डीएमओ- 900
रामपुर : शिवालिक-1000, फ्लैग-1110, डीएमओ-890, बोल्ड-1170

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	86700
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	85000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	90000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	75150
सोना गिन्नी (प्रति नग)	56000-56200
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	75,650
सोना रवा	75,500
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	81,600
चांदी (999)	81,500
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	73700
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	73200
सिल्वर (पक्की)	812 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	74,300
चांदी आभूषण	80,800

भारतीय कंपनियों को निवेश के लिए नेपाल का आमंत्रण

नई दिल्ली। नेपाल ने भारतीय उद्यमों को वहां निवेश करने के लिए आमंत्रित किया है। काठमांडू में 28-29 को होने वाले नेपाल निवेशक सम्मेलन से पहले भारतीय उद्योगों को उद्यम लगाने के लिए आमंत्रित किया गया है।

भारत में नेपाल के राजदूत शंकर प्रसाद शर्मा ने कहा कि नेपाल भारतीय कंपनियों के लिए स्वाभाविक रूप से पसंदीदा निवेश स्थल है और नेपाल निवेश शिखर सम्मेलन-2024 एक ऐसा अवसर है जहां निवेश और पुनर्निवेश योजनाओं पर चर्चा की जाएगी और बड़े व्यावसायिक विचारों को जमीनी स्तर पर उतारा जाएगा। राजदूत ने कहा कि नेपाल कारोबारी प्रक्रियाओं को सरल बनाने और कंपनियों को हर संभव सहायता देने को प्रतिबद्ध है। हम भारतीय कंपनियों को नेपाल में नए अवसर तलाशने के लिए आमंत्रित करते हैं।

मुनाफा वसूली से रिकॉर्ड स्तर से फिसला बाजार

सेंसेक्स 793 अंक गिरा, निफ्टी के 45 शेयरों में दर्ज की गई गिरावट

मुंबई, एजेंसी

एशियाई बाजारों में कमजोर रुख और घरेलू स्तर पर मुनाफावसूली का जोर रहने से शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 793 अंक से अधिक का गोता लगाया। निफ्टी भी रिकॉर्ड स्तर से नीचे आ गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 793.25 अंक यानी 1.06 प्रतिशत फिसलकर 74,244.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 848.84 अंक यानी 1.13 प्रतिशत तक लुढ़ककर 74,189.31 अंक पर खिसक गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 234.40 अंक यानी 1.03 प्रतिशत गिरकर 22,519.40 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी के 50 में से कुल 45 शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से सन फार्मा, मारुति सुजुकी, पावर ग्रिड, टाइटन, जेएसडब्ल्यू स्टील, टेक महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट देखी गई। दूसरी तरफ, टाटा मोटर्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और नेस्ले के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। कारोबार बंद होने के बाद टीसीएस ने मार्च तिमाही के अपने नतीजों की घोषणा की। दिग्गज सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी ने बीती तिमाही में शुद्ध लाभ 9.1 प्रतिशत बढ़ कर 12,434 करोड़ रुपये होने की जानकारी दी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिका में ब्याज दर में कटौती में देरी और पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से तेल की कीमतों में आई तेजी और चौथी तिमाही के कमजोर आय अनुमानों की चिंताओं के बीच भारतीय बाजारों में गिरावट का रुख रहा।

मॉरीशस से आने वाले निवेश के नियम सख्त होने से हाहाकर

मुंबई। मॉरीशस के जरिए भारत में होने वाले निवेश की फिर से जांच किए जाने के संशोधित नियम से घबराए विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की चौतरफा बिकवाली से आज शेयर बाजार में हाहाकर मच गया। इस दौरान दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली का दबाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार, मॉरीशस रूट से भारत में होने वाले निवेश के नियम को संशोधित किया गया है, जिसमें कहा गया है कि वर्ष 2017 से पहले हुए निवेश की फिर से जांच की जा सकती है यानी 2017 से पहले के फंडों को प्रमाण देना होगा कि उनका गठन केवल कर में लाभ लेने के लिए नहीं किया गया था। इससे विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बाजार से जमकर पैसे निकाल लिए। इससे बीएसई के सभी 20 समूह दबाव में आ गए।



सरकार ने कोयला उत्पादन का लक्ष्य 17 करोड़ टन किया तय

नई दिल्ली। सरकार ने चालू वित्त वर्ष (2024-25) के दौरान देश में निजी उपयोग और वाणिज्यिक कोयला ब्लॉक से 17 करोड़ टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य रखा है। बीते वित्त वर्ष में निजी उपयोग और वाणिज्यिक कोयला ब्लॉक से 14.71 करोड़ टन सूखा कोयले का उत्पादन किया था, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 11.6 करोड़ टन कोयला उत्पादन से 26 प्रतिशत ज्यादा था।

एक अधिकारी ने कहा कि कोयला मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव एम नागराजू ने चालू वित्त वर्ष के लिए कोयला उत्पादन लक्ष्य की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में 74 कोयला खानों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। अधिकारी ने कहा, कोयला ब्लॉक आवंटियों को 2024-25 में 17 करोड़ टन उत्पादन लक्ष्य हासिल करने का भरोसा है। अतिरिक्त सचिव ने 2024-25 में नई खानों के संभावित परिचालन की योजनाओं की भी समीक्षा की। बीते वित्त वर्ष के कुल 14.72 करोड़ टन कोयला उत्पादन में बिजली क्षेत्र की निजी उपयोग वाली खानों ने 12.13 करोड़ टन का उत्पादन किया था, गैर-बिजली क्षेत्र की निजी उपयोग वाली खानों में 84 लाख टन कोयला उत्पादन किया। वाणिज्यिक खानों में 1.75 करोड़ टन कोयले का उत्पादन हुआ।

मालदीव रूफिया में भुगतान पर भारत से चर्चा कर रहा : मंत्री

माले। मालदीव अपनी मुद्रा रूफिया में आयात के भुगतान को लेकर भारत के साथ चर्चा कर रहा हैं। एक वरिष्ठ मंत्री ने कहा है। आर्थिक विकास मंत्री मोहम्मद सईद ने कहा कि चीन से माल आयात को लेकर भी यही चर्चा जारी है। मालदीव सालाना भारत और चीन से क्रमशः 78 करोड़ तथा 72 करोड़ अमरीकी डॉलर का सामान आयात करता है।

समाचार पोर्टल एडिशनडॉटएमवी के अनुसार, 21 अप्रैल को संसदीय चुनाव से पहले राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की लामू एटोल की यात्रा के दौरान मावा द्वीप पर आयोजित एक कार्यक्रम में सईद ने यह बयान दिया। उन्होंने कहा कि यदि सत्तारूढ़ दल संसद में बहुमत हासिल करता है तो वे करीब दो वर्ष के भीतर डॉलर की दर को आधिकारिक बाजार मूल्यों पर वापस लाने में सक्षम होंगे। सईद ने कहा कि लक्ष्य यह है कि भारत से आयातित माल का भुगतान मालदीव के रूफिया में किया जा सके।

उन्होंने कहा कि मालदीव किसी अन्य देश के साथ संबंध तोड़ने वाला देश नहीं है और एक ऐसा देश है जो व्यापार के लिए खुला है। मंत्री ने साथ ही खुलासा किया कि मालदीव ने सेंट्रल बैंक ऑफ चाइना के गवर्नर को मालदीव आने के लिए आमंत्रित किया है। दोनों देशों के बीच मुद्रा विनिमय समझौते पर हस्ताक्षर करने के प्रयास भी जारी हैं।



15.4 करोड़ तक जा सकता है घरेलू हवाई यात्री यातायात

नई दिल्ली, एजेंसी

घरेलू हवाई यात्री यातायात वित्त वर्ष 2023-24 में 13 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ लगभग 15.4 करोड़ तक पहुंच सकता है। विमानन उद्योग की एक रिपोर्ट में यह जानकारी देते हुए कहा गया कि इस दौरान घरेलू एयरलाइंस का शुद्ध घाटा कम होकर 3,000 से 4,000 करोड़ रुपये के बीच रहने की संभावना है।

साख तय करने वाली एजेंसी इक्रा ने शुक्रवार को यह भी कहा कि एयरलाइंस की लागत में वृद्धि के मुकाबले राजस्व वृद्धि की क्षमता महत्वपूर्ण है, क्योंकि उससे ही उन्हें मार्जिन बढ़ाने में मदद मिलेगी। रिपोर्ट के मुताबिक आपूर्ति श्रृंखला की चुनौतियां और इंजन खराब होने से जुड़े मुद्दे निकट भविष्य में प्रतिकूल स्थिति पैदा कर सकते हैं। इक्रा ने कहा कि 2023-24 में घरेलू हवाई यात्री यातायात लगभग 15.4 करोड़ रहने का अनुमान है, जो सालाना आधार पर लगभग 13 प्रतिशत अधिक है।

राष्ट्रीय

एक नजर

गठबंधन उम्मीदवारों के समर्थन में 16 को त्रिपुरा में रोड शो करेंगी प्रियंका

अगरतला। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा 16 अप्रैल को यहां एक रोड शो में हिस्सा लेंगी। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने शुक्रवार बताया कि त्रिपुरा में दो संसदीय क्षेत्रों त्रिपुरा पश्चिम और त्रिपुरा पूर्व से विपक्षी 'इंडी' गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में रोड शो का आयोजन किया जाएगा। कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक सुदीप रॉय बर्मन ने कहा कि प्रियंका गांधी वाद्रा 16 अप्रैल को अगरतला आने वाली हैं। वह दोनों संसदीय क्षेत्रों में और विधानसभा उपचुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को वोट देने की लोगों से अपील करने के लिए रोड शो में हिस्सा लेंगी। बर्मन ने कहा कि कोई रैली नहीं होगी, लेकिन रोड शो के दौरान वह सूर्य चौमुहानी के पास भाषण देंगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आशीष कुमार साहा पश्चिम त्रिपुरा लोकसभा सीट से 'इंडिया' गठबंधन के उम्मीदवार हैं, जबकि माकपा के पूर्व विधायक राजेंद्र रियांग पूर्व त्रिपुरा लोकसभा सीट से विपक्षी गठबंधन के प्रत्याशी हैं।

21 अप्रैल को रांची में इंडी गठबंधन की न्याय उलगुलान महारैली

रांची। झारखंड के रांची में 21 अप्रैल को इंडी गठबंधन द्वारा आयोजित न्याय उलगुलान महारैली राज्य में एक मील का पत्थर साबित होगा। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने पूरे देश में अराजकता का माहौल पैदा करके रख दिया है। देश की जनता एक अघोषित इमरजेंसी के हालात से गुजर रही है। मोदी- शाह की जोड़ी ने पूरे विपक्ष के नेताओं पर केंद्रीय एजेंसी का दुरुपयोग करते हुए जिस प्रकार मुकदमों में फंसा कर जेल भेजने का कार्य किया है, उसे झारखंडी जनमानस नहीं भूल पा रहा है और केंद्र सरकार के इसी अन्याय के विरोध में उलगुलान का नया अध्याय न्याय उलगुलान महारैली के द्वारा लिखा जाएगा।

कुपवाड़ा के जंगलों से हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में शुक्रवार को सुरक्षा बलों ने तलाश अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बताया कि कुपवाड़ा के गैंगबग वन क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष जानकारी के आधार पर बीएसएफ, सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक संयुक्त अभियान शुरू किया। बीएसएफ ने एक्स पर पोस्ट किया, तलाश अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई हैं। बीएसएफ की विशिष्ट सूचना के आधार पर कुपवाड़ा के गैंगबग बन क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद बीएसएफ, सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक संयुक्त तलाश अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई।

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा की 94 सीटों के लिए जारी की अधिसूचना

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 94 सीटों पर चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी। आम चुनाव 2024 के लिए 16 मार्च को जारी कार्यक्रम के अनुसार तीसरे चरण में मतदान सात मई को कराए जाएंगे। अधिसूचना के अनुसार तीसरे चरण में 12 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में 94 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों और मध्य प्रदेश में बैतूल संसदीय क्षेत्र के स्थगित चुनाव के लिए 7 मई को मतदान होगा।

सीआईसी के आदेश में हस्तक्षेप करने से उच्च न्यायालय ने किया इनकार

आरटीआई के तहत तीसरे पक्ष को नहीं दी जा सकती यात्रा संबंधी जानकारी : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि यात्रा से संबंधित जानकारी व्यक्तिगत प्रकृति की होती है और सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत ऐसे विवरण किसी तीसरे पक्ष को तब तक नहीं दिये जा सकते, जब तक कि यह व्यापक जनहित में न हो। अदालत ने केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है, जिसमें 2006 के मुंबई ट्रेन विस्फोट मामले में मौत की सजा पाए दोषी एहतेशाम कुतुबुद्दीन सिद्दीकी की याचिका खारिज कर दी गई थी।

सिद्दीकी ने एक जनवरी, 2006 से 30 जून, 2006 के बीच मुंबई हवाई अड्डे से हांगकांग या चीन तक मोहम्मद आलम गुलाम

साबिर कुरैशी की 'विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय' (एफआरआरओ) या आव्रजन कार्यालय में दर्ज यात्रा प्रविष्टियों (प्रस्थान और आगमन) के संबंध में आरटीआई अधिनियम के तहत जानकारी मांगी थी। उन्होंने सीआईसी के जनवरी 2022 के उस आदेश को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि किसी भी व्यक्ति की यात्रा की जानकारी व्यक्तिगत जानकारी है और इस तरह के विवरण किसी तीसरे पक्ष को तब तक नहीं बताए जा सकते जब तक कि यह व्यापक सार्वजनिक हित में न हो। इस अदालत की राय है कि सीआईसी का यह दृष्टिकोण इतना विकृत नहीं है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 227 के तहत हस्तक्षेप की जरूरत पड़े। याचिकाकर्ता ने आव्रजन ब्यूरो के केंद्रीय सार्वजनिक सूचना अधिकारी के समक्ष एक आरटीआई आवेदन दायर किया था, जिसने इस आधार पर याचिका खारिज कर दी थी कि विभाग को आरटीआई अधिनियम की धारा 24(1) और दूसरी अनुसूची के तहत कोई भी जानकारी प्रदान करने से छूट दी गई थी। याचिकाकर्ता ने सीआईसी के समक्ष अपील दायर की लेकिन उसने भी इसे इस आधार पर खारिज कर दिया कि सिद्दीकी तीसरे पक्ष की जानकारी मांग रहा था, जो अधिनियम की धारा 8(1)(जे) के तहत छूट की श्रेणी में है।

कश्मीर में लोस चुनाव लड़ ले भाजपा, जमानत जब्त न हो जाए तो राजनीति छोड़ दूंगा : उमर

श्रीनगर। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को भाजपा को कश्मीर घाटी में लोकसभा चुनाव लड़ने की चुनौती देते हुए कहा कि अगर केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवारों की जमानत जब्त नहीं हो गई तो वह राजनीति छोड़ देंगे।

अब्दुल्ला ने कहा कि अगर भाजपा को यहां विकास और सामान्य स्थिति होने के उसके दावों पर भरोसा है तो पार्टी को कश्मीर घाटी की तीन लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने चाहिए। अगर प्रधानमंत्री जो कहते हैं, उसमें इतना असर है तो वे भाजपा के उम्मीदवार खड़े करें और पार्टी के नाम पर वोट मांगें। अगर हमने कुछ नहीं किया तो लोग हमें स्वीकार नहीं करेंगे। अगर लोग हमें स्वीकार नहीं करेंगे तो आप अपने भाषणों में लगातार हमारे नाम क्यों ले रहे हैं? इस स्थिति में आप हमारे खिलाफ आपकी एजेंसियों का इस्तेमाल क्यों कर रहे हैं?

यह आपातकाल 1975 से अधिक खतरनाक

श्रीनगर। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा कि देश में अघोषित आपातकाल है और यह 1975 के आपातकाल से भी अधिक खतरे में है। आपातकाल के मुद्दे पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की हालिया टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर अब्दुल्ला ने कहा कि सामान्य शिकायत है कि इस समय हम जिस दौर से गुजर रहे हैं वो आपातकाल से भी खराब है।

'आप' को सता रहा दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगने का डर

नई दिल्ली। दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार राष्ट्रीय राजधानी में राष्ट्रपति शासन लगाने के लिए एक बड़ी राजनीतिक साजिश रच रही है।

आतिशी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी उनकी सरकार को गिराने के लिए एक राजनीतिक साजिश है। हमें विश्वस्त सूत्रों से पता चला है कि आने वाले दिनों में दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाएगा। लेकिन दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाना गैरकानूनी और जनादेश के खिलाफ होगा। आम आदमी पार्टी (आप) की नेता के आरोप पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा ने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि राष्ट्रपति शासन का डर आम आदमी पार्टी को सता रहा है, जिसके पास विधानसभा में 62 विधायक हैं।

आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि पिछले कुछ महीनों में कई ऐसी घटनाएं हुई हैं जो इस आशंका की ओर इशारा करती हैं। मंत्री ने कहा कि पिछले कुछ महीनों से भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के किसी वरिष्ठ अधिकारी को दिल्ली में तैनात नहीं किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया, ''विभागों में पद खाली पड़े हैं लेकिन कोई तैनाती नहीं हुई है। नौकरशाहों ने आदर्श आचार संहिता का हवाला देते हुए मंत्रियों द्वारा बुलाई जाने वाली बैठकों में आना बंद कर दिया है।

उपराज्यपाल दिल्ली सरकार के कामकाज को लेकर गृह मंत्रालय को पत्र लिख रहे हैं। बाद में आतिशी के मंत्रिमंडल सहयोगी सौरभ भारद्वाज ने भी इसी अंदाज में अपनी बात कही। उन्होंने कहा, भाजपा और उपराज्यपाल दिल्ली में संवैधानिक संकट के बारे में बात कर रहे हैं। यह दिखाता है कि दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने की साजिश है।

- दिल्ली की मंत्री आतिशी ने जताई आशंका, भाजपा पर लगाया साजिश का आरोप

मनीष की अंतरिम जमानत याचिका पर ईडी, सीबीआई को नोटिस

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने आम चुनाव के लिए प्रचार करने के वास्ते आबकारी मामलों में अंतरिम जमानत देने का अनुरोध करने वाली आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया की याचिका पर शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) तथा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को नोटिस जारी किया। सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने केंद्रीय जांच एजेंसियों को 20 अप्रैल तक अपना जवाब देने का निर्देश दिया। अदालत उसी दिन मामले पर सुनवाई कर सकती है। सीबीआई के साथ ही ईडी ने आरोप लगाया है कि दिल्ली आबकारी नीति को संशोधित करते समय अनियमितताएं की गईं, लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ दिया गया, लाइसेंस शुल्क माफ कर दिया गया या कम कर दिया गया और लाइसेंस को सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बिना बढ़ाया गया।

तस्करी रैकेट का भंडाफोड़, हेरोइन और हथियार के साथ एक गिरफ्तार

जालंधर, एजेंसी

- जयपाल भुल्लर गिरोह के सदस्य से बरामद की तीन किग्रा हेरोइन
- जबरन वसूली और हत्या के प्रयास में लिप्त है अभियुक्त

पंजाब के जालंधर में पुलिस ने मादक पदार्थों के अंतर्राष्ट्रीय तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए कुख्यात तस्कर जयपाल भुल्लर गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर उसके पास से तीन किलोग्राम हेरोइन और दो पिस्तौल बरामद किए हैं।

पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने बताया कि शहर में कुछ गिरोहों की संदिग्ध गतिविधियों के बारे में सूचना मिली थी। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नाकाबंदी की, जिसके बाद उन्होंने एक कार को वेरका मिल्क प्लांट सर्विस रोड की तरफ से आते देखा। पुलिस के कार रोकने के प्रयास के बावजूद, चालक ने भागने की कोशिश की। पुलिस ने कार को रोक लिया, चालक की पहचान सारज उर्फ बाऊ पुत्र बूटा सिंह निवासी गांव खिलचियां कदीम, थाना सदर फिरोजपुर के रूप में हुई। वाहन की तलाशी में 200 ग्राम हेरोइन मिली। आरोपी सारज से पूछताछ दौरान हुए खुलासे के बाद की जांच में दो .32 बोर पिस्तौल और चार कारतूस के साथ 2.8 किलोग्राम हेरोइन की बरामदगी हुई। साथ ही यह भी पता चला कि सारज पर जबरन वसूली, हत्या का प्रयास, संगठित अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी सहित कई मामले लंबित थे।

महिला विरोधी है कांग्रेस की सोच : कंगना

कुल्लू/मनाली, एजेंसी

हिमाचल में मनाली मॉल रोड़ पहुंचने पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ओर से मंडी से पार्टी की लोकसभा प्रत्याशी एवं फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत का स्वागत किया। मनाली मॉल रोड से मनुरंगशाला तक आते हुए माता दुर्गा के मंदिर में माथा टेका।

मनु रंगशाला के मंच से कांग्रेस को ललकारते हुए कंगना ने कहा कि जहां एक ओर नवरात्रों में छोटी छोटी कन्याओं का पूजन किया जा रहा है नारी शक्ति को पूजा जा रहा है वहीं कांग्रेस की दुष्ट सोच मेरे ऊपर कीचड़ उछालने में लगी है। कंगना ने कहा कि एक 'पप्पू' दिल्ली में बैठा है जबकि दूसरा 'पप्पू' हिमाचल में है जो कहता है कि कंगना गऊ मांस का सेवन करती है उसका प्रमाण दिखाए वो। उन्होंने कहा कि मैं एक गरीब घर की बेटी हूं मैं चुनाव बार बार लड़ूंगी और बार बार जीतूंगी। कांग्रेस की महिला विरोधी और रुढ़ीवादी सोच से हम बहुत आगे निकल आए हैं अब हमें आगे का सोचना है। आने वाले समय में हमारी बेटियां एक नए समाज का निर्माण करेंगी।

मेरी फिल्म का एक डायलॉग बोल दे ठाकुर, भारत ही छोड़ दूंगी

मनाली। मंडी लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी और बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने मुख्य संसदीय सचिव (सीपीएस) सुंदर ठाकुर को खुली 'चुनौती' दे डाली है जिसकी हर तरफ चर्चा हो रही है। कंगना ने भरी सभा में मंच से कहा कि वह ठाकुर मेरी फिल्म का एक डायलॉग बोल दे तो 'मैं राजनीति क्या भारत छोड़ दूंगी।' असल में हुआ यूं कि श्री सुंदर ठाकुर ने एक बयान में कहा कि कंगना मुंबई से यहां आती है धीन चक ढीन चक कर के चली जाती है वह राजनीति क्या जानें। इस पर कंगना ने सीधा हमला कर खुला 'चैलेंज' दे डाला है।

डिजिटल संचार क्षेत्र में नियामक सैंडबॉक्स पर ट्राई ने सौंपी सिफारिशें

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने 'डिजिटल संचार क्षेत्र में नियामक सैंडबॉक्स के माध्यम से नवीन प्रौद्योगिकियों, सेवाओं, उपयोग के मामलों और व्यापार मॉडल को प्रोत्साहित करने पर सिफारिशें सरकार को सौंप दी है जिसमें कहा है कि केंद्र सरकार, दूरसंचार में नवाचार और तकनीकी विकास को प्रोत्साहित करने एवं सुविधाजनक बनाने के लिए, इस तरह से, और ऐसी अवधि के लिए एक या अधिक नियामक सैंडबॉक्स बना सकती है।

सरकार ने 5जी/6जी, मशीन टू मशीन कम्युनिकेशंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, वर्चुअल रियलिटी को देखते हुए, एक ऐसा वातावरण प्रदान करने की आवश्यकता है जिसमें नई प्रौद्योगिकियों, सेवाओं, उपयोग के मामलों और व्यापार मॉडल का लाइव नेटवर्क में परीक्षण किया जा सके, या मौजूदा कार्यों व प्रक्रियाओं को परिष्कृत किया जा सके। इसको पूरा करने के लिए, दूरसंचार विभाग ने 10 मार्च, 2023 को डिजिटल संचार उद्योग में नई सेवाओं, प्रौद्योगिकियों और व्यापार मॉडल के लिए नियामक सैंडबॉक्स ढांचे के संबंध में ट्राई की सिफारिशों का अनुरोध किया था।

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	05	319
रियान पराग (राजस्थान)	05	261
शुभमन गिल (गुजरात)	06	255

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	05	10
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	05	10
मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई)	04	09

राजस्थान को पंजाब के खिलाफ रणनीति पर बेहतर अमल करना होगा

मुल्लांपुर, एजेंसी

पिछले मैच में जीत की दहलीज पर पहुंचकर हारी राजस्थान रॉयल्स को शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ रणनीति पर बेहतर अमल करना होगा क्योंकि मेजबान टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं करने के बावजूद बेहद सक्षम है। रॉयल्स के पास लगातार पांचवीं जीत दर्ज करने का सुनहरा मौका था लेकिन राशिद खान की शानदार गेंदबाजी के दम पर गुजरात टाइटंस ने बुधवार को आखिरी गेंद पर जीत दर्ज की।

रॉयल्स के लिये अपने गढ जयपुर में हारना किसी झटके से कम नहीं था। वे इसे भुलाकर अब जीत की राह पर लौटने के इरादे से उतरेंगे। संजू सैमसन की कप्तानी वाली रॉयल्स के गेंदबाज कुलदीप सेन (19वां ओवर) और आवेश खान (20वां ओवर) ने 12 गेंदों के भीतर 35 रन दे डाले। सैमसन ने ट्रेंट बोल्ट से चार ओवर का कोटा पूरा नहीं कराके बड़ी चूक की जबकि बोल्ट ने दो ओवर में सिर्फ आठ रन दिये थे। दबाव के क्षणों में उनका अनुभव काफी काम आता। दूसरी ओर शिखर धवन की कप्तानी वाली पंजाब टीम ने पांच में से दो मैच जीते और तीन गंवाये हैं। उसके धाकड़ बल्लेबाज चल नहीं पा रहे और शशांक सिंह तथा अभिषेक शर्मा जैसे गुमनाम बल्लेबाजों पर रन बनाने की सारी जिम्मेदारी आ गई है।

सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो (पांच मैचों में 81 रन) और मध्यक्रम के बल्लेबाज जितेश शर्मा (पांच मैचों में 77 रन) अपेक्षा के अनुरूप नहीं खेल पाये हैं जिससे टीम को अच्छी शुरूआत नहीं मिल सकी। सैम कुरेन गेंदबाजी में औसत रहे हैं और बल्ले से भी अपनी क्षमता के साथ न्याय नहीं कर पाये हैं। मध्यक्रम में टीम को चोटिल लियाम लिविंगस्टोन की कमी खल रही है। पंजाब के गेंदबाजों का प्रदर्शन बेहतर रहा है लेकिन पहले गेंदबाजी करने पर उन्होंने काफी रन लुटाये हैं। पिछले तीन मैचों में पंजाब के खिलाफ विरोधी टीम ने 199, 199 और 182 रन बनाये हैं जबकि कैगिसो रबाडा और अर्शदीप सिंह जैसे गेंदबाज टीम में हैं। रॉयल्स के सामने चुनौती अच्छी लय बनाये रखने की भी है क्योंकि टूर्नामेंट में आम तौर पर अच्छी शुरूआत के बाद वे लड़खड़ा जाते हैं। यही वजह है कि पिछले छह सत्र में सिर्फ दो बार प्लेआफ में पहुंच सके।

राजस्थान रॉयल्स : संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान। **पंजाब किंग्स :** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व टाइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कैगिसो रबाडा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु। **समय :** मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा

साथियान और मनिका को नहीं मिला ओलंपिक कोटा

चेकिया। भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी साथियान गणानाशेखरन और मनिका बत्रा को विश्व मिश्रित युगल के क्वार्टरफाइनल में मलेशियाई जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा और वह ओलंपिक का कोटा हासिल करने में विफल रहे। मुकाबले में भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी साथियान और मनिका की जोड़ी को मलेशिया के जेवेन चूंग और केरेन लिन के खिलाफ 4-1 (11-9, 11-9, 11-9, 7-11,11-8) से हार मिली।

खेल डायरी

भारतीय हॉकी टीम टेस्ट श्रृंखला में चौथी बार हारी

पर्थ। ऑस्ट्रेलिया के अहम दौरे पर भारतीय पुरुष हॉकी टीम का निराशाजनक प्रदर्शन जारी है जहां पांच मैचों की श्रृंखला के चौथे टेस्ट मैच में उसे 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत के साथ ही श्रृंखला में अपनी बढ़त को 4-0 कर लिया। मैच का परिणाम भारतीयों के पक्ष में नहीं रहा लेकिन टीम के प्रदर्शन के स्तर में काफी सुधार दिखा। मेजबान टीम हालांकि हर मामले में भारत से बेहतर साबित हुई। आकाशीय बिजली के कारण 40 मिनट देर से शुरू हुए मैच में सभी चार गोल पेनल्टी कॉर्नर से आए।

आकांक्षा अमेरिका में स्क्वाश टूर्नामेंट में हारीं

नयी दिल्ली। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत की आकांक्षा सालुंके अमेरिका के सेंट लुईस में चल रहे आरसी प्रो सीरिज स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में मिस्र की जाना साफी से 2-3 से हार गईं। राष्ट्रीय खेलों की स्वर्ण पदक विजेता आकांक्षा को 11-8, 3-11, 11-9, 5-11, 3-11 से पराजय झेलनी पड़ी। एक घंटे से अधिक चला मुकाबला पीएसए चैलेंजर टूर का हिस्सा था और ईनामी राशि 15000 डॉलर है।

भारत ने बिली जीन किंग कप में द. कोरिया को हराया

चांग्शा। भारतीय महिला टेनिस टीम ने शुक्रवार को बिली जीन किंग कप 2024 एशिया/ओशिनिया ग्रुप एक मुकाबले में दक्षिण कोरिया को 2-1 से हरा दिया है। शुक्रवार को चीन के चांग्शा में मून आइलैंड क्ले पार्क में रुतुजा भोसले ने एकल मुकाबला जीता। वहीं अंकिता रैना और प्रार्थना थोम्बरे की जोड़ी ने युगल मुकाबले में जीत हासिल की। भोसले ने एक घंटे और पांच मिनट में 6-2, 6-2 से आसान जीत दर्ज की। भोसले ने पहले सेट में लगातार पांच गेम जीतकर शुरुआत में ही मैच में अपना दबदबा कायम रखा। अंकिता रैना ने प्रार्थना थोम्बारे के साथ मिलकर डेबिन किम और सोह्युन पार्क के खिलाफ युगल मैच एक घंटे और 33 मिनट में 6-4, 6-4 से जीत लिया। दक्षिण कोरिया पर 2-1 की जीत एशिया/ओशिनिया ग्रुप एक में भारत की तीसरी जीत है।

कैंडिडेट्स शतरंजः गुकेश हारे, प्रज्ञानानंदा ने ड्रॉ खेला

टोरंटो। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश फ्रांस के फिरोजा अलीरजा के हाथों पहली हार के बाद कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर के बाद शीर्ष स्थान से खिसक गए लेकिन आर प्रज्ञानानंदा ने अमेरिका के फेबियानो कारूआना से ड्रॉ खेला। इस हार के बाद 17 वर्ष के गुकेश अब कारूआना और प्रज्ञानानंदा के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि के 4.5 अंक हैं और उन्होंने अमेरिका के हिकारू नकामूरा से ड्रॉ खेलकर आधा अंक से बढ़त बना ली है। निजात अबासोव के साथ ड्रॉ के बाद विदित गुजराती संयुक्त पांचवें स्थान पर नकामूरा के साथ है जबकि अलीरजा सातवें स्थान पर हैं।

आकाश दहिया कांस्य पदक दौर में पहुंचे

बिश्केक (किर्गिस्तान)। भारतीय पहलवान आकाश दहिया और अनिरुद्ध कुमार ने एशियाई चैंपियनशिप में खुद को कांस्य पदक की दौड़ में बनाए रखा है, लेकिन उनके तीन अन्य साथी शुक्रवार को यहां अपने-अपने भार वर्गों के अलग-अलग चरणों में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। गैर-ओलंपिक 61 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे आकाश ने उज्बेकिस्तान के सरदार रुजिमोव पर 10-8 की करीबी जीत के साथ शुरुआत की और इसके बाद क्वार्टर फाइनल में कोरिया के सांघयोन सोन को 7-3 से आसानी से हराया। वह सेमीफाइनल में कजाकिस्तान के असिल एतकिन की चुनौती से पार नहीं पा सके और तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर अपना मुकाबला हार गए।

मोंटे कार्लो मास्टर्स सेमीफाइनल में पहुंचे सिटसिपास

मोनाको। दो बार के चैंपियन स्टेफानोस सिटसिपास ने रूस के कारेन खाचानोव को 6-4, 6-2 से हराकर मोंटे कार्लो मास्टर्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली। अब उनका सामना यानिक सिनेर या होल्गर रूने से होगा। वहीं दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच की भिड़ंत एलेक्स डि मिनौर से होगी जबकि उगो हुम्बर्ट का सामना कैस्पर रूड से होगा। जोकोविच ने लोरेंजो मुसेत्ती से मिली पिछली हार का बदला चुकता करते हुए उन्हें हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दो बार के चैंपियन जोकोविच को पिछले साल तीसरे दौर में मुसेत्ती ने हराया था। उन्होंने छह में से पांच ब्रेक प्वाइंट तब्दील करके 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की। जोकोविच ने यहां 2013 और 2015 में खिताब जीता है लेकिन उसके बाद से क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं जा सके। दूसरी रैंकिंग वाले यानिक सिनेर ने जान लेनार्ड स्ट्रफ को 6-4, 6-2 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई।

लखनऊ सुपर जायंट्स की 6 विकेट से हार

दिल्ली कैपिटल्स के लिए कुलदीप यादव ने लिए तीन विकेट, जैक फ्रेजर ने 55 और कप्तान ऋषभ पंत ने 41 रनों की पारी खेली

कुलदीप यादव

लखनऊ, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में शुक्रवार को यहां लखनऊ सुपरजायंट्स को छह विकेट से हराया। लखनऊ को सात विकेट पर 167 रन पर रोकने के बाद दिल्ली ने 18.1 ओवर में चार विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। दिल्ली के लिए जैक फ्रेजर मैकगुर्क ने 55 जबकि कप्तान ऋषभ पंत ने 41 रन का योगदान दिया। लखनऊ के लिए रवि बिश्नोई ने दो विकेट चटकाये।

इकाना स्टेडियम पर एक समय 28 रन पर पांच विकेट गंवाकर लखनऊ की टीम संघर्ष की स्थिति में आ गयी थी और 13वे ओवर में स्कोरबोर्ड पर लखनऊ का स्कोर सात विकेट पर 94 रन हो गया था मगर बडोनी ने अरशद खान (20 नाबाद) के साथ 73 रनों की पार्टनरशिप कर न सिर्फ पारी को संवारा बल्कि आखिरी ओवरों में बाउंड्री की मदद से दिल्ली के लिये 168 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य तैयार कर दिया। बडोनी ने अपनी अर्धशतकीय पारी में महज 35 गेंद खेल कर पांच चौके और एक छक्का लगाया जबकि दूसरे छोर पर उनके जोड़ीदार अरशद ने 16 गेंद खेल कर दो बार गेंद को सीमारेखा के पार पहुंचाया। इससे पहले डिकॉक और राहुल की तेज पारियों की बदौलत एलएसजी पहले पांच ओवर के खेल में आठ रन प्रति ओवर की गति से रन बटोरने में सफल रही थी और सातवें ओवर में एलएसजी के स्कोरबोर्ड पर दो विकेट 66 रन टंग चुके थे लेकिन पारी के आठवें ओवर में कुलदीप यादव ने लगातार दो गेंदों में मार्कस स्टॉयनिस (8) और निकोलस पूरन (0) को चलता कर एलएसजी को बैकफुट में ढकेल दिया। इस बीच केएल राहुल को कुलदीप ने विकेट के पीछे आउट कराकर अपना तीसरा शिकार बनाया। हालांकि मैदानी अंपायर ने उन्हे नाट आउट करार दिया था मगर दिल्ली के कप्तान रिषभ पंत ने डीआरएस लिया और टीवी अंपायर ने मैदानी अंपायर को अपना फैसला पलटने को कहा। राहुल ने पांच चौंके और एक छक्के की मदद से 39 रनों का योगदान दिया। दीपक हुड्डा (10) अनुभवी तेज गेंदबाज इंशात शर्मा के शिकार बने जबकि कृणाल पांड्या (3) को मुकेश कुमार ने अपना शिकार बनाया। इससे पहले खलील अहमद ने क्विंटन डिकॉक और देवीदत्त पड्डिक्कल (3) का विकेट झटका था।

जैक फ्रेजर मैकगुर्क

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रनरेट
राजस्थान	5	4	1	8	+0.871
कोलकाता	4	3	1	6	+1.528
चेन्नई	5	3	2	6	+0.666
लखनऊ	5	3	2	6	+0.436
हैदराबाद	5	3	2	6	+0.344
गुजरात	6	3	3	6	-0.637
मुंबई	5	2	3	4	-0.073
पंजाब	5	2	3	4	-0.196
दिल्ली	6	2	4	4	-0.975
बेंगलुरु	6	1	5	2	-1.124

लखनऊ 167/7

20 ओवर, अतिरिक्त : 10

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
क्विंटन डिकॉक पगबाधा खलील	19	13	4/0
लोकेश राहुल का पंत बो कुलदीप	39	22	5/1
देवदत्त पडिक्कल पगबाधा खलील	03	06	0/0
मार्कस स्टोइनिस का इशांत बो कुलदीप	08	10	1/0
निकोल्स पूरन बो कुलदीप	00	01	0/0
दीपक हुड्डा का वार्नर बो ईशांत	10	13	0/0
आयुष बडोनी नाबाद	55	35	5/1
कृणाल पंड्या का पंत बो मुकेश	03	04	0/0
अरशद खान नाबाद	20	16	2/0

गेंदबाजी : खलील अहमद 4-0-41-2, ईशांत शर्मा 4-0-36-1, मुकेश कुमार 4-0-41-1, अक्षर पटेल 4-0-26-0, कुलदीप यादव 4-0-20-3

दिल्ली 170/4

18.1 ओवर, अतिरिक्त : 8

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
पृथ्वी शॉ का पूरन बो बिश्नोई	32	22	6/0
डेविड वार्नर बो यश	08	09	1/0
जैक का अरशद बो नवीन-उल-हक	55	35	2/5
ऋषभ पंत स्टंप राहुल बो बिश्नोई	41	24	4/2
स्टब्स नाबाद	15	09	0/1
होप नाबाद	11	10	1/0

गेंदबाजी : अरशद 3.1-0-34-0, नवीन उल हक 3-0-24-1, यश 4-0-31-1, क्रुणाल 3-0-45-0, बिश्नोई 4-0-25-2, स्टोइनिस 1-0-10-0

निजी कारणों से पेरिस ओलंपिक में अभियान प्रमुख पद से हटीं मैरीकॉम

नयी दिल्ली, एजेंसी

- **आईओए की अध्यक्ष पीटी उषा को पत्र लिखकर बताया**

छह बार की विश्व चैंपियन मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम शुक्रवार को आगामी पेरिस ओलंपिक के लिये भारत के अभियान प्रमुख के पद से हट गई हैं। उन्होंने कहा कि निजी कारणों से उनके पास अब कोई विकल्प नहीं है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा कि मैरीकॉम ने पत्र लिखकर जिम्मेदारी से फारिग करने के लिये कहा है।

मैरीकॉम ने उषा को लिखे पत्र में कहा, ''देश की किसी भी रूप में सेवा करना फख्र की बात है और मैं इसके लिये मानसिक रूप से तैयार थी। लेकिन मुझे खेद है कि मैं यह जिम्मेदारी नहीं उठा सकूंगी। मैं निजी कारणों से पीछे हट रही हूं।'' उन्होंने कहा, ''इस तरह से पीछे हटने से शर्मिंदा हूं क्योंकि मैं ऐसा करती नहीं हूं लेकिन मेरे पास कोई विकल्प नहीं है। मैं ओलंपिक खेलों में भाग ले रहे अपने खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई के लिये हमेशा रहूंगी।'' आईओए ने 21 मार्च को उनकी नियुक्ति का ऐलान किया था। लंदन ओलंपिक 2012 की कांस्य पदक विजेता मैरीकॉम 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले ओलंपिक खेलों में भारतीय दल की अभियान प्रमुख होतीं। उषा ने एक बयान में कहा, '' हमें दुख है कि ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज और आईओए एथलीट आयोग की प्रमुख मैरीकॉम निजी कारणों से पद से हट गई हैं। हम उनके फैसले और निजता का सम्मान करते हैं। उनके विकल्प के बारे में घोषणा जल्दी ही की जायेगी।'' उन्होंने कहा, '' मैं उनके अनुरोध को समझती हूं और उनके फैसले का सम्मान करती हूं। मैंने उनसे कहा है कि आईओए और मेरा सहयोग हमेशा उनके साथ है। मैं सभी से उनकी निजता का सम्मान करने का अनुरोध करती हूं।''

चोटिल फिन और एडम पाकिस्तान दौरे से हुए बाहर

वेलिंग्टन। चोटिल फिन एलन और एडम मिल्ने को न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच होने वाली पांच टी-20 मैचों की सीरीज से बाहर कर दिया गया है। एलन को पीठ में चोट लगी तथा मिल्ने को प्रशिक्षण के दौरान टखने में चोट लगी है। चयनकर्ताओं ने उनके प्रतिस्थापन के रूप में टॉम ब्लंडेल और अनकैप्ड ऑलराउंडर जैक फॉल्क्स को टीम में बुलाया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बयान में कहा, एलन और फिन की चोटों के कारण रावलपिंडी में अगले सप्ताह शुरू होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला में भाग नहीं ले पाएंगे।

लंबी दूरी के धावक जी लक्ष्मणन प्रतिबंधित

नयी दिल्ली, एजेंसी

- **स्थान संबंधी नियमों के उल्लंघन को लेकर की गई कार्रवाई**

राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने लंबी दूरी के धावक जी लक्ष्मणन पर 12 महीने की अवधि में तीन बार स्थान संबंधी नियमों के उल्लंघन के साथ एक बार जांच के लिए उपलब्ध नहीं होने पर दो साल का प्रतिबंध लगाया है। लक्ष्मणन ने 2017 एशियाई चैंपियनशिप में 5000 मीटर और 10,000 मीटर में स्वर्ण पदक जीता था। वह 2022 में तीसरी (जुलाई से सितंबर) और चौथी (अक्टूबर से दिसंबर) तिमाही के दौरान अपने मौजूदा स्थान की जानकारी देने में विफल रहे और 26 मार्च 2023 को जांच करने के लिए उपलब्ध नहीं हुए। लक्ष्मणन को 2022 में नाडा के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल किया गया था। नाडा की 19 मार्च, 2024 को पारित एक आदेश के मुताबिक नाडा की डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल (एडीआरवी) ने उन्हें 10 अगस्त, 2023 से दो साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। नाडा के आरटीपी में शामिल एथलीटों को हर तीन महीने में अपने मौजूदा स्थान की जानकारी देनी होती है।

बॉलीवुड हलचल

फिल्म सास ससुर बिना अंगना ना सोहे में काम करेंगे अभिनेता विक्रांत सिंह राजपूत

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता विक्रांत सिंह राजपूत फिल्म 'सास ससुर बिना अंगना ना सोहे' में काम करते नजर आयेंगे। फिल्म "सास ससुर बिना अंगना ना सोहे" का भव्य मुहूर्त आज बाराबंकी में संपन्न हुआ। इसके साथ ही फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो गई। यह फिल्म पारिवारिक कहानी पर आधारित है, जिसमें विक्रांत सिंह राजपूत मुख्य भूमिका में हैं, उनके साथ इस फिल्म में रिचा दिक्षित फीमेल लीड में नजर आने वाली है। इस फिल्म का निर्देशन कन्हैया एस विश्वकर्मा कर रहे हैं। फिल्म सास ससुर बिना अंगना ना सोहे को लेकर विक्रांत सिंह राजपूत ने कहा कि यह उनकी शानदार फिल्मों की श्रेणी में एक और नई फिल्म है जो यकीनन रिलीज के बाद दर्शकों को पसंद आएगी। उन्होंने कहा कि एक बेहतरीन टीम के साथ मजेदार फिल्म करना किसे पसंद नहीं है। मेरी भूमिका बेहद खास है और इस फिल्म के संवाद गाने भी दर्शकों को दिलों को छू लेने वाले हैं तो मुझे लगता है कि यह फिल्म जब भी रिलीज होगी, बवाल करेगी। बड़े पर्दे के साथ-साथ टीवी पर भी इस फिल्म को लोग पसंद करेंगे। फिलहाल इस फिल्म की कहानी के बारे में डिस्कस नहीं कर सकता लेकिन मेरी गारंटी है कि यह फिल्म जब भी रिलीज होगी, दर्शकों को बेशुमार मनोरंजन देगी। फिल्म "सास ससुर बिना अंगना ना सोहे के निर्माता विजय सिंह अनंत सिंघल और मोनिका सिंह है, जबकि कॉन्सेप्ट और प्रोजेक्ट डिजाइनर देव पांडे हैं। फिल्म की कहानी सभा वर्मा ने लिखी है। डी ओ पी आर आर प्रिंस हैं। म्यूजिक साजन मिश्रा का है। क्रिएटिव डायरेक्टर मुकेश तिवारी हैं।इस फिल्म में विक्रांत सिंह राजपूत के साथ रिचा दिक्षित, विनोद मिश्रा, रीना रानी, प्रीति मौर्या, प्रेम सिंह, रितु पांडे और समर्थ चतुर्वेदी मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं।

'डंस' के आखिरी शेड्यूल की शूटिंग मुम्बई में जारी

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव की फिल्म 'डंस' के आखिरी शेड्यूल की शूटिंग मुम्बई में जारी है। पिछले एक महीने तक फ़िल्म डंस की शूटिंग उत्तरप्रदेश के चंदौली और आसपास में हो रही थी जहां के जंगलों और गांव देहात में फ़िल्म का एक बड़ा भाग शूट किया गया है। अब फ़िल्म के बचे हुए शेष भाग की शूटिंग मुम्बई में हो रही है। फ़िल्म निर्माता सुधीर सिंह की स्निप कॉर्पोरेशन के बैनर तले बन रही भोजपुरी फिल्म डंस के मुख्य कलाकार खेसारी लाल यादव, स्वेता, शाहवर अली, समर्थ चतुर्वेदी, पप्पू यादव, देव सिंह, महेश आचार्य, विजया लक्ष्मी, स्वेता नवल, जे नीलम, जे पी सिंह, गौरी शंकर, आर्यन बाबू, माही खान हैं। वहीं फ़िल्म डंस का निर्देशन धीरज ठाकुर कर रहे हैं।

अक्षय कुमार और टाइगर की बड़े मियां छोटे मियां ने वर्ल्डवाइड कमाए 36 करोड़

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां ने वर्ल्डवाइड 36 करोड़ की कमाई कर ली है। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनी फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' ईद के अवसर पर 11 अप्रैल को रिलीज हुयी है। इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 36.33 करोड़ की कमाई कर ली है। अली अब्बास जफर द्वारा लिखित और निर्देशित, वाशु भगनानी, दीपशिखा देशमुख, जैकी भगनानी, हिमांशु किशन मेहरा, अली अब्बास जफर द्वारा निर्मित फिल्म बड़े मियां छोटे मियां 11 अप्रैल को हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज होगी। इस फिल्म में अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, पृथ्वीराज सुकुमारन, सोनाक्षी सिन्हा, अलाया एफ और मानुषी छिल्लर प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

दिव्यांग पति को गुजारा भत्ता देने के लिए बाध्य नहीं कर सकते : कोर्ट

बेंगलुरु। कर्नाटक हाईकोर्ट ने निचली अदालत के एक फैसले को पलट दिया है। अदालत ने कहा- 75 प्रतिशत दिव्यांग व्यक्ति को अलग रह रही पत्नी को भरण-पोषण देने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है।

दरअसल, वैवाहिक कलह के कारण पति ने तालाक के लिए याचिका दायर की थी। याचिका में पति ने कहा था कि उसकी पत्नी ने स्वेच्छा से उसे छोड़ दिया है। इस पर पत्नी ने भरण-पोषण की मांग की। शुरुआत में तो पति ने महिला को हर माह 15 हजार रुपये दिए लेकिन बाद में युवक दिव्यांग हो गया, जिस वजह से वह उसे गुजारा भत्ता नहीं दे पा रहा था। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना की पीठ ने निचली अदालत के गिरफ्तारी और जुर्माने के फैसले को खारिज दिया और कहा- दिव्यांग व्यक्ति से भरण-पोषण देने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता।

केंद्रीय सूचना आयोग ने ईवीएम पर आयोग से मांगा स्पष्टीकरण

नई दिल्ली, एजेंसी

- मुख्य सूचना आयुक्त ने आदेश की अनदेखी पर लगाई फटकार, 30 दिन के भीतर दें संतोषजनक जवाब

केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने चुनाव आयोग के आरटीआई की एक याचिका का जवाब नहीं देने पर कड़ी आपत्ति जताई है। आरटीआई के तहत चुनाव आयोग से पूछा गया था कि चुनाव के दौरान ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की विश्वसनीयता पर प्रख्यात लोगों की ओर से उठाए गए सवालों के प्रतिनिधित्व के लिए उठाए कदमों पर जवाब मांगा था।

इसे कानून का पूर्ण उल्लंघन बताते हुए सीआईसी ने चुनाव आयोग से 30 दिनों के अंदर लिखित स्पष्टीकरण मांगा है। मुख्य सूचना आयुक्त हीरालाल सामरिया ने चुनाव आयोग के केंद्रीय जनसूचना अधिकारी के इस संबंध में संतोषजनक जवाब देने में विफल रहने पर फटकार लगाते हुए कहा कि इस मामले में आदेश की अनदेखी करने वाले सभी अफसरों को सीआईसी के फैसले की प्रति सौंपी जाए और वह बिंदुवार अपना स्पष्टीकरण एक महीने में दें।

पूर्व आईएएस अफसर एमजी देवश्याम समेत एक प्रतिनिधिमंडल ने इलेकॉट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम), वोटर वैरिफाइएबिल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) और मतगणना की विश्वसनीयता पर उठाए सवालों के प्रतिनिधित्व चुनाव आयोग को 2 मई, 2022 को भेजा था। अब उन्होंने आरटीआई के जरिए पूछा है कि चुनाव आयोग ने इस प्रतिनिधित्व को लेकर क्या कदम उठाए हैं। देवश्याम ने आरटीआई याचिका 22 नवंबर, 2022 को डाली थी।

अगले हफ्ते भारत आएंगे अमेरिका के एनएसए सुलिवन

नई दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन अगले हफ्ते भारत आएंगे। इस दौरान वह भारत-अमेरिका के रिश्तों को अगले स्तर पर ले जाने के लिए अपने समकक्ष अजीत डोभाल और अन्य से मुलाकात करेंगे। वहीं, हिंद प्रशांत और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों के सहयोग पर भी चर्चा होगी।

इस मुलाकात में दोनों देशों के बीच हुए क्रिटिकल एंड इमर्जिंग तकनीक संबंधी समझौते पर हुई प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बता दें, विदेश सचिव विनय क्वात्रा अमेरिकी सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सिलसिलेवार बैठकों और रक्षा एवं प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के लिए उद्योगपतियों के साथ बातचीत के लिए अमेरिका गए हुए हैं।

टीडीएस से बचने का कौन सा तरीका सही... जानें नियम

स्रोत पर टैक्स कटने (टीडीएस) से बचने के तीन विकल्प हैं। फॉर्म 15जी या 15 एच जमा करके आप टीडीएस कटने से रोक सकते हैं। धारा 197 के तहत कम टीडीएस का विकल्प भी चुन सकते हैं। जानें कि आपके लिए क्या सही है...



- फॉर्म 15एच सीनियर सिटीजन और सुपर सीनियर सिटीजन ये फॉर्म जमा कर सकते हैं। वरिष्ठ नागरिकों के लिए छूट की मूल सीमा 5 लाख रुपये है। 60 वर्ष या इससे ज्यादा उम्र का रेसिडेंट सीनियर सिटीजन टीडीएस नहीं काटने के लिए डिक्लेरेशन दे सकता है, बशर्ते धारा 87ए के तहत छूट पर विचार करने के बाद अनुमानित आय पर टैक्स जीरो हो। धारा 87ए के तहत अधिकतम छूट एक वित्त वर्ष में 12,500 रुपये तक 100% होगी। सीनियर सिटीजन को बैंक डिपॉजिट पर ब्याज से आय 50,000 रुपये से ज्यादा हो तो 10% टीडीएस कटेगा।

40 हजार से ज्यादा आय पर कटता है टीडीएस

फॉर्म 15जी यह फॉर्म 60 वर्ष से कम उम्र के करदाताओं के लिए है। हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ) भी ये फॉर्म इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें घोषणा करनी होती है कि कुल आय कर योग्य सीमा से कम है। कुल आय (ब्याज सहित) सलाना 2.5 लाख रुपये की मूल छूट सीमा से कम होनी चाहिए। सीनियर सिटीजन को छोड़कर यदि व्यक्ति की बैंक डिपॉजिट पर व्याज से आय 40 हजार रुपये से ज्यादा है तो इस पर 10 फीसदी टीडीएस काटा जाता है।

क्या कहते हैं कानून के नियम

धारा 197 फॉर्म 15जी या 15 एच जमा करने के बजाय आप आयकर कानून की धारा 197 के तहत आवेदन करके स्रोत पर कम टैक्स कटौती का विकल्प भी चुन सकते हैं। बशर्ते आपकी टैक्सेबल इनकम पर वास्तविक देनदारी भुगतानकर्ता द्वारा काटे जाने वाली टीडीएस राशि से कम हो। इसके लिए आपको लोअर डिडक्शन सर्टिफिकेट (एलडीसी) पाने के लिए मूल्यांकन अधिकारी (एओ) के पास एक आवेदन करना होगा। इसमें कम कटौती का अनुरोध के कारणों का जिक्र जरूरी है।

ये भी जानें:- सुकन्या समृद्धि योजना में निवेश यह सुनिश्चित करने का एक अच्छा तरीका है कि आपके वेतन से टीडीएस कटौती कम हो। इस संबंध में आप अधिकतम कर छूट का दावा 1.5 लाख रुपये प्रति वर्ष कर सकते हैं। यह आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 80सी के अंतर्गत आता है। धारा 80 ईई की बदौलत यदि आप अपने जीवन में पहली बार लोन पर घर खरीदते हैं तो आप वेतन पर टीडीएस बचा सकते हैं। इस मामले में आपको अधिकतम कर छूट एक वर्ष में दो लाख रुपये तक ले सकते हैं।

एक नजर

गोवा: वास्को में पांच साल की मासूम के साथ दुष्कर्म फिर की हत्या

पणजी। दक्षिण गोवा के वास्को में शुक्रवार को पांच साल की मासूम के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दी। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने 20 संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पुलिस अधीक्षक (दक्षिण) सुनीता सावंत ने बताया कि बच्ची निर्माण स्थल पर बेहोश मिली है, उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पीएम रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि उसके साथ यौन उत्पीड़न किया गया और उसका गला घोंटा गया। पुलिस ने कहा- दुष्कर्म व हत्या का ममला दर्ज किया है। वहीं इस संबंध में 20 संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

अनूठी पहल

चेन्नई से एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि स्कूबा डाइवर वोट देने के लिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं। वीडियो में स्कूबा डाइवर चेन्नई में स्थित समुद्र में जाते हैं, यहां मॉक ईवीएम मशीन ले जाते है और वोट करते हैं। इसको लेकर चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया पर लिखा कि वोट देने के लिए तैयार हैं? एक अनूठी मतदाता जागरूकता पहल में चेन्नई में स्कूबा डाइवर नीलांकरई में साठ फीट समुद्र के नीचे मतदान प्रक्रिया को अंजाम दे रहे हैं

गाजा में इजराइली हवाई हमले में 29 लोगों की मौत, 12 घायल

गाजा। इजराइली सैनिकों ने शुक्रवार को गाजा में एक आवासीय इमारत पर भीषण हवाई हमले किए हैं, जिसमें 29 लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 से अधिक लोग घायल हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार हवाई हमले में 29 से अधिक लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 12 से अधिक लोग घायल हुए हैं जिनमें कई गंभीर हैं। इजराइल डिफेंस फोर्सेज ने कहा कि वायुसेना ने पिछले 24 घंटों के दौरान गाजा पट्टी में 60 से ज्यादा ठिकानों पर हमले किए हैं। कई आवासीय इमारतों को निशाना बनाया गया है।

खुद बदलें अपनी किस्मत: अल्वी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने पाकिस्तान के आवाम को अपना भाग्य बदलने की सलाह दी है। यह भाग्य बदलने का काम रीसेट, अल्ट-डेल और रिस्टार्ट करने से होगा। मतलब यह है कि जो हो चुका उसको भूलकर भविष्य में आगे बढ़ने की बात कही गई है। पूर्व राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने जोर देकर कहा कि राजनीतिक मतभेदों के कारण इस देश की यह हालत हुई है।

अमेरिकी संसद में मंदिरों पर हमले व हिंदूफोबिया के विरोध में प्रस्ताव पेश

कांग्रेसी श्रीथानेदार ने रखा प्रस्ताव, अर्थव्यवस्था में हिंदुओं के योगदान की हुई सराहना

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में हिंदुओं और हिंदू धर्म के योगदान की सराहना करते हुए प्रमुख भारतीय-अमेरिकी सांसद ने प्रतिनिधि सभा में हिंदू-विरोधी कट्टरता, नफरत और मंदिरों पर हमले के विरोध में प्रस्ताव पेश किया।

यह प्रस्ताव कांग्रेसी श्रीथानेदार द्वारा बुधवार को पेश किया गया, जिसे निगरानी और जवाबदेही को लेकर बनी सदन समिति को भेजा गया। इस प्रस्ताव में कहा गया है कि अमेरिका में सकारात्मक योगदान के बावजूद हिंदू अमेरिकियों को अपनी विरासत और प्रतीकों के बारे में दुष्प्रचार का सामना करना पड़ता है। उन्हें स्कूलों और कॉलेज परिसरों में भेदभाव का सामना करना पड़ता है।

प्रस्ताव में कहा गया है कि एफबीआइ की घृणा अपराध सांख्यिकी रिपोर्ट के अनुसार, मंदिरों और हिंदुओं को निशाना बनाने वाले घृणा अपराध सालाना बढ़ रहे हैं। प्रस्ताव में दावा किया गया है कि देश को हर तरह से चाहे अर्थव्यवस्था हो या अन्य क्षेत्र हिंदू अमेरिकियों के योगदान से बहुत लाभ हुआ है। लगभग एक पखवाड़े पहले भारतीय-अमेरिकी राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, थानेदार, अमी बेरा और प्रमिला जयपाल ने न्याय विभाग को पत्र लिखकर घरों में तोड़फोड़ की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि के संबंध में जांच की स्थिति पर जानकारी देने का अनुरोध किया था।

बता दें, बीते दिनों 29 मार्च को भारतीय अमेरिकी मूल के सांसद राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, थानेदार, एमी बेरा और प्रमिला जयपाल ने भी न्याय विभाग को पत्र लिखकर हिंदू मंदिरों पर हुए हमलों की घटनाओं की जांच की जानकारी मांगी है। पत्र में कहा गया कि न्यूयॉर्क से कैलिफोर्निया तक मंदिरों पर हमले हुए हैं। जिससे अमेरिका में रहने वाले हिंदू समुदाय में डर और घबराहट का माहौल है। मंदिरों पर हमले के मामलों में जांच की प्रगति पर भी सांसदों ने नाराजगी जाहिर की और पूछा कि जांच एजेंसियों ऐसे मामलों से निपटने के लिए क्या कर रही हैं।

प्रस्ताव में क्या कहा गया

प्रस्ताव में कहा गया है कि संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) की घृणा अपराध सांख्यिकीय रिपोर्ट के अनुसार, मंदिरों और व्यक्तियों को निशाना बनाने वाले हिंदू विरोधी घृणा अपराध हर साल बढ़ रहे हैं जबकि इसके साथ ही अमेरिकी समाज में 'हिंदूफोबिया' (हिंदू विरोधी या हिंदुओं के प्रति घृणा की भावना) दुर्भाग्यपूर्ण रूप से बढ़ रहा है। इसके अनुसार, अमेरिका ने 1900 के बाद से दुनिया के सभी हिस्सों से 40 लाख से अधिक हिंदुओं का स्वागत किया है जिसमें विभिन्न नस्ल, भाषा और जातीय पृष्ठभूमि के हिंदू शामिल हैं। प्रस्ताव के अनुसार, अमेरिका की अर्थव्यवस्था के प्रत्येक आयाम और प्रत्येक उद्योग में हिंदू-अमेरिकियों के योगदान से देश को काफी फायदा हुआ है। फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज' के नीति एवं रणनीति प्रमुख खांडेराव कांड ने कहा कि इस साल की पहली तिमाही में श्रद्धालुओं को डराने के लिए अमेरिका में मंदिरों में चोरी के साथ ही तोड़फोड़ की घटनाओं में अचानक वृद्धि हुई है।

एचआईवी ग्रसित पूर्व सैनिक को मिलेगा 1.54 करोड़ हर्जाना

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने वायुसेना के एक सेवानिवृत्त अफसर को वायुसेना की ओर से 1.54 करोड़ रुपये का हर्जाना देने का निर्देश देने संबंधी समीक्षा याचिका को खारिज कर दिया है। पूर्व सैनिक को वर्ष 2002 में जम्मू-कश्मीर के सांबा सेक्टर में तैनाती के दौरान सैन्य अस्पताल में संक्रमित खून चढ़ाए जाने के कारण एचआईवी का संक्रमण हो गया था।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और पीबी वराले की खंडपीठ ने याचिका को खारिज करते हुए कहा कि पिछले साल 26 सितंबर को इस मामले में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले में कोई भी त्रुटि नजर नहीं आती है जिस पर पुनर्विचार किया जा सके। खंडपीठ ने विगत तीन अप्रैल के अपने आदेश में कहा कि हमने समीक्षा याचिका का अवलोकन किया है। कमांडिंग अफसर की समीक्षा याचिका में विचार करने योग्य कोई नया आधार नहीं है। 'ऑपरेशन पराक्रम' के दौरान बीमार अधिकारी को सांबा के सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उन्हें एक यूनिट खून चढ़ाया गया। 2014 में पता चला कि वह एड्स से पीड़ित हैं। संक्रमित खून चढ़ाने से वो एचआईवी संक्रमित हुए।

हिंद प्रशांत क्षेत्र में मिलकर काम करेंगी भारत-अमेरिकी सेनाएं

वाशिंगटन, एजेंसी

- भारतीय सेनाओं की क्षमता बढ़ाने पर अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने दिया जोर

अमेरिका ने भारतीय सेना की क्षमताओं को बढ़ाने पर बात की। रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने सांसदों से कहा कि भारतीय सेना की क्षमताओं को बढ़ाकर दोनों देश हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शक्ति का अधिक स्थिर संतुलन बनाए रखने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। वहीं अमेरिका और भारत की सेनाएं अभियान गतिविधियों को तेज कर रहीं हैं।

ऑस्टिन ने सदन की सशस्त्र सेवा समिति के सदस्यों को इस हफ्ते रक्षा मंत्रालय के वार्षिक बजट पर सांसदों की सुनवाई के दौरान बताया कि हिंद महासागर में समुद्री सुरक्षा बढ़ाने के लिए अमेरिका और भारत की सेनाएं अभियान गतिविधियों को तेज कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना की ताकत बढ़ाकर दोनों देश हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शक्ति का अधिक स्थिर संतुलन बनाए रखने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बजट के इस अनुरोध के साथ हम अपनी प्रमुख रक्षा साझेदारी के तहत अमेरिका-भारत संबंधों में एक नए अध्याय की शुरुआत कर रहे हैं। रक्षा सचिव ने कहा, 'हमारी सेनाएं

हिंद महासागर में समुद्री सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त अभ्यास, सूचना-साझाकरण और अन्य परिचालन गतिविधियों में तेजी ला रही हैं। हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि अमेरिका-भारत की बढ़ती साझेदारी हमारे सहयोगियों विशेष रूप से ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका के बीच चतुष्कोणीय सुरक्षा वार्ता का समर्थन करे।

हिंद-प्रशांत पर सांसदों की एक अलग सुनवाई के दौरान अमेरिका हिंद-प्रशांत कमान के कमांडर एडमिरल जॉन सी एक्विलिनो ने सांसदों से कहा कि मुक्त एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका-भारत के बीच वैश्विक रणनीतिक साझेदारी आवश्यक है।

पाकिस्तान में डकैती का विरोध करने पर 19 लोगों की हत्या

कराची। रमजान के दौरान कराची में अपराध में वृद्धि देखी गई, जिसमें डकैतियों के विरोध के परिणामस्वरूप 19 मौतें हुई और 55 लोग घायल हुए। मीडिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

एक पुलिस अधिकारी ने खुलासा किया कि डकैती की कोशिश के दौरान कराची में 19 नागरिकों की मौत हो गई। वारदात में शामिल लुटेरे हथियार से लैस थे। इस साल शहर में डकैती से संबंधित मौतों में उल्लेखनीय बढ़त देखी गई है, जो कुल मिलाकर 56 हो गई है, जबकि 200 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इसकी तुलना में पिछले साल इसी अवधि में डकैतियों के खिलाफ प्रतिरोध के कारण 25 मौतें हुईं थी और 110 घायल हुए थे।

नीलकंठेश्वर का सूखा कंठ

नादिया : ये फोटो पश्चिम बंगला के नादिया जिले की है, जिसमें भगवान शिव के दो अलग-अलग स्वरूपों में एक ने पीले वस्त्र तो दूसरे ने नीलकंठेश्वर का रूप धारण किया है। इससे लग रहा है, भीषण गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरु कर दिया है। सूर्य की तपिश ने नीलकंठेश्वर के भी कंठ को सुखा दिया। ● एजेंसी

मणिपुर में दो पक्षों में गोलीबारी बदमाशों ने मिल में लगाई आग

इंफाल, एजेंसी

मणिपुर में एक बार फिर हिंसक घटनाएं देखने को मिली है। शुक्रवार को ग्रामीण स्वयंसेवक और अज्ञात समूह लोगों के बीच गोलीबारी हुई, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस अज्ञात हमलावारों को खोज रही है।

मामला शुक्रवार सुबह मणिपुर के थौबल जिले के हिरोक गांव का है। हिरोक गांव के पास कुछ अज्ञात लोगों का समूह, जिनके पास बंदूक थीं, उन्होंने गोलीबारी करना शुरू कर दिया। जवाबी कार्रवाई में सशस्त्र ग्रामीण स्वयंसेवकों ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए गोलीबारी शुरू कर दी। इस बीच गांव के एक स्वयंसेवक निंगथौंजम जेम्स सिंह को गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। इस घटना से आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

लोग अपनी-अपनी जान बचाने की कोशिश में लग गए। एक घंटे तक जारी रही इस गोलीबारी के लोग अवाक हैं। घटना के बाद से पूरे इलाके में सन्नाटा पसरा हुआ है, बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सब घरों में कैद हैं। पुलिस इलाके के आस-पास छानबीन कर रही है।

तलाशी अभियान जारी

शुक्रवार को थौबल जिले के पास स्थित ककचिंग जिले के पल्लेल की आरा मिल में आग लगा दी। पुलिस अधिकारियों बताया है कि, सूचना मिलते ही बचाव दस्ते को भेजा गया, लेकिन तब तक मिल जलकर खाक हो चुकी थी। पुलिस उन बदमाशों को ढूंढने में लगी हुई है।

म्यांमार में बिगड़ती स्थिति पर हमारी नजर: जायसवाल

नई दिल्ली। रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को कहा कि हम म्यांमार में, खासकर रखाइन में सुरक्षा स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। हमारे नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं।

जायसवाल ने कहा कि हमने सीजीआई (भारत के महावाणिज्य दूतावास) सिटवे में अपने कर्मचारियों को अस्थायी रूप से यांगून में स्थानांतरित कर दिया है। मांडले में हमारा वाणिज्य दूतावास पूरी तरह कार्यात्मक है। उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले हमने अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए एक एडवाइजरी जारी की थी ताकि वो म्यांमार यात्रा के लिए उचित सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन कर सकें।

ओलंपिक जाने से रोकना चाहते हैं डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष: विनेश

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत की दिग्गज महिला पहलवान बोलीं-डोपिंग की साजिश का डर

भारत की दिग्गज महिला पहलवान विनेश फोगाट ने शुक्रवार को भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह पर गंभीर आरोप लगाया है। विनेश का कहना है कि डब्ल्यूएफआई और उनके सहयोगी स्टाफ मान्यता पत्र जारी नहीं करके उन्हें हर हालत में ओलंपिक खेलने से रोकना चाहता है, जबकि महासंघ का दावा है कि समय सीमा खत्म होने के बाद विनेश ने आवेदन किया था।

विनेश ने अपने खिलाफ डोपिंग की साजिश रचे जाने की भी आशंका जताई। बता दें, विनेश अगले सप्ताह किर्गिस्तान के बिश्केक में होने वाले एशियाई क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के जरिए 50 किलो में ओलंपिक कोटा हासिल करना चाहती हैं। पटियाला में चयन ट्रायल में उन्होंने 53 किलोवर्ग में भी भाग लिया था, लेकिन सेमीफाइनल में हार गई थीं।

भारतीय कुश्ती संघ ने आरोपों को नकारा

डब्ल्यूएफआई के एक अधिकारी ने कहा कि विनेश के निजी कोच और फिजियो के साथ जाने में उन्हें कोई ऐतराज नहीं है, लेकिन प्रविष्टियां भेजने की समय सीमा निकल जाने के कारण अब उसे यूडब्ल्यूडब्ल्यू से खुद मान्यता पत्र लेना होगा। उन्होंने कहा- उनका ईमेल तदर्थ समिति और टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के सीईओ के ध्यानार्थ है। हालांकि, महासंघ को भी मार्क किया गया है।

उपलब्धि घायल जवान को चार घंटे में लद्दाख से पहुंचाया दिल्ली, सेना के रिसर्च रेफरल अस्पताल में की गई सर्जरी

सैनिक के कटे हाथ को वापस जोड़ने में मिली सफलता

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय सेना के एक जवान का हाथ मशीन चलाने के दौरान कट गया, जिसके बाद उन्हें रेस्क्यू कर रात में आईएएफ-सी 130 जे के जरिए लद्दाख से नई दिल्ली के अस्पलात में लाया गया। सेना के रिसर्च रेफरल (आर एंड आर) अस्पताल में उनकी सर्जरी की गई और उनके कटे हुए हाथ को वापस जोड़ दिया गया।

घटना बुधवार की है, उन्हें पहले लेह हवाई अड्डा पहुंचाया गया और फिर वहां से सुपर हर्क्यूल्स ने उन्हें एयरलिफ्ट कर दिल्ली के पालम हवाई अड्डे पर पहुंचाया। लेह से दिल्ली तक पहुंचाने में चार घंटे का समय लगा। भारतीय सेना और वायुसेना के बीच के समन्वय के कारण ही उनका ऑपरेशन सही समय पर हो गया। शुक्रवार को भारतीय वायुसेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस घटना का जिक्र किया।

इसके साथ ही उन्होंने घटना से जुड़ी कुछ तस्वीरें भी शेयर की। भारतीय वायुसेना ने पोस्ट में कहा, मशीन चलाने के दौरान भारतीय सेना के एक जवान का हाथ कट गया। उसे बचाने के लिए छह से आठ घंटे का समय दिया गया था। आईएएफ-सी 130 जे को एक घंटे के भीतर तैयार किया गया और जवान को सही समय पर दिल्ली के आर एंड आर अस्पताल में भेजा गया। भारतीय वायुसेना के एक अधिकारी ने बताया कि रात के समय सेना के जवान को एयरलिफ्ट किया गया। इस दौरान एनवीजी (नाईट विजन गोगल्स) का इस्तेमाल किया गया था। उन्होंने बताया कि घायल जवान को बचाना हमारे लिए बहुत ही कम समय था, लेकिन फिर वायुसेना की टीम ने होषला बनाए रखा और पर दिल्ली पहुंचने में सफलता पाई

दिल्ली के आर एंड आर अस्पताल में घायल जवान के साथ मौजूद चिकित्सकों की टीम।

चिकित्सकों ने की सर्जरी

वायुसेना ने कहा, रात में एनवीजी पर लद्दाख से अंधेरी रात में एयरलिफ्ट के कारण घायल जवान को सही समय पर उचित चिकित्सा मिली। मेडिकल टीम ने सफलतापूर्वक सर्जरी की। वायुसेना के अधिकारी एक्स पर पोस्ट पर कहा है कि, नाईट विजन गोगल्स का इस्तेमाल किया गया था, इसलिए कम समय में दिल्ली पहुंचे।

अमेरिका में कानून तोड़ने की सलाह दे रहा एआई चैटबॉट

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- लोगों ने इसे बंद करने की उठाई मांग, प्रशासन ने हटाने से किया इनकार

अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर प्रशासन ने छोटे उद्योगों की मदद के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित चैटबॉट तैयार किया। इसने व्यापारियों को कानून तोड़ने की सलाह दे डाली। इसके बाद लोगों ने इसे बंद करने की मांग की, लेकिन काउंसिल ने चैटबॉट को ना हटाने का फैसला किया है।

हालांकि मेयर एरिक एडम्स ने माना कि कुछ क्षेत्रों में चैटबॉट ने गलत सलाह दी। ये शहर के 'वन स्टॉप शॉप' सेवा के लिए अक्टूबर 2023 में लगाए गए थे। चैटबॉट ने एक सवाल के जवाब में कहा कि नियोक्ताओं को ऐसे कर्मचारियों को नौकरी से निकालने का कानूनन हक है, जो यौन शोषण के बारे में शिकायत

करते हैं। अपने गर्भवती होने की जानकारी नहीं देते या बाल काटने से इनकार करते हैं। न्यूयॉर्क विवि में 'सेंटर फॉर रिस्पॉन्सिबल एआई की निदेशक प्रोफेसर जूलिया स्तोयानोविच कहती हैं, सरकार बिना सोचे-समझे ऐसा सॉफ्टवेयर इस्तेमाल कर रही है, जिसके फायदे साबित नहीं हुए हैं। साफ है कि वे गंभीर नहीं हैं।